RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 291 ■ मुंबई, मंगलवार 13 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



आर्थिक और कूटनीतिक दबावों की जीत
पेज-4



यूपी के अफसरों की कार्यकुशलता के आधार पर होगी ग्रेडिंग : मुख्यमंत्री योगी
पेज-6



नारद जयंती पर शिव वास योग का संयोग
पेज-8



24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा
पेज-9

## Short News एक नजर

### IPL 17 मई से फिर शुरू होगा!

**मुंबई।** आईपीएल के 18वें सीजन के बाकी बचे मैचों का शेड्यूल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई द्वारा घोषित कर दिया गया है। आईपीएल 2025 को भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब सीजफायर का ऐलान हो गया है। आईपीएल 2025 के बाकी बचे मैच फिर से 17 मई से शुरू होगा और फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। इस सीजन 12 लीग मैच और फाइनल समेत प्लेऑफ्स के चार मैच बाकी हैं। पहले ये टूर्नामेंट 25 मई को समाप्त होना था। कोलकाता में फाइनल खेला जाना था, लेकिन अब ये टूर्नामेंट मई के आखिर तक चल सकता है और फाइनल का वेन्यू भी बदला जा सकता है।

### चीन ने कहा- पाकिस्तान को हथियार नहीं भेजे

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान हथियार भेजने की खबरों को झूठा बताया है। चीनी सेना ने सोमवार को उन खबरों पर आपत्ति जताई है, जिसमें दावा किया गया था कि चीन का सबसे बड़ा कार्गो प्लेन Xian Y-20 पाकिस्तान को हथियार भेज रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा गया है कि ये सभी दावे बिल्कुल झूठे और निराधार हैं। चीनी सेना ने इन अफवाहों को लेकर कई सोशल मीडिया पोस्ट्स के स्क्रीनशॉट भी साझा किए, जिन पर लाल रंग में 'अफवाह' लिखा गया था। इस बयान में चेतावनी दी गई है कि इंटरनेट कानून से परे नहीं है। जो भी सैन्य से जुड़ी अफवाहें फैलाएगा, उसे कानूनी जिम्मेदारी का सामना करना पड़ेगा।

### नौकरी से बर्खास्तगी का आदेश मृत्युदंड के समान : HC

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि नौकरी से बर्खास्तगी मृत्युदंड के समान है। सिर्फ कारण बताओ नोटिस के आधार पर किसी को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता। कोर्ट एक सरकारी कर्मचारी को नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान हाईकोर्ट ने आरोप पत्र या अनुशासनात्मक जांच के बिना बर्खास्त किए गए सरकारी कर्मचारी को बहाल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सेवा से बर्खास्तगी का आदेश मृत्युदंड के समान है, जिसे निर्दोष व्यक्तियों को दंडित होने से बचाने के लिए उचित जांच के बाद ही पारित किया जा सकता है।

भय बिनु होय न प्रीति

# पाकिस्तान का घमंड आसमां में चकनाचूर





**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत ने सोमवार को कहा कि उसके सभी सैन्य अड्डे और वायु रक्षा प्रणालियां लगातार एवं पूरी तरह से चालू हैं और जरूरत पड़ने पर किसी भी मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार हैं। नई दिल्ली में तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशंस ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेन्स की। प्रेस ब्रीफिंग में सेना ने कई ऐसे सबूत दिखाए जो साबित करते हैं कि कैसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के सामने पाकिस्तान का हर वार नाकाम साबित हुआ। भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती ने कहा कि भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली ने भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के हर प्रयास को विफल कर दिया।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक मुख्य बात आकाश जैसे स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों का शानदार प्रदर्शन रहा, जिसके एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली ने पाकिस्तान के सैन्य हमलों को विफल कर दिया। भारती ने कहा, ''हमारी लड़ाई आतंकी बुनियादी ढांचे और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करना चुना और संघर्ष को बढ़ाया।''





### पाकिस्तानी सेना ने फाइटर जेट्स का भी इस्तेमाल किया

प्रेस ब्रीफिंग शुरू होने से पहले जो वीडियो दिखाया गया उसकी शुरुआत में ही पाकिस्तान एयरफोर्स (पीएएफ) के मिराज फाइटर के टुकड़ों को देखा जा सकता है। एयर मार्शल भारती ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए गए थे। इसके अलावा पाकिस्तानी सेना ने फाइटर जेट्स का भी इस्तेमाल किया था, जिसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि आकाश समेत कई स्वदेशी मिसाइलों ने इसमें सुरक्षा कवच का रोल निभाया। जब प्रेस कॉन्फ्रेन्स खत्म हुई तो पत्रकारों के सवाल-जवाब के दौरान एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि ब्रीफिंग शुरू होने से पहले जो वीडियो दिखाया गया, उसमें रामधारी सिंह दिनकर की पंक्ति थी, उसके क्या मायने माने जाएं। इस पर एयर मार्शल भारती ने तुलसीदास के रामचरित मानस की एक चौपाई सुनाते हुए कहा, "विनय ना मानत जलध जड़ गए तीन दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय ना प्रीति।"

### आसमान में ही दुश्मन नष्ट

एक वीडियो भी साझा किया गया, जिसका शीर्षक था 'आसमान में ही दुश्मन नष्ट'। इस वीडियो में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के कई ऑपरेशनों की फुटेज दिखाई गई। वीडियो के एक हिस्से में सैन्य उपकरणों के मलबे जैसी दिखने वाली एक तस्वीर दिखाई गई। इस कोलाज पर कैप्शन था, 'पाकिस्तानी मिराज..चकनाचूर हो गया'।

### मिराज का मलबा दिखाया

खबरें आ रहीं थी कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मौजूदा संघर्ष के दौरान एक पाकिस्तानी मिराज फाइटर जेट को नष्ट कर दिया है। इस ब्रीफिंग में भारतीय सेना ने एक पाकिस्तानी मिराज लड़ाकू विमान का मलबा दिखाया, जिसे 7 मई को PoK में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुए जंग जैसे हालात के बीच नष्ट कर दिया गया था।

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा

## न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे; पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद PM मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और PoK पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को दो टूक लहजे में सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि भारत ने सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर स्थगित किया है, उसे बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले दिनों में उसकी स्थिति मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। साफ है कि पीएम ने पड़ोसी देश को यह संदेश दिया है कि यह पूर्ण विराम नहीं बल्कि अल्पविराम है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने पड़ोसी देश द्वारा आतंकियों को शह देने के सवाल पर कहा कि अगर पाकिस्तान को बचना है तो उसे अपने देश के अंदर आतंक के ठिकानों को खत्म करना ही होगा। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकती, टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चल सकता। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता। पीएम ने यह भी कहा कि कोई भी देश हमें न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में भारत का शक्तिशाली होना जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के लोग जिस तरह से आतंकियों को खाद पानी दे रहे हैं, वह एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। उन्होंने कहा कि आज हर आतंकी, आतंकी संगठन जान चुका है, सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है और 7 मई को पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।



> "यह युग युद्ध का नहीं है लेकिन इतना भी तय है कि यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद और बातचीत या ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति को पीएम मोदी का सीधा और साफ संदेश

पीएम ने कहा कि आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, जब राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत के मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकियों का हौसला थर्रा गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी भारत का स्पष्ट संदेश दे दिया है। कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता कराने की पेशकश करने वाले ट्रंप को पीएम मोदी ने साफ तौर पर यह कह दिया कि पाकिस्तान के साथ सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर ही चर्चा होगी। मैं आज विश्व समुदाय को भी कहूंगा कि हमारी नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही होगी, अगर पाकिस्तान से बात होगी तो POK पर ही होगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा है कि यह दौर युद्ध का नहीं है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को



पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी भी दी। पीएम मोदी ने कहा, "भारत की तीनों सेनाएं अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद अब ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर ने एक नई लकीर खींच दी है। अगर भारत पर हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं।

### कैसे हुआ सीजफायर

पाकिस्तान के साथ हुए सीजफायर को लेकर उठते सवालों का इशारों में जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पड़ोसी मुल्क के गिड़गिड़ाने के बाद भारत ने इस पर विचार किया। पीएम ने कहा, 'भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा। पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था। बुरी तरह पिटने के बाद इसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। आंतकियों को मौत के घाट उतार दिया था। पाकिस्तान के सीने में बसाए गए आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था।'

### पाकिस्तान के वादों, शर्तों के बाद विचार

पीएम ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद पर वादा किए जाने के बाद कार्रवाई को स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा, 'इसलिए पाकिस्तान की तरफ से जब गुहार लगाई गई, जब पाकिस्तान की तरफ से यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा तो भारत ने भी उस पर विचार किया।' पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को भारत ने अभी सिर्फ स्थगित किया है।

# आज 10वीं का रिजल्ट

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**





राज्य में कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित होने के बाद अब सबकी निगाहें 10वीं के परिणाम पर टिकी हैं। सभी को 10वीं कक्षा के परिणाम का बेसबरी से इंतजार है। इस बीच, महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नतीजे कब घोषित होंगे, इसे लेकर अपडेट सामने आया है। 10वीं कक्षा के परिणाम आज यानी 13 मई को घोषित किये जायेंगे। इस वर्ष 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने 10 वीं की परीक्षा दी है। इस परीक्षा के लिए राज्य के 23,492 माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसके बाद छात्रों के साथ-साथ अभिभावक भी नतीजों का इंतजार कर रहे थे, लेकिन यह इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं परीक्षा के परिणाम आज दोपहर 1 बजे आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। छात्र आज दोपहर एक बजे बोर्ड और अन्य वेबसाइटों पर अपना परिणाम देख सकेंगे। इसके बाद अंकतालिकाएं छात्रों को उनके संबंधित स्कूलों में वितरित कर दी जाएंगी।

# 32 एयरपोर्ट्स खुले, एयरलाइंस ने शुरू की बुकिंग

**तीन दिन में 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हुई थीं**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद सोमवार को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह 5:29 बजे तक बंद की गई थीं।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। इसमें बताया कि 15 मई तक बंद



32 एयरपोर्ट्स अब तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइट्स देखने के लिए कहा गया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने भी बॉर्डर इलाकों में जवाबी हमला किया। सिविल एविएशन मंत्रालय ने 10 मई को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स बंद करने का निर्देश जारी किया था। फ्लाइट बंद होने के कारण एयरलाइनों की तरफ से 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई थीं। कई एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों को फुल रिफंड या फ्लाइट रिशेड्यूल का ऑप्शन दिया था। भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई तक संघर्ष चला। 10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सीजफायर (संघर्ष विराम) की घोषणा की थी। इसके बाद पाक बॉर्डर से लगे भारतीय राज्यों में हालात सामान्य होने लगे।

# श्रेय लेने की दौड़ में फिर कूदे ट्रंप

**कहा- हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर श्रेय लेने की दौड़ में कूद पड़े हैं। उन्होंने कहा, हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के नेताओं का रुख हालात की गंभीरता को समझने में अडिग और प्रभावशाली रहा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने शांति बहाली में बड़ी भूमिका निभाई और साथ ही व्यापार को एक हथियार की तरह उपयोग किया। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत मदद की और व्यापार के जरिए भी मदद की। मैंने कहा- हम आप लोगों से बहुत ज्यादा व्यापार करने जा रहे हैं। अगर आप झगड़ा बंद करते हो, तो हम व्यापार करेंगे। ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे।

# एक युग का अंत! यूं ही कोई विराट कोहली नहीं बन जाता...


**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पहले रोहित शर्मा, अब विराट कोहली। 5 दिन में क्रिकेट के दो दिग्गजों का टेस्ट से संन्यास। ये भारतीय क्रिकेट के एक युग का अंत है। अब मैदान पर सफेद जर्सी में रो-को नहीं दिखेंगे। दोनों ने और खासकर विराट कोहली ने अपने संन्यास से भारतीय क्रिकेट में एक बड़ी लकीर खींच दी है। ऐसे वक्त में संन्यास लिया जब लगभग हर किसी की जुबां से यही निकल रहा है- इतनी भी क्या जल्दी थी।

**'संन्यास क्यों नहीं ले रहे' जैसा सवाल ही नहीं उठने दिया**

विराट कोहली 36 साल के हैं लेकिन उनकी फिटनेस, उनका एनर्जी लेवल, उनका जोश, उनकी फुर्ती, उनका जज्बा...सबकुछ ऐसा कि युवा से युवा क्रिकेटर भी शरमा जाए। टेस्ट की ही बात करें तो अभी उनमें काफी क्रिकेट बाकी थी। फिर भी विराट कोहली ने ऐसा किया जो भारत में बहुत ही दुर्लभ माना जाता है। शीर्ष पर रहते हुए संन्यास, न कि टीम पर बोझ बनकर कैरियर लंबा खींचने की कोशिश। 'अब संन्यास ले ही लो' की आवाज को उठने से पहले उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। कैरियर में कभी वह वक्त आने ही नहीं दिया कि लोग कहें 'संन्यास क्यों नहीं ले रहे'। लोग ये पूछेंगे, 'अभी संन्यास क्यों ले लिया।

विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने से उनके प्रशंसकों का दिल जरूर टूटा होगा। हर कोई उन्हें अभी खेलते देखना चाहता था। उनके बल्ले से और कीर्तिमान निकलते देखना चाहता था। शतक देखना चाहता था। 10 हजारी और 11 हजारी बनते देखना चाहता था। लेकिन किंग कोहली व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लालच में टीम पर बोझ बनना नहीं चुना। पिछली 10 टेस्ट पारियों में वह खास छाप नहीं छोड़ पाए थे, संभवतः इसलिए उन्होंने लाल रंग वाली क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 17, 6, 5, 3, 7, 11, 5, 100 नाबाद, 4 और 1 रन। ये टेस्ट क्रिकेट में उनकी पिछली 10 पारियां हैं।





**कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा-** टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे।

**कोहली ने लिखा- टेस्ट ने मेरी परीक्षा ली, जिंदगी के सबक सिखाए**

विराट ने लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दी और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा।

सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं।

जब मैं इस फॉरमेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सब कुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है।

मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट कैरियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।' उन्होंने आगे अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।

**BCCI ने पोस्टर शेयर किया, लिखा- थैंक यू**

BCCI ने विराट कोहली को थैंक यू कहा। बोर्ड ने लिखा - टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। उन्होंने टीम इंडिया के लिए जो योगदान किया, उसे हमेशा याद किया जाएगा।

**थैंक्यू किंग!**

अब विराट कोहली सफेद जर्सी में नहीं दिखेंगे। अब उनका जोशीला अंदाज नहीं दिखेगा। अब टेस्ट में उनका संकटमोचक अवतार नहीं दिखेगा। क्या जबरदस्त कैरियर है! थैंक्यू विराट कोहली! इंडियन क्रिकेट के किंग, शुक्रिया!

# UPI ठप होने से देशभर में यूजर्स रहे परेशान

## गूगल पे और फोनपे के पेमेंट अटके

**नई दिल्ली।** देशभर में (12 मई) यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी UPI सर्विसेस एकबार फिर डाउन हो गई। इसकी वजह से यूजर्स गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसी ऐप्स से पेमेंट नहीं कर पा रहे थे। पेमेंट करने में लोगों को परेशान होना पड़ा। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर ने बताया कि करीब शाम 5 बजे से यूपीआई में समस्या आनी शुरू हुई। शाम 7 बजे सबसे ज्यादा 913 शिकायतें दर्ज की गई थी। एक महीने के अंदर यह तीसरी बार है जब UPI सर्विसेस डाउन हो गई। हालांकि, देर शाम सर्विसेस ने काम करना शुरू कर दिया था।





**यूजर्स सोशल मीडिया पर कर रहे थे शिकायत**

डाउन डिटेक्टर के अनुसार, समस्या का सामना कर रहे करीब 31 फीसदी लोगों को पेमेंट करने में दिक्कत आई। जबकि 47 फीसदी लोगों को पैसे ट्रांसफर करने और 21 फीसदी लोगों को खरीदारी करने में समस्या का सामना करना पड़ा। देशभर में यूजर्स ने पेमेंट फेल होने या देरी से पेमेंट की शिकायत करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। पेटीएम ने यूजर्स को एक एरर मैसेज दिखाया, जिसमें कहा गया था कि ऐप में समस्याएं आ रही हैं, जबकि गूगल पे और फोनपे पर भी ऐसी ही समस्याएं बताई गईं।

# फिर साथ दिखे अजीत पवार और शरद पवार...




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई के यशवंत राव चव्हाण सेंटर में एक कार्यक्रम के दौरान अजित पवार और शरद पवार साथ दिखे। दोनों चाचा-भतीजा अगल-बगल बैठे हुए थे। इनके अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी कोऑपरेटिव बैंक के इस कार्यक्रम में शामिल थे। इसके बाद राजनीति गलियारों में चर्चा तेज हो चुकी है कि क्या शरद पवार की पार्टी की अजीत पवार की पार्टी में विलय हो जाएगी? हालांकि इस कार्यक्रम में सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम शिंदे के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे। पार्टी विलय की बात पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह बैंक का कार्यक्रम था। शरद पवार राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कृषि मंत्री रह चुके हैं, इसलिए वह आए। अजीत पवार राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं।

जिन लोगों को दोनों पवार के एक मंच पर आने से पेट में दर्द हो रहा है तो ऐसे लोगों के लिए हमने "बालासाहेब आपला दवाखाना" बनाया है। वो वहां जाएं।

### पहले भी मंच पर साथ दिखे चाचा भतीजे

शरद पवार और अजित पवार दोनों चाचा भतीजे हैं। उनके बीच भले ही राजनीतिक मतभेद रहे हों लेकिन हाल के वर्षों में कई बार सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। दोनों कई बार एक मंच पर साथ दिखाई दिए। पिछले महीने भी दोनों नेताओं को साथ देखा गया था। शरद पवार ने अजित पवार के छोटे बेटे जय पवार की सगाई समारोह में ने हिस्सा लिया था। यह कार्यक्रम पुणे में हुआ था। वहीं, रयत शिक्षण संस्था की बैठक में दोनों साथ दिखे थे। एक सप्ताह के भीतर उनकी दूसरी मुलाकात थी। इसके बाद दोनों के साथ आने की अटकलें तेज हो गई थीं। हालांकि, ऐसा कुछ हुआ नहीं।

## मुंबई विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**मुंबई।** मुंबई विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक विभागों,सभी संबद्ध कॉलेजों, स्वायत्त कॉलेजों और मान्यता प्राप्त संस्थानों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश कार्यक्रम की घोषणा मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप क्रियान्वित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार 13 मई से शुरू की जा रही है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अनुसूची के अनुसार, विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की नियमित कक्षाएं मंगलवार, 1 जुलाई से शुरू होंगी। सभी स्नातकोत्तर शैक्षणिक विभाग, संबद्ध कॉलेज, स्वायत्त कॉलेज और मान्यता प्राप्त संस्थान संबंधित अनुसूची के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया को लागू करें, ऐसा परीक्षा और मूल्यांकन बोर्ड के निदेशक डॉ. ने कहा।



## भिवंडी में आग का कहर — 22 गोदाम जलकर खाक, लाखों का नुकसान

**भिवंडी।** भिवंडी में सोमवार तड़के एक भीषण आग ने हाहाकार मचा दिया। वडपे गांव की सीमा में स्थित रिचलैंड कंपाउंड के औद्योगिक क्षेत्र में लगी इस आग में करीब 22 गोदाम जलकर खाक हो गए। आग इतनी विकराल थी कि धुएं का गुबार 8 से 10 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। ,प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह आग तड़के करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच लगी। इस कंपाउंड में केके इंडिया पेट्रोलियम स्पेशलिटीज़, कैनन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ब्राइट लाइफकेयर, होलीसोल और एबॉट हेल्थकेयर जैसी नामी कंपनियों के गोदाम थे।

### आग पर काबू पाना बेहद चुनौतीपूर्ण रहा

इसके अलावा एक बड़ा मंडप सजावट का गोदाम भी इस आग की चपेट में आ गया। इन गोदामों में रसायन, प्रिंटिंग मशीनें, इलेक्ट्रॉनिक सामान, हेल्थ सप्लीमेंट्स, कॉस्मेटिक उत्पाद, कपड़े, जूते, सजावट सामग्री और फर्नीचर का भारी मात्रा में भंडारण किया गया था, जिससे आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। आग बुझाने के लिए भिवंडी और कल्याण से दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकलकर्मी महेश पाटिल ने बताया,"हमें आग की सूचना रात करीब 3 बजे मिली। मौके पर पहुंचने पर देखा कि आग बहुत तेज़ी से फैल चुकी थी। केमिकल स्टोर होने के कारण आग पर काबू पाना बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।" करीब 1 लाख 20 हजार स्क्वायर फीट में फैले इस गोदाम क्षेत्र में आग ने लगभग हर कोना अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान जाने की सूचना नहीं मिली है, लेकिन लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। दमकल विभाग अभी भी आग के ठंडा होने तक निगरानी बनाए हुए है। घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## सैफ अली पर हमले के आरोपी की जमानत पर फैसला आज



**मुंबई।** मुंबई में बांद्रा की एक स्थानीय अदालत फिल्म अभिनेता सैफ अली खान (54) पर हुए हमले के आरोपी बंगलादेशी नागरिक की याचिका पर मंगलवार को आदेश पारित करेगी। आरोपी ने जेल से तत्काल अपनी रिहाई का आग्रह करते हुए दावा किया है कि पुलिस ने उसे गिरफ्तारी का कारण लिखित में नहीं दिया, जो कि अनिवार्य है।

बांद्रा में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पिछले हफ्ते दायर याचिका में मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद (30) ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी अवैध रूप से की गयी थी, जो कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 47 का उल्लंघन है। इस धारा के अनुसार बिना वारंट के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी को उस अपराध का पूरा विवरण बताना चाहिए जिसके लिए आरोपी को गिरफ्तार किया जा रहा है या गिरफ्तारी के अन्य आधारों का खुलासा करना चाहिए।

आरोपी ने याचिका में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के कई आदेशों का हवाला दिया है जिसमें कहा गया है कि कानून के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले उसे गिरफ्तारी के कारण और आधार बताना अनिवार्य है और इस अनिवार्य शर्तो का पालन न करने पर गिरफ्तारी अवैध हो जाती है।

## भाजपा ने भी शुरू किया कंटेनर कार्यालय

**महानगर संवाददाता**
**भायंदर**



मीरा-भायंदर शहर में इस वक्त कंटेनर शाखा की राजनीति गहराती जा रही है। शिवसेना द्वारा कंटेनर शाखा रखे जाने के बाद भाजपा भी इस दौड़ में शामिल हो गयी हैं। सोमवार को भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता द्वारा मनपा आयुक्त के निवास के बाहर कंटेनर रख कर उसका उद्घाटन किया गया। भाजपा के इस कंटेनर कार्यालय आंदोलन के वक्त वहां पर पुलिस प्रशासन का भारी बंदोबस्त किया गया था। इस कंटेनर कार्यालय के उद्घाटन के वक्त नरेंद्र मेहता ने कहा की हमारे मनपा आयुक्त काफी उद्धार दिल के हैं, इनकी सोच है की इस तरह के कंटेनर कार्यालय जगह-जगह पर रखें जाएं, जिससे जनता के काम जल्दी हो सके। हमने भी इसी आधार पर यहां पर कंटेनर कार्यालय की शुरुआत की है। मेहता के इस कंटेनर कार्यालय को शिवसेना के कंटेनर शाखा विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है। जिस तरह शहर में शिवसेना के कंटेनर शाखा रखी जा रही हैं , परन्तु मनपा किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं कर रही हैं उसी नाराजगी के चलते भाजपा ने यह कंटेनर कार्यालय शुरू किया है । जिस वक्त मनपा आयुक्त के निवास के बाहर कंटेनर रखा जा रहा था उस वक्त मनपा आयुक्त अपने निवास पर मौजूद नही थे। मिरा - भायंदर शहर में शिवसेना, भाजपा की इस कंटेनर जंग मे जल्द ही अन्य दलों के शामिल होने की भी बात कही जा रही हैं । वही शहर में इन कंटेनरों के वजह से इतना विवाद होने के बाद भी मनपा का मौन समझ से परे हैं । शहर में यह कंटेनर विवाद और भी बढ़ने की बात कही जा रही हैं वही शहर के लोगों का ध्यान अब मनपा आयुक्त की तरफ है की वह इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं ।

## रात के सन्नाटे में लूटपाट: बाइक सवार बदमाशों ने छीने दो मोबाइल

**भिवंडी।** भिवंडी तालुका के हाईवे दिवा क्षेत्र में रविवार रात बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक राह चलते व्यक्ति से दो मोबाइल फोन छीन लिए और फरार हो गए। यह वारदात रात करीब 9 बजे की है, जब पीड़ित गणपत उदय सिंह (43), जो डोंबिवली पश्चिम के निवासी हैं, पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल के बंगले से लगभग 300 मीटर आगे जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार,बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक पीछे से आए। पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारते हुए उनकी शर्ट की जेब से दोनों मोबाइल फोन निकाल लिए और उन्हें धमकाते हुए तेजी से ठाणे की दिशा में फरार हो गए। लूट की इस घटना से इलाके में असुरक्षा का माहौल बन गया है। पीड़ित ने बताया कि बाइक चला रहा युवक दुबला-पतला था और उसने लाल रंग की फुल-स्लीव शर्ट पहन रखी थी। पीछे बैठा युवक मजबूत शरीर वाला था, जिसकी ऊंचाई करीब 5 फुट 7 इंच थी। उसने धारीदार टी-शर्ट और ग्रे रंग की पैंट पहनी थी तथा उसके बाल घुंघराले थे। पीड़ित इतनी तेजी से हुई वारदात में बाइक का नंबर देख नहीं पाए।लूटे गए दोनों मोबाइल की कीमत लगभग 5,500 रुपए बताई गई है। घटना की शिकायत मिलने पर नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## 'नागरिकों को पेड़ लगाने और रखरखाव पर ध्यान देना चाहिए'

**मुंबई।** बढ़ते तापमान को देखते हुए गर्मी से बचने के लिए शहर में अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने नागरिको के सहभाग से अधिक से अधिक नगरीय वन आधारित उद्यानों के विकास पर बल की जरूरत बताया। जिससे अगले पांच वर्षों में मुंबई जैसे शहरी क्षेत्रों के तापमान को तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक कम करने में मदद मिल सकती है।



### मुंबई का पहला पर्यावरण अनुकूल मलजल शुद्धिकरण प्रकल्प

शेलार अंधेरी पूर्व में मरोल में सामूहिक प्रयासों से विकसित किया गया महातपस्वी आचार्य महाश्रमण जी उद्यान का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह एक आदर्श उदाहरण है। मनपा और मरोल इंडस्ट्रियल एस्टेट के सहयोग से 3.5 एकड़ क्षेत्र में यह उद्यान विकसित किया गया है। इस उद्यान में मलजल शुद्धिकरण परियोजना के तहत प्राकृतिक तरीके से स्वच्छ किए गए जल का उपयोग पेड़-पौधों की सिंचाई में किया जा रहा है। यह मुंबई का पहला पर्यावरण अनुकूल मलजल शुद्धिकरण प्रकल्प है, जिसे मात्र एक वर्ष में पूर्ण किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत स्थानीय देशी प्रजातियों के लगभग 10,000 पेड़ लगाए गए हैं, जिनमें बांस,बकुल, आम जैसी प्रजातियां शामिल हैं। एक अध्ययन के अनुसार,वृक्षारोपण के कारण इस क्षेत्र के तापमान में वर्षभर में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

## नालासोपारा से शातिर चोर गिरफ्तार

**नालासोपारा।** तुलिंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए घरों में चोरी करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने चोरी की गई वस्तुओं को बरामद करते हुए कुल चार अपराधों का खुलासा किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 6 मई को प्रगतिनगर, नालासोपारा (पूर्व) स्थित शिवपूजा अपार्टमेंट में यासीन हाबिद बिस्वास के घर में अज्ञात आरोपियों ने पीछे की खिड़की और बाथरूम की ग्रिल तोड़कर घर में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में तुलिंज पुलिस स्टेशन में धारा 305 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव के मार्गदर्शन में, अपराध का पता लगाने वाली शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक सुनील पवार और उनकी टीम ने मामले की जांच शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सुनील कुमार अखिलेश राय नामक आरोपी को नालासोपारा पूर्व इलाके से हिरासत में लिया।

## फायर इंजन खरीदी में करोड़ों का घोटाला



**मुंबई।** मनपा प्रशासन के फायर विभाग द्वारा 68 मीटर ऊंची टर्नटेबल सीढ़ियों की फायर इंजन की खरीद में घोटाले की आशंका जताई जा रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि एक कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए निविदा प्रक्रिया के मानदंडों में बदलाव किया गया है। मानदंडों में किये गए बदलाव से अन्य कंपनियां बाहर हो गई। इससे करोड़ों रुपये के घोटाले की संभावना व्यक्त की जा रही है। मुंबई फायर ब्रिगेड आधुनिक उपकरण खरीद रही है। इस खरीदारी के दौरान कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर शर्तों में ढील दी जा रही है। जिससे प्रतिस्पर्धा नहीं हो रही और मनपा को आर्थिक नुकसान हो रहा है। टर्नटेबल सीढ़ी बनाने वाली मॅजिरस जीएमबीएच कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए 68 मीटर ऊंचाई की एकाधिकार निविदा जारी की गई है, जबकि यह उत्पाद केवल यही कंपनी बनाती है। लेकिन इस तरह की दूसरी अन्य कंपनियां भ्ही है जो इस तरह की सीढ़ी बनाती है। एक साल पहले इसी कंपनी से 68 मीटर सीढ़ी खरीदने की कोशिश की गई थी, लेकिन एकाधिकार निविदा पर सवाल उठने के बाद 64 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई की सीढ़ियां बनाने वाली कंपनियों को भी निविदा में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। अब फिर से मापदंड बदलकर मॅजिरस को ही लाभ पहुंचाया जा रहा है। मॅजिरस ने पहले एक सीढ़ी की कीमत 11 करोड़ रुपए बताई थी,लेकिन अब बिना प्रतिस्पर्धा के यह कीमत 18 करोड़ रुपए कर दी गई है। इस तरह एक सीढ़ी पर 7 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। चार सीढ़ियों के लिए पहले 44 करोड़ रुपए खर्च आने थे जो अब बढ़कर 72 करोड़ रुपए हो गया है।

## कूपर अस्पताल में अग्नि सुरक्षा को लेकर खड़ा किया जा रहा सवाल

**मुंबई।** विलेपार्ले स्थित कूपर अस्पताल में बार-बार हो रहे शॉर्ट सर्किट से कारण मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। अस्पताल की पुरानी विद्युत प्रणाली और बढ़ते विद्युत भार के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में की गई जांच में पाया गया कि अस्पताल में लगाए गए कई इलेक्ट्रिकल उपकरण अधिक गर्म होकर जल चुके हैं और कुछ उपकरणों में गंभीर तकनीकी खामियां पाई गई हैं। जांच में यह भी पाया गया कि स्विचगियर बहुत पुराने हो चुके हैं और समय-समय पर हुए शॉर्ट सर्किट से कई स्विचगियर जलकर खराब हो गए हैं।



### डॉक्टर, नर्सें, कर्मचारी और मरीजों में भय का माहौल

जिससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, बल्कि बड़ी आग लगने की भी आशंका जताई जा रही है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है और जानमाल का भी नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस स्थिति से अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर, नर्सें, कर्मचारी और इलाज के लिए आने वाले मरीजों में भय का माहौल बना हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने इस समस्या का समाधान निकालते हुए विद्युत प्रणाली को पूरी तरह से दुरुस्त करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ओपीडी, वॉर्ड और अन्य विभागों में नई स्विच प्रणाली स्थापित की जाएगी। जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस काम के लिए प्रशासन द्वारा 94 लाख रुपये का बजट तय किया गया है। कूपर अस्पताल में गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए कई अत्याधुनिक विभाग शुरू किए गए है। अस्पताल में 21 शस्त्रक्रिया गृह, शरीर विकृति विज्ञान विभाग, एक्स-रे, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्तकोष, कैथ लैब और एचबीओटी जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा व विधायक रवि राणा को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी मिली है. उन्होंने खार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस को धमकी भरे कॉल के बारे में बताया है. राणा के पीए ने पुष्टि करते हुए कहा है कि दोनों को जान से मारने की धमकी मिली है और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पाकिस्तान से कॉल करने वाले ने कहा, 'हमारे पास तुम्हारी सारी जानकारी है. तुम हिंदू शेरनी हो. तुम बस कुछ दिनों की मेहमान हो. हम तुम्हें मार देंगे. न तो सिंदूर बचेगा और न ही इसे लगाने वाला.' इस धमकी ने राणा की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है. इसी तरह की धमकी उनके पति और विधायक रवि राणा के मोबाइल फोन पर भी दी गई. पाकिस्तान से अलग-अलग नंबर से फोन आए हैं. वहीं, पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है. नवनीत राणा को यह धमकी अंतरराष्ट्रीय स्तर से मिली थी इसलिए मुंबई पुलिस को केंद्रीय अधिकारियों से मदद लेनी पड़ सकती है. पिछले साल भी नवनीत राणा को पाकिस्तान से धमकियां मिली थीं. उनके वॉट्सऐप नंबर पर एक क्लिप भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई. दो दिन पहले नवनीत राणा ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पर हुए एक्शन को लेकर पीएम मोदी की तारीफ की थी। अपने बयान में उन्होंने कहा था।

## कंपनी में सुरक्षा चूक से 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

### ठेकेदार पर मामला दर्ज

**भिवंडी।** भिवंडी तालुका के सरवली क्षेत्र स्थित न्यू एम्पायर कंपनी में काम के दौरान एक गंभीर लापरवाही के चलते 20 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान अवनीश धीरज पटेल के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद कंपनी के ठेकेदार बबलू फुलंद यादव के खिलाफ कोनगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 24 फरवरी 2025 को दोपहर करीब 3:30 बजे घटी। जब अवनीश पटेल कंपनी परिसर में कार्यरत था, तभी सुरक्षा के पर्याप्त साधन न होने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता धीरज बाबूनारायण पटेल ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बेटे को काम के दौरान कोई सुरक्षा सुविधा नहीं दी गई थी। पिता का आरोप है कि ठेकेदार बबलू यादव, जो वांगणी पश्चिम के वीर सावरकर नगर, अंबरनाथ का निवासी हैं, ने सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया, जिससे उनके बेटे की जान चली गई।

## भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए 'गणेश विद्या महायज्ञ'



**नवी मुंबई।** भारत की वर्तमान चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से राष्ट्र की रक्षा हो और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त हो, इसी उद्देश्य से 'अंतर योग फाउंडेशन' द्वारा यह भव्य 'गणेश विद्या महायज्ञ' कार्यक्रम 11 मई को सिडको एग्ज़ीबिशन सेंटर, नवी मुंबई में आयोजित किया गया। आचार्य उपेंद्रजी ने कहा, "वर्तमान परिस्थितियों के संकेत हमें दो वर्ष पूर्व ही मिल चुके थे, जिसके बाद हमने उपयुक्त आध्यात्मिक उपाय प्रारंभ किए और उसी के परिणामस्वरूप भारत को शक्ति प्राप्त होती दिख रही है।" आचार्यजी द्वारा रचित 'गणेश अथर्वशीर्ष – विश्लेषण सहित' और 'ज्ञानमोती' ग्रंथ का विमोचन इस अवसर पर संपन्न हुआ, जो गणेश साहित्य में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे दिन चले इस उत्सव में:5 करोड़ गणेश बीज मंत्रों का जाप, 2 लाख व्यक्तिगत साधनाएँ पूर्ण की गईं।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**ठाणे।** ठाणे में कपूरबावड़ी ब्रिज के पास एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने सोमवार को बताया कि रविवार को ट्रक अनियंत्रित होकर दोपहिया वाहन से टकरा गया। इस घटना में स्कूटर सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही, पुलिस, यातायात कर्मियों और एम्बुलेंस सेवाओं सहित आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत मौके पर पहुंच गए। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। यहां के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों ने ट्रक चालक की पहचान करने और उसे पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं, जो टक्कर के बाद घटनास्थल से फरार है।

## मानसून में कहीं भारी न पड़ जाये नालासोपारा के लोगों को मनपा की लापरवाही

**महानगर संवाददाता**
**नालासोपारा**

राज्य में मानसून मई के अंत या फिर जून में दस्तक दे सकता है,वसई - विरार मनपा के अधिकारी अभी कुम्भकरण की नींद में हैं। वसई-विरार में मॉनसून के दौरान होने वाली जलभराव की समस्याओं को लेकर मनपा ने शहर में जल निकासी के लिए गटरों का निर्माण और सड़क की ऊंचाई पानी की पाइपलाइन बिछाने से लेकर गुजरात गैसलाइन और सीवेज लाइन के काम ने शहर की सड़कों को छलनी कर दिया है। इन कार्यों से आने वाले दिनों में जनता को कितना फायदा होगा,यह पता नहीं,लेकिन फिलहाल इससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।




### स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा

मॉनसून से पहले इन कामों के दौरान धूल-मिट्टी से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश के कारण स्लम क्षेत्र में कचरा फैल गया है, जगह-जगह कीचड़ और जलजमाव हो गया। जिससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। इस के कचरे के चलते वाहन चालकों को भी असुविधा हो रही है और स्थानीय लोगों ने कचरे को तुरंत हटाने की मांग की है।

### गटरों को बड़ा कर रही है मनपा

बता दें कि वसई-विरार में बारिश के दौरान निचले इलाकों में पानी न भरे, इसके लिए मनपा ने गटर को बड़ा करने और सड़कों की ऊंचाई बढ़ाने का काम शुरू किया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की व्यस्तता और ठेकेदार के ढुलमुल रवैये के चलते काम काफी धीमी गति से चला। सड़क पर कंक्रीट डालने के बाद लगभग 4 महीने तक धूल और मिट्टी उड़ती रही। इसके अलावा, लोगों को ट्रैफिक जाम का भी सामना करना पड़ा। इसी तरह,गटरों का निर्माण कार्य मॉनसून से पहले होना था, लेकिन अधूरा है। इससे बारिश के समय जनता के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है। जगह-जगह गटर खुले पड़े हैं। सड़कों के किनारे मिट्टी व कीचड़ जमा है,जो परेशानी के साथ हादसों का कारण वना हुआ है। खासकर बच्चों,महिलाओं और वुजुर्गों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। बावसत पाड़ा, लास्ट स्टॉप एवर शाइन चौकी के सामने,अलकापुरी आदि जगहों पर अधूरा काम जानलेवा हो सकता है। एडवकेट राहुल सिंह ने आरोप लगाया कि मनपा के सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ सकती है। शहर में घटिया मटीरियल से काम किया जा रहा है। इन कामों से शहर में और परेशानी बढ़ने वाली है। चोरगे ने कहा कि जिन जगहों पर सड़कों की ऊंचाई बढ़ाई गई है, वहां आस-पास की सोसायटीज में भारी जलभराव का संकट पैदा हो गया है। सारी सोसायटीज सड़क और गटर से एक से डेढ़ फीट नीचे हो गई हैं। इस पूरे मामले में विभाग के संबंधित अधिकारी को कॉल किया तो उन्हों ने कोई जवाब नहीं दिया ।

# सीएम फडणवीस को प्रॉक्सी वॉर का अंदेशा

## सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने की अधिकारियों संग बैठक

महानगर संवाददाता
मुंबई

भारत और पाकिस्तान ने युद्ध विराम की घोषणा कर दी है, फिर भी खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना सीमा पर काम कर रही हैं। इस बीच, सरकार यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है कि राज्य की सीमाएं सुरक्षित रहें। महाराष्ट्र की सीमा गुजरात से लगती है। यहां से पाकिस्तान की सीमा नजदीक है। इसके अलावा, भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई भी खतरे में है। इसलिए राज्य सरकार ने आज सेना की तीनों शाखाओं के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में सोमवार मुंबई स्थित 'वर्षा' निवास पर बैठक हुई। बैठक में भारतीय सेना के महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा डिवीजनों के कमांडिंग जनरल

### • मुंबई की सुरक्षा को लेकर अहम चर्चा



ऑफिसर कमांडिंग, भारतीय नौसेना के महाराष्ट्र नौसेना डिवीजन के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल के साथ महाराष्ट्र के डीजीपी, गृह एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार शामिल हुए। इस अवसर पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नागरिक सुरक्षा को लेकर आज वर्षा निवास पर बैठक हुई। भारत और पाकिस्तान के बीच इस समय तनाव है और इस युद्ध जैसी स्थिति में महाराष्ट्र सरकार के विभिन्न विभागों की एक बैठक आयोजित की गई।

### मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार

सेना अधिकारियों के साथ भी बैठक हुई। इस बैठक में, वर्तमान स्थिती में हमें और क्या करने की आवश्यकता है? इसको लेकर बातचीत हुई. सीएम ने आगे कहा कि इस बात पर भी विस्तृत चर्चा हुई कि हमें भविष्य में किस प्रकार से सतर्क रहना चाहिए। इसके साथ ही इस समय सेना हमसे क्या अपेक्षा रखती है।
सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पाकिस्तान भी जानता है कि वह भारत से युद्ध नहीं जीत सकता। इसलिए, वह युद्ध शुरू करके आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने की कोशिश करते हैं। मुंबई देश की वित्तीय राजधानी है। इसलिए मुंबई संवेदनशील है। जिसको लेकर इसकी सुरक्षा बड़ा दी गई है। इस बैठक को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई को लगातार निशाना बनाया जा रहा है,



इसलिए इस पर नजर रखना जरूरी है। मैं सीमा पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तीनों सेनाओं को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत को परेशान करना बंद कर देना चाहिए और अपने स्तर पर काम करना चाहिए।

# दुश्मन देश की कंपनी को मुंबई में काम नहीं दिया जा सकता

महानगर संवाददाता
मुंबई

पाकिस्तान का समर्थन और भारत के खिलाफ लड़ाई में हथियार सप्लाई करने वाले तुर्किए के खिलाफ देश भर में आक्रोश है। इसी क्रम में एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना ने मुंबई एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टॉफ हैंडिलिंग कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शिवसेना ने तुर्किए की इस कंपनी Celebi NAS पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया। यह कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ हैंडलिंग का काम करती है।
यह कंपनी खासकर उन छोटी एयरलाइंस के लिए काम करती है,जिनका अपना ग्राउंड स्टाफ नहीं है। इनमें अकासा एयरलाइन, तार्किस एयरलाइन और कई अन्य विदेशी एयरलाइंस शामिल हैं। इस कंपनी के खिलाफ आंदोलन कर रहे शिवसेना के विधायकों व अन्य नेताओं का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ तुर्किए ने खुलेआम पाकिस्तान को अपना समर्थन दिया है। ऐसे में यह देश अब भारत का दुश्मन देश बन गया है। ऐसे दुश्मन देश की कंपनी को मुंबई जो देश की आर्थिक राजधानी वाले दोनों एयरपोर्ट पर काम नहीं दिया जा सकता। वैसे भी तुर्किए की यह कंपनी कई एयरलाइंस के लिए यहां ग्राउंड स्टाफ हैंडलिंग का काम कर रही है। यह किसी भी हाल में देशहित में नहीं है। शिवसेना के मुताबिक इनकी मानसिकता पाकिस्तानी है ये धोखा देने वाली प्रवृति है।

### शिंदे गुट ने एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टॉफ हैंडिलिंग कंपनी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन




### 10 का दिया अल्टीमेटम

इस दौरान शिवसेना के विधायक और नेता एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों से मिलने एयरपोर्ट के अंदर भी गए और लिखित तौर पर अपनी मांग रखी। इसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया। चेतावनी दी कि इन 10 दिनों में तुर्किए की इस कंपनी का कांट्रेक्ट रद्द नहीं किया गया तो पूरे महाराष्ट्र में शिवसेना का उग्र प्रदर्शन होगा तथा चक्का जाम किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में शिवसेना विधायक मुरजी काका पटेल, विधायक मंगेश कुडालकर और विभाग प्रमुख कुणाल सरमलकर समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान देश की सुरक्षा से समझौता नहीं चलेगा और विदेशी कंपनियों का दखल बंद करो के नारे लगाए।

# व्यापारी से GST में 4.5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

## पुलिस ने शुरू की जांच

**ठाणे।** ठाणे शहर के एक 60 वर्षीय व्यवसायी से 4.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि व्यवसायी से जीएसटी का भुगतान नहीं करके धोखाधड़ी की गई है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. फिलहाल पुलिस ने शिकायत पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि एक व्यापारी से 4.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोपी द्वारा व्यापारी की कंपनी के माध्यम से लेनदेन किया गया और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान नहीं किया गया. व्यापारी की शिकायत




के आधार पर पुलिस ने सलमान नाम के आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी अधिनियम की धाराओं 318(4) (धोखाधड़ी), 336 (जालसाजी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है. आरोपी ने दिसंबर 2024 में शिकायतकर्ता की कंपनी को खरीदने की पेशकश की और उसकी फर्म के दस्तावेज, उसका जीएसटी नंबर और पासवर्ड हासिल कर लिया।

## गोरेगांव में फेरीवालों के खिलाफ सड़क पर उतरे नागरिक

# मनपा चुनाव का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

**मुंबई।** गोरेगांव के नागरिक निवारा क्षेत्र में सड़कों और फुटपाथों पर अवैध फेरीवालों और टपरीवालों का कब्जा लगातार बढ़ता जा रहा है,जिससे स्थानीय रहवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सारस्वत बैंक ट्रैफिक सिग्नल से लेकर दिंडोशी मनपा चौकी तक के फुटपाथ पर पूरी तरह से अवैध फेरीवालों का कब्जा हो गया है। फेरीवालों के विरोध में स्थानीय नागरिक सड़क पर उतरकर मनपा के खिलाफ नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि यदि समय रहते अवैध फेरीवालों को नहीं हटाया गया तो वह मुंबई महापालिका चुनावों का बहिष्कार करेंगे।
मुंबई हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए



हैं कि सड़कों और फुटपाथ को फेरीवालों से मुक्त किया जाए। कोर्ट के आदेशों की भी मनपा द्वारा अनदेखी की जा रही है। गोरेगांव क्षेत्र के नागरिकों का आरोप है कि अवैध फेरीवाले, टपरियां और अवैध पार्किंग के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मछली बाजार के विक्रेता कचरा गटर में फेंक रहे हैं। जिससे क्षेत्र में बदबू फैल रही है और नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ रहा है। इलाके में अवैध रूप से पार्क रहने वाली गाड़ियों में कुछ लोग शराब पीते पाए गए हैं इससे कानून और व्यवस्था की स्थिति भी खराब हो रही है। निवारा सामाजिक सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष अरुण आव्हाड ने बताया कि मनपा और पुलिस को कई बार शिकायत की है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह भी कहा कि निष्क्रिय अधिकारियों का 'निष्क्रिय अधिकारी विथ सेल्फी' के माध्यम से सार्वजनिक रूप से विरोध किया जाएगा। साद प्रतिसाद संस्था के सचिव संदीप सावंत ने आरोप लगाया कि मनपा के वार्ड अधिकारी नागरिकों की शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे फेरीवालों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

# दोनों राकांपा के विलय का कोई प्रस्ताव नहीं: प्रफुल्ल पटेल

महानगर संवाददाता
मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को कहा कि राकांपा के दोनों गुटों के विलय का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री पटेल ने कहा, "इस पर केवल मीडिया में चर्चा हो रही है और इस पर अपना व्यक्तिगत विचार व्यक्त करना उचित नहीं है।" उन्होंने कहा, "हम पार्टी के भीतर सभी प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे और अगर उस चर्चा में कुछ सामने आता है, तब उस पर बात करना सही होगा।"
राकांपा का विभाजन दो जुलाई, 2023 को हुआ था, जब श्री पवार कई अन्य पार्टी नेताओं के साथ अपने चाचा शरद पवार के नेतृत्व



वाली राकांपा से अलग हो गए और महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शिवसेना गठबंधन में शामिल हो गए। दोनों पक्षों के बीच हाथ मिलाने की अटकलों को कुछ दिन पहले बल मिला था, जब राकांपा(शप) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि ऐसा कोई भी निर्णय अगली पीढ़ी के नेताओं, जैसे कि उनकी बेटी बारामती की सांसद सुप्रिया सुले द्वारा लिया जाएगा।

## बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना पड़ा भारी

# बनवाने के बाद स्थिति जानने के लिए उड़ाया था ड्रोन

**मुंबई।** पवई इलाके में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने के आरोप में पुलिस ने एक 23 वर्षीय युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई मुंबई पुलिस आयुक्त द्वारा जारी उस आदेश के उल्लंघन के तहत की गई है,जिसमें शहर में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते सुरक्षा कारणों से लगाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार,12 मई की रात 12:30 बजे मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली, जिसमें सूचित किया गया कि साकी विहार रोड स्थित सोलारिस परिसर में एक ड्रोन गिरा है। सूचना मिलते ही पवई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कॉलर से विस्तृत जानकारी



प्राप्त की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह ड्रोन अंकित ठाकुर नामक युवक द्वारा उड़ाया जा रहा था। अंकित की उम्र 23 वर्ष है और वह मूल रूप से हैदराबाद का निवासी है,लेकिन वर्तमान में पवई में रह रहा है। पुलिस ने मौके से अंकित और ड्रोन को हिरासत में लिया और आगे की पूछताछ के लिए थाने ले गई। पूछताछ में अंकित ने बताया कि उसने यह ड्रोन एक साल पहले खरीदा था,लेकिन वह कुछ समय पहले खराब हो गया था। हाल ही में उसने इसे मरम्मत करवाया और उसकी जांच के लिए वह उसे उड़ाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान ड्रोन में तकनीकी खराबी आ गई और वह दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे गिर गया। अंकित ने यह भी स्वीकार किया कि उसने ड्रोन उड़ाने के लिए किसी प्रकार की सरकारी अनुमति नहीं ली थी, जिससे वह मुंबई पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। इसके आधार पर पवई पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना के पीछे कोई और उद्देश्य तो नहीं था। सुरक्षा एजेंसियां भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

# कम दाम में प्लॉट देने का झांसा, आरोपी गिरफ्तार

## 15 दिन की पुलिस कस्टडी

**नवी मुंबई।** कम दाम में प्लॉट देने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले इंफ्राटेक लैंड्स कंपनी के मालिक किसन राठौड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय ने आरोपी को 15 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में अब तक करीब 80 लाख रुपये की ठगी सामने आई है, लेकिन आशंका है कि यह आंकड़ा करोड़ों में हो सकता है।
पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे भी इस ठगी का शिकार हुए हैं, तो आगे आकर शिकायत दर्ज कराएं ताकि आरोपी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई के केईएम अस्पताल में कार्यरत एक महिला ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसने टीवी पर इंफ्राटेक लैंड्स का विज्ञापन देखा था, जिसमें 'सपनों का घर' मात्र 2 लाख रुपये प्रति कुंठा में देने की बात कही गई थी। बुकिंग का पता बेलापुर सेक्टर 11 के पुजीत प्लाज़ा स्थित कार्यालय नंबर 505 बताया गया था। महिला और उसके पति ने कार्यालय जाकर बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की। कंपनी के एक कर्मचारी ने उन्हें चिर्ले जंक्शन के पास विंधने गांव की जमीन दिखाई, लेकिन जमीन दलदली बताकर वापस लाया गया।

# श्मशानभूमि में नई वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने का निर्णय

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने घाटकोपर पश्चिम वर्षानगर स्थित हिंदू श्मशानभूमि में नई वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह प्रणाली आगामी एक महीने के भीतर काम करने लगेगी। इस नई प्रणाली से घाटकोपर क्षेत्र के नागरिकों को प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि श्मशानभूमि में पारंपरिक तरीके से लकड़ी का उपयोग कर अंतिम संस्कार किया जाता है, जिससे भारी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है। धुएं से आसपास के क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ता है। स्थानीय नागरिकों को सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर नागरिकों ने मुंबई मनपा के घाटकोपर एन वार्ड



में शिकायतें भी दर्ज कराई थीं। मनपा प्रशासन ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अत्याधुनिक वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली लगाने का निर्णय लिया है। इस कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसे एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा। निविदा प्रकिया पूरा होने के बाद सिस्टम की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिसे छह महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। अनुमान है कि दिवाली तक नागरिकों को इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुंबई शहर और उपनगरों में कुल 72 हिंदू श्मशानभूमियां हैं। जिनमें से 52 मनपा के अधीन है और 20 निजी हैं। सभी श्मशानभूमियों में परंपरागत तरीके से ही अंतिम संस्कार होते हैं। मनपा प्रशासन ने निर्णय लिया है कि इन सभी स्थानों की वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों की जांच की जाएगी और यदि किसी प्रणाली में खामी पाई जाती है तो उसे तुरंत बदला जाएगा।

यह सैंसिटिव इश्यू है

# संसद का विशेष सत्र बुलाने पर बोले शरद पवार

**मुंबई।** भारत पाकिस्तान और के बीच सीजफायर और भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विपक्ष के कई नेता सरकार से संसद के विशेष सत्र की मांग कर चुके हैं. वहीं इस बीच विशेष सत्र की मांग को लेकर एनसीपी शरदचंद्र पवार के प्रमुख और दिग्गज नेता शरद पवार का बयान सामने आया है। साथ ही उन्होंने अमेरिका के हस्तक्षेप पर भी सवाल उठाए हैं। शरद पवार ने ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने पर कहा, मैं इसके खिलाफ नहीं, लेकिन यह सेंसिटिव इश्यू है। इसके



बारे में सब कुछ बताना संभव नहीं। ऐसे में आर्म्ड फोर्स के लोग बुलाकर विपक्ष को सब कुछ बताते हैं, लेकिन कुछ बात काफी कॉन्फिडेंशियल होती हैं इसलिए विशेष सत्र बुलाने के में खिलाफ नहीं लेकिन बेहतर यह होगा कि सभी को एक साथ बुलाकर बिठाया जाए और क्या हुआ है इसके बारे में जानकारी दी जाए।

# 'भारतीय सेना के बारे में गलतफहमी फैलाने वाले उबाठा सांसद की जांच हो'

महानगर संवाददाता
ठाणे

ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना की वीरता के बारे में लोगों के बीच गलतफहमी फैलाने वाले उबाठा सांसद संजय राऊत और अरविंद सावंत की जांच हो। इसके साथ ही उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला भी दर्ज किया जाये। इस प्रकार की मांग शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने की है। भारतीय सेना की कार्रवाई के बारे में शंका व्यक्त करने वाले संजय राऊत और अरविंद सावंत इन दोनों सांसदों के मुंह से पाकिस्तानी भाषा निकल रही है। वे पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता बन गये हैं। इस प्रकार की



कड़ी टिप्पणी सांसद म्हस्के ने की है। वे ठाणे में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।
सांसद म्हस्के ने आगे कहा कि भारतीय सेना की कार्रवाई पर पिछले दो दिनों से सांसद संजय राऊत और अरविंद सावंत संशयास्पद स्थिति निर्माण कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना,पाकिस्तानी नेताओं की भाषा राऊत और सावंत के मुंह से निकल रही है। 'गिरे तो भी टांग ऊपर' यह किसको उद्देशित कर कहा गया? इस प्रकार का दो टूक सवाल सांसद म्हस्के ने अरविंद सावंत से पूछा है। भारतीय एयरफोर्ट पूरी तरह से मुस्तैद और सक्षम है वह सिर्फ आदेश का इंतजार कर रही है। 'गिरे तो भी टांग ऊपर' जैसी टिप्पणी करना क्या भारतीय एयरफोर्ट का अपमान नहीं है? अरविंद सावंत को अपने इस बयान पर फौरन सफाई देनी चाहिए। इस प्रकार की चेतावनी सांसद म्हस्के ने दी है। भारती सेना हिंदुस्तान की सेना है।

### देश के सभी नागरिकों को कड़ी निंदा करनी चाहिए

भारतीय सेना के बारे में राऊत और सावंत द्वारा दिये गये बयान की देश के सभी नागरिक को कड़ी निंदा करनी चाहिए। इस प्रकार की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि 1971 में भारत ने पाकिस्तान पर जीत प्राप्त की थी। उस वक्त पाकिस्तानी समाचार पत्रों ने पाकिस्तान जीता, ऐसी घोषणा पाकिस्तानी सेना द्वारा की जा रही थी। उन समाचार पत्रों की प्रतियां सांसद म्हस्के ने इस दौरान पेश की।

# श्री सिद्धिविनायक मंदिर में मनाई गई पुष्टिपति विनायक जयंती

**मुंबई।** श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास-प्रभादेवी,मुंबई में पुष्टिपति विनायक जयंती पूरे विधि-विधान से मनाई गई। पुष्टिपति विनायक जयंती प्रतिवर्ष वैशाख पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। ज्ञात हो कि भगवान श्री गणेश के कुल तीन अवतार माने गए हैं। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास की ओर से इन तीनों अवतारों की जयंती मनाई जाती है। भगवान गणेश का पहला अवतार वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ,जिसे पुष्टिपति विनायक जयंती के रूप में मनाया जाता है। दूसरा अवतार,भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है,जहां पार्थिव



गणेश की पूजा की जाती है और तीसरे अवतार की जयंती माघ शुक्ल चतुर्थी को मनाने की परंपरा है। इस वर्ष पुष्टिपति विनायक जयंती सोमवार 12 मई को मनाई गई। इस दौरान भगवान श्री सिद्धिविनायक का विशेष पूजन-हवन ट्रस्ट की तरफ़ से कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी के द्वारा किया गया और भगवान का नाम स्मरण करते हुए पालकी के साथ प्रदक्षिणा की गई।

# आस्था को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य साइबर विभाग,राज्य में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध की जांच के लिए एक प्रमुख प्राधिकरण है, जिसने हाल ही में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले डिजिटल सामग्री के प्रसार के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सायबर विभाग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर आपत्तिजनक सामग्री पर नजर रखते हुए ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करता है। महाराष्ट्र सायबर विभाग ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196, 294, 299 और आईटी अधिनियम 2000 की धाराएं 67 और 67(अ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला उन डिजिटल पोस्ट से जुड़ा



है,जिनमें हिंदू देवियों के अश्लील और आपत्तिजनक चित्रण किए गए थे। ये सामग्री ट्विटर, फेसबुक, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और अश्लील वेबसाइटों पर प्रसारित की जा रही थी। तकनीकी जांच के बाद, एक 39 वर्षीय व्यक्ति को इंदौर, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। वह बीकॉम से ग्रेज्युएट है और वर्तमान में चार्टर्ड अकाउंट्स की पढ़ाई कर रहा है। आरोपी ने एक फर्जी ट्विटर अकाउंट के माध्यम से हिंदू देवी का आपत्तिजनक चित्र साझा किया था, जिससे धार्मिक भावनाएं भड़क सकती थीं। आरोपी को 13 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।
उसके मोबाइल की डिजिटल फोरेंसिक जांच के दौरान छह और ट्विटर अकाउंट्स का पता चला, जो इसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री साझा कर रहे थे। इन सभी खातों को मिलाकर कुल सात फर्जी अकाउंट्स की पहचान हुई है। महाराष्ट्र साइबर विभाग ने स्पष्ट किया है कि वह धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले और समाज में अशांति फैलाने वाले किसी भी डिजिटल कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घाटकोपर होर्डिंग दुर्घटना के एक साल बाद भी नहीं बना पाई पॉलिसी

**मुंबई।** घाटकोपर में 13 मई 2024 को हुई विशाल होर्डिंग दुर्घटना को आज एक वर्ष पूरा हुआ है। इस हादसे में 17 लोगों की मौत और 80 से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के बाद मुंबई महानगरपालिका ने नई होर्डिंग नीति तैयार करने का निर्णय लिया और उसका मसौदा भी तैयार किया। मनपा के होर्डिंग पॉलिसी में डिजिटल समेत सभी प्रकार के होर्डिंग्स नियमों को शामिल किया गया था। एक साल बीत जाने के बाद भी यह नीति सिर्फ कागजों पर ही सीमित है। इस स्थिति को देखते हुए राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने यह सवाल उठाया है कि



क्या महानगरपालिका को इस घटना की गंभीरता का एहसास है या नहीं। मुंबई महानगरपालिका की मौजूदा होर्डिंग नीति वर्ष 2008 में लागू की गई थी और तब से इसमें कोई खास बदलाव नहीं किया गया । कोर्ट ने भी महानगरपालिका को नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए थे। वर्ष 2017 में प्रशासन ने नई नीति तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी और इसे राज्य सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। राज्य सरकार ने कुछ संशोधन सुझाकर नीति वापस भेज दी थी। कोविड-19 महामारी के दौरान यह प्रक्रिया ठप हो गई।

### मनपा आयुक्त ने कोई जवाब नहीं दिया

घाटकोपर दुर्घटना के बाद महानगरपालिका ने नई नीति तैयार करने के लिए मनपा अतिरिक्त आयुक्त (शहर) की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई। समिति से मिले सुझावों को मसौदे में शामिल किया गया और मुंबई वासियों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए। जिसके बाद अगस्त 2024 में नीति का मसौदा तैयार हुआ। जो आज तक लागू नहीं किया गया है,क्योंकि आयुक्त की अंतिम मंजूरी नहीं मिल सकी है। इस संबंध में जब मनपा आयुक्त भूषण गगराणी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उपायुक्त चंदा जाधव से भी प्रतिक्रिया नहीं मिली।
मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष रवि राजा ने कहा कि घाटकोपर हादसे के बाद नई होर्डिंग नीति तैयार करने की बात की गई थी और इसके लिए नागरिकों से सुझाव भी मांगे गए थे। लेकिन अब तक इसे लागू क्यों नहीं किया गया यह सवाल आयुक्त से पूछा जाना चाहिए। रवि राजा ने यह भी सवाल उठाया कि क्या मनपा को इस हादसे की गंभीरता का कोई एहसास है। वॉच डॉग फाउंडेशन के ट्रस्टी गोडफ्रे पिमेंटा ने भी नई नीति पर महानगरपालिका की आलोचना करते हुए कहा कि यदि नीति को लागू नहीं किया गया है तो यह दिखाता है कि प्रशासन गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने सुझाव दिया था कि दो होर्डिंग्स के बीच पर्याप्त दूरी होनी चाहिए और 40 बाय 40 फीट से बड़े होर्डिंग नहीं होने चाहिए, लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

# IMF का ऋण या मानवता पर निवेशित बारूद?

जिस समय दुनियां आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने का दिखावा कर रही है, उसी समय एक जिम्मेदार अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं आतंकवाद के सबसे बड़े पोषक को आर्थिक ऑक्सीजन दे रही हैं। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने पाकिस्तान को जो $2.4 बिलियन का ऋण जो स्वीकृत किया है, वह उस "राक्षस" को फिर से जीवित करने जैसा है जिसने न सिर्फ दक्षिण एशिया बल्कि पूरे विश्व की शांति को कई बार निगलने का प्रयास किया है क्योंकि हकीकत यह है कि पाकिस्तान को दिया गया 2.4 बिलियन डॉलर का ऋण महज एक आर्थिक पैकेज नहीं बल्कि आतंक को जिंदा रखने वाली ऑक्सीजन है। अभी पूरी दुनियां आतंकवाद से जूझ रही है। मासूम नागरिक आत्मघाती हमलों में मर रहे हैं, देश की सीमाएं अशांत हैं और सभ्यताएं घायल हैं। ऐसे समय में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने ऐसा निर्णय ले लिया है जो इतिहास के पन्नों में मानवता के सबसे खतरनाक फैसलों में गिना जाएगा। पाकिस्तानः अब 'देश' नहीं, एक आतंकवादी प्रयोगशाला जिसे दुनिया "पाकिस्तान" कहती है, अब वह इतना नापाक हो चुका है कि अब पूरी दुनियां उसे 'आतंकिस्तान' के नाम से जानने लगी है। साथ ही, यह उस कड़वी सच्चाई है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, भारत, अफगानिस्तान, ईरान और स्वयं पाकिस्तान के नागरिक तक दशकों से यह भुगत रहे हैं। यह वही पाकिस्तान है जहाँ अमरीका के वर्ड ट्रेड सेंटर पर हमला करवाने वाला ओसामा बिन लादेन को सेना की छावनी से कुछ मीटर की दूरी पर शरण मिली थी। जहाँ हाफिज सईद जैसे UN घोषित आतंकी को चुनावी दंगों में मंच पर बुलाये जाते हैं। जहाँ मसूद अजहर के आतंकी शिविर वहाँ की सरकार की सहमति से चलाए जाते हैं। इस देश की सीमाओं के भीतर आतंकियों को आश्रय, प्रशिक्षण और वित्तीय सहयोग खुलेआम दिया जा रहा है। हाफिज सईद, मसूद अजहर, दाऊद इब्राहिम, सैयद सलाउद्दीन जैसे कुख्यात आतंकी वहीं मौज कर रहे हैं जिसके आतंकी कारनामों से आज पूरी दुनियाँ जूझ रही है। यहाँ उसे न सिर्फ संरक्षण मिला हुआ है बल्कि सरकार समर्थित सारी सुविधाएं, सुरक्षा बल और संसाधन भी उपलब्ध कराये गये हैं। यह वही मुल्क है जहाँ मस्जिदों और मदरसों की आड़ में आतंकी शिविर चलाए जाते हैं। जहाँ सीमा पार आतंकवाद को विदेश नीति का अंग बना दिया गया है। जहाँ से निकलने वाले आत्मघाती हमलावरों ने अफगानिस्तान, भारत, ईरान और यहाँ तक कि अमेरिका तक को लहूलुहान किया है। साथ ही, आज इस देश के अंदर राजनीति, सेना और धार्मिक उग्रवाद का ऐसा त्रिकोण बन चुका है जिसने इसे एक 'आतंकी राष्ट्र' के रूप में परिभाषित कर दिया है। आज इस देश की नीतियों में यदि किसी शब्द की सबसे अधिक आवृत्ति हो रही है, तो वह है "जिहाद"। यह जिहाद शब्द आज न तो आत्मशुद्धि के लिए है और न ही सच्चाई के लिए, बल्कि यह निर्दोषों की हत्या, अल्पसंख्यकों के दमन, और लोकतांत्रिक मूल्यों के विनाश का सिर्फ एक औजार है। कश्मीर घाटी में हो रहे सिलसिलेवार हमले, अफगानिस्तान में तालिबानी कब्जा, भारत के खिलाफ दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क का इस्तेमाल, इज़राइल और ईरान के खिलाफ आतंकी योजनाएं, इन सबकी जड़ें रावलपिंडी के सैन्य ठिकानों यानि देश की सेना मुख्यालय से जुड़ी हैं, जो पूरी दुनियाँ से आज छुपी नहीं है। IMF द्वारा पाकिस्तान को $7 बिलियन के कार्यक्रम के तहत दिए गए $1 बिलियन और जलवायु लचीलापन सुविधा (RSF) के तहत $1.4 बिलियन मिलाकर कुल $2.4 बिलियन की सहायता अब वैश्विक प्रश्न बन चुकी है क्योंकि IMF ने पाकिस्तान को यह राशि उस समय दे दी है जब उस देश की अर्थव्यवस्था पूर्णतः चरमरा चुकी है। वहाँ की सरकार किसी का कर्ज चुकाने में असमर्थ है, मुद्रास्फीति आसमान पर है और वहाँ के आम नागरिक दो जून की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में IMF द्वारा सहयोग किया गया आखिर यह धन कहाँ जाएगा, यह बड़ा प्रश्न है। क्या इस बात की कोई गारंटी है कि इस धन का उपयोग वहाँ की आम जनता की भूख, शिक्षा या स्वास्थ्य पर खर्च किया जाएगा जो IMF के सिद्धांतों के अनुकूल है ? इसका एक ही जवाब है, नहीं, क्योंकि इतिहास गवाह है – पिछली बार भी जब जब पाकिस्तान को IMF, वर्ल्ड बैंक या मित्र देशों से ऋण मिला, उसका उपयोग हुआ : वहाँ का रक्षा बजट बढ़ाने में, कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में, अफगान बॉर्डर पर तालिबान को सहायता देने में और आतंकी संगठनों को हथियार मुहैया कराने में। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा दिया जा रहा यह ऋण 'आर्थिक मदद' नहीं, बल्कि 'आतंक का पुनर्जीवन पत्र' बन गया है क्योंकि ऐसे देश को किसी प्रकार की वित्तीय मदद देना उस शरीर को पुनर्जीवित करना है जिसकी नसों में खून नहीं, सिर्फ बारूद बहता है। आज IMF का यह ऋण अब केवल आर्थिक नहीं, नैतिक और वैश्विक सुरक्षा का भी बड़ा प्रश्न बन चुका है क्योंकि इस तरह से खुलेआम आतंकियों को आपने घर में पालने बाले देश को आर्थिक सहायता पहुंचाना, आज ठीक उसी तरह है जैसे किसी आगजनी के आरोपी के हाथों में माचिस और पेट्रोल सौंप देना होता है। यह प्रश्न अब तात्कालिक नहीं, बल्कि अनिवार्य हो गया है कि क्या एक ऐसे देश को परमाणु हथियार रखने की अनुमति दी जानी चाहिए जिसने खुद को आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाह बना रखा है? इस देश का परमाणु भंडार यदि कभी आतंकी हाथों में आ गया, तो यह मानवता के इतिहास में सबसे बड़ा विनाशक क्षण होगा। क्या संयुक्त राष्ट्र और G7 देशों की आँखें तब भी बंद ही रहेंगी? आज यह परमाणु अस्त्र महज एक सैन्य हथियार नहीं बल्कि एक मानवता-विनाशक उपकरण हैं । पाकिस्तान आज दुनिया का सबसे अनिश्चित परमाणु शक्ति-संपन्न राष्ट्र है। जहां सरकार और सेना के बीच संघर्ष, सेना और मौलवियों के बीच गठबंधन, और ISI तथा आतंकवादियों के बीच तालमेल – यह सब किसी भी दिन एक बड़ी वैश्विक संकट को जन्म दे सकती है। साथ ही इस देश की राजनीतिक अस्थिरता, कट्टरपंथी संगठनों की घुसपैठ और सैन्य-धार्मिक गठजोड़ को देखते हुए यह खतरा अत्यंत वास्तविक है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*रूखा-सूखा भी नहीं, बंद कर दिया नीर*
*धोने के लाले पड़े, धोवे कहां शरीर*
*धोवे कहां शरीर, मिसाइल, ड्रोन तुम्हारे*
*भारत की सेना ने देखो चुन-चुन मारे*
*कह सुरेश कविराय कुटिल, कायर, ठग झूठा*
*मिमिया रहा मुनीर, नहीं है रूखा-सूखा*

# प्रधानमंत्री मोदी की युद्ध योजना का कमाल

**भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पोषित आतंक के अड्डों पर सटीक और जबरदस्त प्रहार किए। महज चार दिन में ही पाकिस्तान ने भारत के सामने घुटने टेक दिए। पीएम मोदी की अगुवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। अगर लोग मारे गए होते, तो पाकिस्तान ने गंभीर शपथ ली होती। लेकिन अब उसके पास वह मौका नहीं है।**




भारत और पाकिस्तान के बीच बीते दिनों में सैन्य तनाव अपने चरम पर पहुंच गया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंक के अड्डों पर सटीक और जबरदस्त प्रहार किए। यह ऑपरेशन 7 मई की सुबह प्रारंभ हुआ और 10 मई तक भारतीय वायुसेना और थलसेना ने पाकिस्तान में कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाकर व्यापक नुकसान पहुंचाया। अमेरिका की मध्यस्थता से संघर्षविराम लागू किया गया, जिसने फिलहाल दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच टकराव को टाल दिया है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी की युद्ध योजना सटीक थी कि चार दिन में ही घुटने टेक दिए पाकिस्तान ने। हालाँकि भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों पर हमला नहीं किया। यह एक युद्ध था और पाकिस्तान युद्ध हार गया। ऐसा पहले भी साढ़े तीन बार हो चुका है, लेकिन अब कहना होगा कि यह ज्यादा प्रभावी और सटीक हमला था। मोदी की सटीक भविष्यवाणियां हैं जिसने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया। वास्तव में, यह युद्ध पारंपरिक अर्थों में नहीं था, बल्कि यह भारत द्वारा पाकिस्तान को पाकिस्तान के नापाक इरादों को नष्ट करने के इरादे से सिखाया गया एक सबक था। पहलगाम में, पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पर्यटकों पर क्रूर हमले किए और उनमें से कई को उनके कपड़े उतारकर मार डाला। वे नहीं आए और उन्हें गोली मार दी गई। मोदी ने ठान लिया था कि इन आतंकियों को सबक सिखाएंगे और इसे लागू करेंगे। अगर इस जगह नेहरू या कांग्रेस की सरकार होती, तो वह विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला भेज रही होती। लेकिन यह मोदी और नेहरू या कांग्रेस के बीच एक गुणात्मक अंतर है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार जानती है कि उसे क्या चाहिए और वह जानती भी है कि उसे क्या चाहिए। नतीजतन मोदी की लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। लेकिन यहां मोदी की लोकप्रियता का कोई सवाल ही नहीं था। भारत की निर्दोष बहनों की हत्या का बदला लेना जरूरी था, जिन्होंने अपनी कुंवारी उम्र खो दी थी और मोदी ने यही किया। इसलिए, यह मोदी ही थे जिन्होंने इस ऑपरेशन को सही नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया। विपक्ष अब भारत को ज्ञान सिखा रहा है कि भारत ने युद्ध क्यों नहीं किया और उसे पाकिस्तान को पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहिए था। अगर ऐसा होता, तो वही विपक्ष कहता कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान के लोगों को मार दिया। इसलिए मोदी चुप रहे और उन्होंने अपना बदला भी लिया और महिलाओं को न्याय भी दिया। यह जानते हुए कि पाकिस्तान को पाकिस्तान की किसी भी गलती का शिकार नहीं होना चाहिए, मोदी ने अब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। अगर लोग मारे गए होते, तो पाकिस्तान ने गंभीर शपथ ली होती। यह भौंरा होता। लेकिन अब उसके पास वह मौका नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह किया है। इस बीच मसूद अजहर के परिवार की हत्या कर दी गई है। यह मसूद अजहर वही है जिसने कंधार में विमान अपहरण मामले में भारतीयों को बंधक बनाकर रखा और उनकी सहिष्णुता का अंत देखा। उनके परिवार के नौ सदस्य मारे गए हैं, जबकि एक अन्य आतंकवादी अब्दुल रऊफ भी ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया है। यह युद्ध नहीं था, बल्कि पाकिस्तान को उसकी जबरदस्त आक्रामकता की सजा थी। आतंकवादी शायद यह सबक भूल गए होंगे। अब, यह भारत में कांग्रेस सरकार नहीं है, बल्कि मोदी की भाजपा की सरकार है और यह हमें थोड़ी सी गलती के लिए प्रायश्चित देती है। भारत को पाकिस्तान के युद्धविराम पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि अगर पाकिस्तान ने अब से कुछ भी गलत किया तो इसका मतलब होगा कि उसने भारत के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है। इससे सिंधु जल संधि के निलंबन की व्यवस्था पहले से ही हो चुकी है। मोदी ने सिंधु जल संधि के निलंबन की व्यवस्था की है। इससे पाकिस्तान के नाक और मुंह में पानी चला गया है, जो पानी की कमी के कारण उसकी खेती को सुखा देगा। और कई आर्थिक उपाय किए गए हैं जो पाकिस्तान के जीवन को मुश्किल बना देंगे। गलत का एहसास करना जरूरी था और मोदी ने यह किया है। भारत ने इस ऑपरेशन में आतंकी कैंपों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया था। यह सफलता बहुत बड़ी है। भारत ने कहीं भी लोगों की रक्षा नहीं की है। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने अपने ही लोगों को बचाकर भारतीय सेना पर हमला किया। लेकिन ये सभी हमले विफल रहे। अब पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखा दिया गया है कि वह कुछ सालों तक उससे मुंह नहीं मोड़ पाएगा। न सिर्फ पाकिस्तान की गतिविधियों पर रोक लगेगी, बल्कि भारत अब पहलगाम नरसंहार को अंजाम देने वाले आतंकियों को मारने पर ध्यान देगा। क्योंकि यह भारत का घाव है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी भाग गए हैं। जब तक उन्हें दंडित नहीं किया जाता तब तक भारत का बदला अपर्याप्त होगा। अब पाकिस्तान शांति की शिक्षाओं को याद कर रहा है। पाकिस्तान के दैनिक 'द डॉन' ने सलाह की खुराक दी है कि युद्ध कैसे गलत है। लेकिन किसने पहले शुरू किया और पाकिस्तान इतने लंबे समय से ऐसा ही कर रहा है। अब पाकिस्तान को भारत से वैसी ही या उससे भी कठोर प्रतिक्रिया मिल रही है। यदि आप शांति चाहते हैं, तो आपको मजबूत होना होगा। कमजोरों की पुकार पर कोई जवाब नहीं देता। भारत ने इसे साबित कर दिया है। हालांकि, पाकिस्तान ने बार-बार साबित किया है कि वह अभी भी नहीं सुधर रहा है। उसने संघर्ष विराम के बाद भी गोलीबारी जारी रखी है। पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में आ रहा है और कई घरों को नुकसान पहुंचा है। कुछ जगहों पर लोगों की मौत भी हुई है। पाकिस्तान किसी भी सूरत में सुलह की बात नहीं समझता। वह बर्बादी की भाषा समझता है। अगर ऐसा होता है तो भारत अब उसी तरह से जवाब देगा। मोदी ने पाकिस्तान को सबक सिखाया है, लेकिन अगर पाकिस्तान इसे नहीं समझता है तो पाकिस्तान को व्यापक हमले की बात करनी पड़ेगी। पाकिस्तान का खनन कार्य अभी भी जारी है। अगर वो नहीं रुके तो भारत को आखिरी झटका भुगतना पड़ेगा।

**– अशोक भाटिया**

# आर्थिक और कूटनीतिक दबावों की जीत

दस मई 2025 को दक्षिण एशिया के दो परमाणु हथियार संपन्न पड़ोसियों, भारत और पाकिस्तान, ने चार दिन की तीव्र सैन्य झड़पों के बाद पूर्ण और तत्काल युद्धविराम की घोषणा की। यह युद्धविराम, जो नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मिसाइल हमलों और ड्रोन युद्ध तक बढ़ चुका था, न केवल दोनों देशों की सैन्य रणनीतियों को दर्शाता है, बल्कि वैश्विक कूटनीति और आर्थिक दबावों की एक जटिल कहानी भी बयान करता है। इस लेख में हम इस युद्धविराम के पीछे के तथ्यों, अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप, और इसके दीर्घकालिक प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। पिछले महीने भारतीय नियंत्रित कश्मीर में एक घातक आतंकी हमले ने दोनों देशों के बीच तनाव को फिर से भड़का दिया। यह हमला हिमालय की सुरम्य घाटी कश्मीर पर दशकों पुराने विवाद का हिस्सा था जो भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजन के बाद से अनसुलझा रहा है। बुधवार, 6 मई 2025 को शुरू हुई झड़पें जल्द ही हवाई हमलों और ड्रोन युद्ध में तब्दील हो गईं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों पर हमले किए, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता की आशंका बढ़ गई। यह पहली बार था जब दोनों देशों ने बड़े पैमाने पर ड्रोन का उपयोग किया जिसने भविष्य के युद्धों के लिए नए आयाम खोल दिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 मई 2025 को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान ने अमेरिका की मध्यस्थता में "पूर्ण और तत्काल युद्धविराम" पर सहमति जताई है। ट्रंप ने दोनों देशों की "विवेक और महान बुद्धिमत्ता" की सराहना की हालांकि, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के सैन्य महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत से हुआ, जो शनिवार दोपहर 3:35 बजे शुरू हुई और शाम 5 बजे से लागू हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी सोशल मीडिया पर युद्धविराम की पुष्टि की और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ अपनी बातचीत को "आश्वस्त करने वाला" बताया। यह स्पष्ट है कि युद्धविराम में अमेरिका की भूमिका थी लेकिन भारत और पाकिस्तान दोनों ने इसे अपनी कूटनीतिक जीत के



रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की। मिश्री ने संकेत दिया कि दोनों देशों के सैन्य महानिदेशक सोमवार को फिर से बात करेंगे, जिससे यह युद्धविराम अस्थायी लगता है। युद्धविराम के पीछे केवल भारत और पाकिस्तान की इच्छा नहीं थी; इसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भूमिका थी। सऊदी अरब, कतर, और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी देशों ने दोनों पक्षों के साथ राजनयिक बातचीत की। ये देश जो भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, तनाव को कम करने के लिए सक्रिय थे। गुरुवार को सऊदी और अन्य खाड़ी राजनयिक दोनों देशों के नेताओं से मिले। अमेरिका, हालांकि अब भारत-पाकिस्तान विवाद में सीधे मध्यस्थता से बचता है, ने भी अपनी भूमिका निभाई। मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से बात की और "गलत अनुमान" से बचने की सलाह दी। अमेरिका का ध्यान अब चीन को नियंत्रित करने और इंडो-पैसिफिक रणनीति पर है, लेकिन दक्षिण एशिया में अस्थिरता उसके हितों के लिए खतरा है। चीन, जिसे पाकिस्तान अपना "लौह भाई" कहता है, ने भी युद्धविराम में अप्रत्यक्ष भूमिका निभाई। चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (CPEC) में उसका 60 अरब डॉलर से अधिक का निवेश अस्थिर क्षेत्रों से होकर गुजरता है। तनाव बढ़ने से चीनी परियोजनाएँ खतरे में पड़ सकती थीं, इसलिए बीजिंग ने पाकिस्तान को संयम बरतने का संदेश दिया। युद्धविराम का सबसे बड़ा कारण सैन्य रणनीति से अधिक आर्थिक दबाव था। पाकिस्तान, जो मुद्रास्फीति, ऊर्जा संकट, और कमज़ोर कर आधार से जूझ रहा है, 9 मई 2025 को आईएमएफ से 1.1 अरब डॉलर की राशि प्राप्त करने में सफल रहा। यह 7 अरब डॉलर के बेलआउट का हिस्सा था। लेकिन इस पैसे के साथ शर्तें थींः सब्सिडी में कटौती, कर सुधार, और सबसे महत्वपूर्ण, युद्ध से बचना। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) की निगरानी ने भी पाकिस्तान पर दबाव डाला। 2022 में ग्रे लिस्ट से हटने के बावजूद, आतंकवाद-निरोधी वित्तपोषण में कोई चूक प्रतिबंधों की वापसी कर सकती थी। सऊदी अरब और यूएई, जो पहले पाकिस्तान को आसानी से नकदी देते थे, अब सुधारों की माँग करते हैं। ये देश भारत को एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में देखते हैं, जिससे पाकिस्तान पर दबाव और बढ़ता है। भारत भी आर्थिक गणित से अछूता नहीं है। ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत और वैश्विक निवेशकों की नज़रों में स्थिरता बनाए रखने की ज़रूरत ने भारत को संयमित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रेरित किया। भारत ने 2019 के बालाकोट हमले की तरह लक्षित कार्रवाइयों का सहारा लिया लेकिन इसे व्यापक युद्ध में नहीं बदलने दिया। इस संघर्ष में कई अन्य देशों की भूमिका भी उभरकर सामने आई। तुर्की और कतर ने पाकिस्तान को समर्थन दिया, लेकिन उनका प्रभाव सीमित था। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन ने पाकिस्तान के पक्ष में बयान दिए जबकि कतर ने ऊर्जा और सैन्य सहयोग की पेशकश की। हालांकि, ये समर्थन प्रतीकात्मक थे और आर्थिक दबावों के सामने अप्रभावी। इज़राइल, हालांकि आधिकारिक तौर पर इस कथा में अनुपस्थित, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा। भारत के ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताएँ, और स्मार्ट हथियारों में इज़राइली तकनीक की भूमिका थी। यह साझेदारी भारत को सैन्य बढ़त देती है और इज़राइल को एक बड़ा गैर-अरब बाज़ार। रूस, जो कभी भारत का अटल सहयोगी था, अब तटस्थ है। यह दोनों देशों को हथियार बेचता है और मध्यस्थता की पेशकश करता है लेकिन पक्ष नहीं चुनता। ईरान और अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के लिए जटिलताएँ बढ़ाईं। तालिबान के सत्ता में लौटने से पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर टीटीपी उग्रवादियों को पनाह मिली जबकि ईरान ने बलूचिस्तान में मिसाइल हमले किए।

**– जयसिंह रावत**

# भरोसे से पहले ज़रूरी है सतर्कता

आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) न सिर्फ हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन चुकी है बल्कि अब यह हमारे निर्णयों, कामकाज और सोचने के तरीकों को भी प्रभावित कर रहा है। तकनीक की यह क्रांति अपने साथ अनगिनत संभावनाएं लेकर आई है—चाहे वो कोडिंग हो, रिपोर्ट लेखन, मेडिकल रिसर्च या फिर कानूनी सलाह। लेकिन जितना स्मार्ट यह सिस्टम बनता जा रहा है, उतना ही खतरनाक भी होता जा रहा है। एआई की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह हमेशा सही नहीं होता। तकनीकी शब्दों में कहें तो जब एआई बिना किसी ठोस तथ्य के खुद से जानकारी गढ़ लेता है, तो उसे हैलूसिनेशन कहा जाता है। यह कोई सामान्य तकनीकी खामी नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है—खासतौर पर तब जब इसका उपयोग संवेदनशील क्षेत्रों जैसे मेडिकल रिपोर्ट, कोर्ट केस या बिज़नेस एनालिटिक्स में किया जाए। ऐसे में एक छोटी सी गलती भी किसी की सेहत, न्याय या आर्थिक भविष्य को खतरे में डाल सकती है। हाल ही में ऐसी ही एक घटना कर्सर नामक एक प्रोग्रामिंग टूल कंपनी में सामने आई। उनके एआई सपोर्ट बोट ने ग्राहकों को गलत जानकारी दी कि अब यह टूल केवल एक कंप्यूटर पर ही चलाया जा सकता है जबकि कंपनी की कोई ऐसी पॉलिसी नहीं थी। नतीजतन, कई ग्राहकों ने नाराज़ होकर अपने अकाउंट्स कैंसिल कर दिए। बाद में कंपनी को सफाई देनी पड़ी कि यह एक "एआई बोट की हैलूसिनेशन" थी। यह मामला दिखाता है कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जहां एआई न केवल सहायता करता है बल्कि गलत दिशा भी दिखा सकता है। गूगल जैमिनी, चैट जीपीटी और बिंग जैसे एआई टूल्स लाखों यूज़र्स की समस्याओं का समाधान करते हैं लेकिन उनमें भी गलतियां आम बात हैं। एक शोध के अनुसार, कुछ एआई मॉडल्स ने 79% मामलों में गलत जानकारी दी। ये आंकड़े सिर्फ तकनीकी चेतावनी नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चिंता का विषय भी हैं। एआई की गलतियों का प्रभाव तब और गंभीर हो जाता है जब ये हमारे सामाजिक, कानूनी या स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करता है। उदाहरण के लिए, अगर कोई डॉक्टर एआई के सुझाव पर भरोसा कर गलत दवा लिख दे या कोई वकील एआई से प्राप्त गलत केस लॉ के आधार पर दलील पेश करे, तो परिणाम जानलेवा या अन्यायपूर्ण हो सकते हैं। इसलिए, एआई को किसी भी निर्णय का अंतिम स्रोत मानना घातक हो सकता है। आज हम जिस डिजिटल युग में जी रहे हैं, वहां जानकारी ही शक्ति है। लेकिन अगर यह जानकारी गलत है, तो यह शक्ति विनाशकारी भी बन सकती है। सवाल यह है कि इस तेज़ तकनीकी दौड़ में हम कितना भरोसा करें और कितनी सतर्कता बरतें? इसका जवाब बहुत स्पष्ट है-भरोसे से पहले जांच ज़रूरी है। एआई एक अद्भुत सहायक हो सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय अभी भी इंसानी विवेक, अनुभव और नैतिकता से ही लिए जाने चाहिए। एआई टूल्स को हमें दिशानिर्देश देने की अनुमति तो देनी चाहिए लेकिन उन्हें अंतिम जज बनने की छूट नहीं दी जा सकती।

**– राजेश जैन**

आज का कार्टून




साभार

# अमेरिका कभी नहीं चाहेगा कि पाक का समूल नाश हो!

भारत और पाकिस्तान के बीच लागू हुआ संघर्षविराम चार घंटे से भी कम समय में टूट गया है। पाकिस्तान ने शनिवार रात को जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए हैं हालांकि, भारत ने इन ड्रोन हमलों को विफल कर दिया है हालांकि, इससे अमेरिका के विश्वास को जरूर धक्का लगा है। अमेरिका ने दावा किया था कि उसकी मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान में संघर्षविराम हुआ है। इसका क्रेडिट खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके विदेश मंत्री मार्का रूबियो ने लिया है। ऐसे में पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को सीधे अमेरिका के लिए बेइज्जती माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका की मध्यस्थता से हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान ''तत्काल और पूर्ण'' संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने साथ ही दावा किया कि ऐसा अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ता के कारण संभव हो सका है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घोषणा की, ''अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान 'तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम' पर सहमत हो गए हैं।'' ट्रंप ने कहा, ''दोनों देशों को समझदारी और विवेक का इस्तेमाल करने के लिए बधाई। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।'' ट्रंप ने यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्का रुबियो के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इस्हाक डार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद की। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने भी 'एक्स' पर ऐसा ही बयान दिया है। रुबियो ने कहा,''यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल संघर्ष विराम और तटस्थ स्थल पर व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हो गई हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम शांति का मार्ग चुनने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ के विवेक और राजनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हैं।''सरकारी सूत्रों ने हालांकि बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने का मामला सीधे तौर पर दोनों देशों के बीच तय हुआ था। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारतीय डीजीएमओ से फोन पर बातचीत की जिसके बाद चर्चा हुई और सहमति बनी। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इस्हाक डार ने तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम की पुष्टि की। जानकारों की माने तो भारत के हमले से नूर खान एयरबेस के तबाह होने के बाद पाकिस्तान बुरी तरह से डर गया था। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त हो गये थे और वो भारतीय मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में बुरी तरह से नाकाम साबित हो रहे थे जबकि उस वक्त तक भारत ने अपने काफी कम तबाही मचाने वाले हथियारों का ही इस्तेमाल किया था। ऐसा लग रहा था कि भारत अगले कुछ घंटों में पाकिस्तान के तमाम सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार को तबाह करने वाला है। इसी बीच अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करते हैं और उसके बाद सीजफायर का ऐलान हो जाता है। आखिर टेलीफोन पर जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को क्या कहा था, ऐसी क्या ''खतरनाक खुफिया'' जानकारी थी, जिसे जानने के बाद भारत सीजफायर के लिए तैयार होता है? सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले इसका खुलासा किया है कि अमेरिका के पास कुछ ऐसी खुफिया जानकारी थी जो काफी खतरनाक बताई जा रही है। ये जानकारी इतनी संवेदनशील थी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन, जिसने ठीक एक दिन पहले कह दिया था कि उसे इस युद्ध से कोई मतलब नहीं है, उसे अचानक बीच में आना पड़ा और सीजफायर के लिए भारत से बात करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आशंका थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति नियंत्रण से बाहर जा सकती है, संभावित तौर पर एक परमाणु युद्ध की आशंका तक पहुंच सकती थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने तत्काल भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन किया और उस खुफिया जानकारी को देने के बाद उनसे पाकिस्तान के साथ सीधी बातचीत के जरिए सीजफायर का समाधान निकालने का प्रस्ताव रखा।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

# बेटे की वापसी की आस में टूटा परिवार

## मां की ममता और पत्नी की उम्मीद अब भी जिंदा



**डुमरांव (बक्सर)।** तीन साल पहले घर से निकला बेटा अब तक वापस नहीं आया, पर एक मां की ममता और पत्नी की पीड़ा आज भी उसी मोड़ पर खड़ी है, जहां से यह बिछड़ाव शुरू हुआ था।

डुमरांव नगर के दक्षिण टोला स्थित चुन्नी कमकर की गली निवासी सुरेश यादव नामक युवक 24 जुलाई 2022 को नौकरी की तलाश में घर से निकला था, लेकिन उस दिन के बाद से आज तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। मां ललिता देवी और पत्नी कविता अब भी दरवाजे की ओर टकटकी लगाए उसके लौटने की राह देख रही हैं।

'।।।सुरेश आज तक घर नहीं लौटा'

परिवार के अनुसार, सुरेश कुछ लोगों के साथ काम की तलाश में गया था। वे लोग बाद में उसका बैग, कपड़े और आधार कार्ड लेकर घर लौटे और कह गए कि 'वो पीछे से आ रहा है,' लेकिन सुरेश आज तक घर नहीं लौटा। पूछने पर भी उन लोगों ने कोई साफ जवाब नहीं दिया, जिससे संदेह व पीड़ा और भी गहरी होती गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बिहार आयेंगे मोदी और राहुल

**पटना।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद बिहार का सियासी पारा चढ़ने लगा है। कांग्रेस पार्टी ने चुनावी रणनीति को धार देने के लिए कमर कस ली है। पार्टी के बड़े नेता लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी 15 मई को चौथी बार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह गया में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। इसमें चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर चर्चा होगी।



मचेगा सियासी घमासान

### दरभंगा भी जा सकते हैं राहुल गांधी

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस दिन राहुल गांधी दरभंगा का भी दौरा कर सकते हैं। हालांकि, इस पर अभी ऑफिसियल ऐलान नहीं हुआ है। पार्टी के नेताओं ने बताया कि राहुल गांधी के कार्यक्रम की घोषणा अगले एक-दो दिनों में की जाएगी। इसके साथ ही पार्टी के अन्य राष्ट्रीय नेता भी मई महीने में बिहार आने वाले हैं। कांग्रेस प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय नेताओं के दौरे करवा रही है, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा जा सके।

### महागठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

कांग्रेस नेतृत्व बिहार दौरे पर आने वाले नेताओं की सूची तैयार कर रहा है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव महागठबंधन के तहत लड़ेगी। पिछली बार 70 सीटों पर चुनाव लड़कर 19 सीटें जीतने वाली कांग्रेस इस बार ज्यादा सीटों की मांग कर सकती है, जिसके लिए वह राजद पर दबाव बढ़ा रही है।

छेका के दौरान BSF जवान को आया कॉल

# रस्मे छोड़कर देश सेवा के लिए निकला औरंगाबाद का लाल



**महानगर नेटवर्क**

**औरंगाबाद**

औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड के बंगरे गांव के जनेश्वर मेहता के पुत्र विजय कुमार BSF के जवान हैं। उसकी ड्यूटी राजस्थान के सतराना बॉर्डर पर लगी है। यह पूरा इलाका पाकिस्तान से घिरा हुआ है। विजय कुमार एक महीने की छुट्टी लेकर अपने घर आया था। इसी बीच उसकी शादी भी सेट हो गयी। 10 मई की दोपहर करीब एक बजे वधु पक्ष के लोग विजय का छेका करने बंगरे गांव पहुंचे। इसी दौरान अचानक विजय के पास सेना से कॉल आ गया और उसे अविलंब ड्यूटी जॉइन करने का निर्देश दिया गया। वह समय बहुत ही चिंताजनक था। जब विजय ने रिश्तेदारों के सामने ही इसकी जानकारी अपने परिवार वालों को दी, तो घर मे सन्नाटा पसर गया।

**छेका की रस्मे आधी अधूरी की गयी पूरी :** BSF जवान विजय कुमार का पूरा परिवार भावुक हो उठा। उसी दिन ढाई बजे विजय कुमार को ट्रेन भी पकड़ना था। जल्दीबाजी में किसी तरह छेका की रस्मे आधी अधूरी पूरी की गयी। यूं कहें कि छेका की रस्मे होने के दौरान ही विजय वहां से उठा और अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार हो गया। जब विजय वर्दी पहनकर अपने कमरे से निकला तो पूरा परिवार मायूस था,लेकिन माता-पिता के हौंसले विजय को हिम्मत दे रही थी। एक तरफ परिवार उदास था तो दूसरी तरफ बीएसएफ जवान विजय के ललाट पर उत्साह की चमक थी, क्योकि वह पिछले वर्ष ही सेना में शामिल हुआ था। वह दुश्मनों से लोहा लेने को तैयार था। जिस जगह पर विजय की ड्यूटी लगी है, वह जगह दुश्मनों की रडार पर रहता है। हमेशा युद्ध की स्थिति बनी रहती है।

### विजय को पूरे गांव के लोगों ने सम्मान के साथ की विदाई

जवान हमेशा तैयार भी रहते है। जब विजय अपने घर से निकला तो पूरा गांव उसके पीछे चल पड़ा। सभी लोगों में मायूसी छाई हुई थी। देखते ही देखते पूरे गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। यानी विजय को पूरे गांव के लोगों ने सम्मान के साथ विदाई दी। इसके बाद विजय ट्रेन पकड़कर अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचा और देश की सेवा में लग गया। बातचीत के दौरान विजय ने बताया कि युद्ध की स्थिति अब सामान्य हो गयी है, लेकिन आतंकवादियों का कोई ठिकाना नहीं होता। वे कभी भी हमले कर सकते है। इसीलिए सभी जवान दुश्मनों को छक्के छुड़ाने को तैयार हैं। विजय की विदाई के दौरान उसके पिता जनेश्वर मेहता, भाई संजय मेहता, अजय मेहता, रफीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष कुशवाहा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कौशल किशोर मेहता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एनआईए को मिली बड़ी सफलता

# 10 लाख के इनामी खालिस्तानी आतंकवादी को बिहार से किया गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**मोतिहारी**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने एक प्रमुख खालिस्तानी आतंकवादी को बिहार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आतंकी विदेशी बब्बर खालसा आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा से जुड़ा था। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

गिरफ्तार आतंकी का नाम कश्मीर सिंह गलवाड्डी है और वह 2016 में नाभा जेल ब्रेक के दौरान भागने वाले दुर्दांत अपराधियों में से एक था।






**लुधियाना निवासी कश्मीर सिंह गलवाड्डी गिरफ्तार**

बयान में कहा गया कि यह सफलता तब मिली जब एनआईए ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर खालिस्तानी आतंकवादी साजिश के एक मामले में पंजाब के लुधियाना निवासी कश्मीर सिंह गलवाड्डी को बिहार के मोतिहारी से पकड़ लिया।

इसमें कहा गया है कि कश्मीर सिंह नाभा जेल से भागने के बाद से रिंदा सहित घोषित खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था।

दिल्ली में एनआईए की विशेष अदालत ने 2022 के आतंकी साजिश मामले में कश्मीर सिंह को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था और पिछले कुछ वर्षों में उसके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए थे। एनआईए ने उसकी गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का नकद इनाम भी घोषित किया था।

### क्या था नाभा जेल ब्रेक

नाभा जेल ब्रेक 27 नवंबर 2016 को पंजाब के पटियाला जिले में स्थित नाभा हाई-सिक्योरिटी जेल में हुई एक सनसनीखेज घटना थी, जिसमें 10 हथियारबंद हमलावरों ने जेल पर हमला कर छह खतरनाक कैदियों को मुक्त करा लिया। यह भारत में जेल सुरक्षा के इतिहास में एक बड़ी चूक मानी जाती है।

# महिला ने हंसुआ से वार कर जेठ को मार डाला

**अररिया।** अररिया जिले में थाना क्षेत्र के चातर पंचायत के नुनीयारी टोला में हत्या की हैरान कर देने वाली एक वारदात सामने आई है। जहां एक महिला ने अपने सगे जेठ की हसुआ से उनके सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी और फरार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। घटना रविवार देर शाम की है। यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। मृतक 55 वर्षीय फुलेश्वर चौहान के पुत्र अरविंद चौहान के बयान पर पुलिस आरोपी महिला पार्वती देवी और उनका पुत्र अनमोल कुमार उर्फ मंगला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। घटना के संबंध में मृतक फुलेश्वर चौहान के पुत्र अरविंद चौहान ने बताया कि रविवार की दोपहर घर के पीछे लगे लीची के पेड़ से चाचा अर्जुन चौहान का लड़का और कुछ बच्चों द्वारा कच्चा लीची तोड़कर बर्बाद किया जा रहा था। लीची तोड़ने से मना करने और आसपास के लोगों को यह बात बताने के बाद उनकी चाची पार्वती देवी और उनका बेटा अनमोल उर्फ मंगला उनके दरवाजे पर आकर झगड़ा करने लगे और गली गलौज शुरू हो गई।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आई बाराती बस

## दो की दर्दनाक मौत, दर्जनों घायल

**बांका।** बांका में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रही बस हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। 11 हजार वोल्ट बिजली तार का करंट बस में दौड़ गया। बस में आग लगने से मची चीख-पुकार मच गई। हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं, करीब 18 बाराती गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों की पहचान 14 वर्षीय संतोष कुमार और 35 वर्षीय विजय पहाड़िया के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्कयू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को जयपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र और कटोरिया रेफरल अस्पताल ले



जाया गया। 18 में से कई लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को देवघर और बांका सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बस बौंसी थाना क्षेत्र के कुंवर भार गांव से कला डिंडा गांव जा रही थी।

शादी समारोह से लौटने के क्रम में दर्दनाक हादसा हुआ। लोगों का गुस्सा बिजली विभाग पर फूटा। उन्होंने बताया कि जर्जर तारों की शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। आग का गोला बनी बस को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। बस यात्रियों में मची भगदड़ और चीख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंचे। तब तक दो लोगों की जिंदगी समाप्त हो चुकी थी।

दूल्हे के पिता भैरो सिंह का कहना है कि शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। हंसी-खुशी घर लौट रहे बारातियों के साथ हादसा हुआ है। दर्दनाक मंजर कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोगों की चीख से कलेजा को मुंह को आ गया। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची।

# देशद्रोह के आरोप में बक्सर का युवक गिरफ्तार

## राष्ट्रीय ध्वज का कर रहा था अपमान

**बक्सर।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच इंटरनेट मीडिया का गलत इस्तेमाल कर देश विरोधी मानसिकता फैलाने की कोशिश करने के आरोप में बक्सर के एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक की गिरफ्तारी रविवार देर शाम शहर के स्टेशन रोड से की गई है। आरोपित युवक इंटरनेट मीडिया पर लगातार तिरंगे को अपमानित करने वाले पोस्ट डाल रहा था।

**एसडीपीओ ने दी मामले की जानकारी :** इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि 20 सूत्री के सदस्य सह भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने इंटरनेट मीडिया पर बिट्टू अंसारी नामक युवक के फेसबुक प्रोफाइल पर तिरंगे को अपमानित करते डाले गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट भेजकर इसकी जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया था। फेसबुक पोस्ट की जांच और सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इस्माइलपुर निवासी बिट्टू अंसारी नामक युवक गत कुछ दिनों से ऐसे पोस्ट लगातार प्रसारित कर रहा था। उसके हर पोस्ट में भारतीय तिरंगे को अपमानित करती तस्वीरें और आतंकवादियों का महिमामंडन करती तस्वीरें शामिल रहती थीं।

दिन में साधु, रात में डाकू!

# पकड़ा गया डकैती करने वाले गिरोह का सरगना

**पटना।** सदर थाना क्षेत्र के सुगीया वार्ड नंबर आठ में गत 8 मई की रात रंजीत कुमार उर्फ रंजन के घर डकैती कांड की पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। घटना में संलिप्त तीन डकैतों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। वहीं, लूटे गए सामान की भी बरामदगी हो चुकी है। कलेक्ट्रेट स्थिति एसपी कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि घटित घटना में अपराधियों की गिरफ्तारी कर पूरे कांड से पर्दा हटा दिया गया है।

**चोरी की घटना का पर्दाफाश के लिए गठित की गई SIT**

SP ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार के नेतृत्व में एक SIT का गठन किया गया



था। SIT द्वारा तकनीक के साथ-साथ एवं विभिन्न बिंदुओं पर साक्ष्य संकलन करते हुए अन्य गुप्त सूत्रों एवं गुप्तचर की मदद से इस घटना में संलिप्त सभी अपराधियों को पकड़ लिया गया है। डकैती काण्ड का मुख्य सरगना शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण जिले के विभिन्न थाने के 9 कांडों में संलिप्त था। जिसकी पहचान पूर्वी चम्पारण जिले के पताही थाना क्षेत्र के सुग्गा पीपर गांव निवासी दरभंगी सहनी के रूप में हुई है।

**तीन अपराधी हुए गिरफ्तार**

दूसरा अपराधी की पहचान पिपराही थाना क्षेत्र के हरकरवा गांव निवासी हबीब अंसारी एवं तरियानी छपरा थाना क्षेत्र के सोगरा अदलपुर निवासी हंसराज सहनी उर्फ निरंजन के रूप में की गई है। तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस घटना में संल्पित अपराधी दरभंगी सहनी एक कुख्यात अपराधी है। जो पहले भी इस प्रकार के कई घटनाओं में मुख्य सरगना के रूप में संलिप्त रहा है। वर्तमान में यह साधु का रूप धारण कर न सिर्फ स्वयं अपराध करता है बल्कि नए लोगों को भी अपने गिरोह में शामिल भी करता है। इसका पूर्व में भी कई आपराधिक इतिहास रहा है।

**व्यापार**

# भारत-पाक सीजफायर के बाद 2975 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद सोमवार, 12 मई को सेंसेक्स 2975 अंक (3.74%) चढ़कर 82,430 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की ये साल की सबसे बड़ी तेजी है। इससे पहले सेंसेक्स 15 अप्रैल को 1,577 पॉइंट या 2.10% चढ़ा था।

सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयरों में तेजी है। इंफोसिस के शेयर में 7.67%, HCL टेक में 5.97%, टाटा स्टील में 5.64%, जोमैटो में 5.51%, TCS 5.42 % और टेक महिंद्रा 5.36% की तेजी रही। ICICI बैंक और NTPC समेत कुल 7 शेयरों में 4.5% का उछाल देखने को मिला। इसके अलावा,



बजाजा फिनसर्व और M&M सहित कुल 5 शेयर्स 3.5% चढ़कर बंद हुए। सनफार्मा और इंडसइंड बैंक के शेयर में 3.4% की गिरावट रही। निफ्टी में भी 917 अंक (3.82%) की तेजी रही, ये 24,925 के स्तर पर बंद हुआ। NSE के IT इंडेक्स में 6.70%, रियल्टी में 5.93%, मेटल में 5.86%, फाइनेंशियल सर्विसेज में 4.21% और ऑटो में 3.41% की तेजी रही।

# रचनात्मकता को भी नई उड़ान देगा फनस्कूल

**मुंबई।** फनस्कूल इंडिया लिमिटेड, देश की एक प्रमुख खिलौना निर्माता कंपनी, ने खिलौनों और गेम्स की एक रोमांचक नई लाइन-अप का अनावरण किया है जो बच्चों को इन गर्मियों में व्यस्त रखने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी नई उड़ान देगा।

फनस्कूल के लोकप्रिय इन-हाउस ब्रांड्स जैसे गिगल्स,हैंडीक्राफ्ट्स, प्ले एंड लर्न और फनडो की ओर से कल्पनाशील रोलप्ले सेट और शैक्षिक बोर्ड गेम से लेकर खूबसूरती से तैयार की गई पज़ल और आर्टिस्टिक किट जैसे नए गेम्स लॉन्च हुए हैं। नवीनतम गेम केटेगरी में फनडो मेगा केक फैक्ट्री, फनडो ब्रेकफास्ट सेट, स्कॉटलैंड यार्ड डीलक्स, स्कॉटलैंड यार्ड जूनियर,



ट्रायोमिनोस, सीक्वेंस फॉर किड्स, डॉबल किड्स, क्यूब कॉन्कर और रुम्मिकब जॉय शामिल हैं। शिशुओं, टॉडलरों और प्रीस्कूली बच्चों के लिए, फनस्कूल ने गिगल्स ब्रांड के तहत वुडन वंडरलैंड प्लेजिम, यूनिकॉर्न ज़ाइलोफोन, बी ब्लॉसम स्टेकर, वॉबल्स ट्रेन एक्सप्रेस, जूनियर सैंड प्लेसेट और एनिमल स्क्वीकर्स (2 और 4 के सेट में उपलब्ध) लॉन्च किए हैं। क्राफ्ट पसंद करने वाले बच्चों के लिए हैंडीक्राफ्ट्स की ओर से कैनवास आर्ट फैंटेसी, पेपा पिग थीम वाली स्क्रैपबुक और फिंगर-पेंटिंग बेस्ड ऑन एनिमल किंगडम उपलब्ध होंगे। प्ले एंड लर्न रेंज के एजुकेशनल पज़ल में अब अलग-अलग लेवल की मुश्किलों वाले पज़ल मिलेंगे - फेयरी 4-इन-1 पज़ल (120 पीस), पांडा पज़ल (300 पीस) और पेचीदा कोलोसियम पज़ल (1000 पीस)। ये गेम्स उच्च गुणवत्ता वाले कार्डबोर्ड का उपयोग करके तैयार किए गए हैं जो टिकाऊ होने के साथ-साथ इंटरलॉक करने में भी आसान हैं और बच्चों को इनसे एक संतोषजनक तथा शैक्षिक अनुभव मिलता है। इस लाइन-अप का आखरी उत्पाद बहुप्रतीक्षित बैटमोबाइल है, जो एक्शन और रोमांच पसंद करने वालों के लिए बिलकुल सही है।

# सोना 2,023 गिरकर 94,393 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 12 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,023 घटकर 94,393 पर आ गया है। कल सोने की कीमत 96,416 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 191 बढ़कर 95,917 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,726 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। बीते दिनों सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने के बाद अब निवेशक अपना गोल्ड बेचकर



मुनाफा कमा रहे हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में शॉर्ट टर्म में सोने-चांदी में और गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि इसके बाद सोने में फिर तेजी आएगी।

# चालू वित्त वर्ष में भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 1-2% बढ़ने की उम्मीदः सुजुकी

**नई दिल्ली।** जापान की वाहन कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने सोमवार को कहा कि भारतीय बाजार में उसके यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 2025-26 में लगभग 1-2 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी की भारतीय इकाई मारुति सुजुकी को उम्मीद है कि इस दौरान उसका प्रदर्शन उद्योग के मुकाबले अच्छा रहेगा। कंपनी का इरादा 2025-26 में पूंजीगत व्यय के रूप में कुल 380 अरब येन निवेश करने का है। सुजुकी ने कहा कि भारत में निवेश इसका लगभग 50 प्रतिशत होगा और कंपनी की यात्री वाहनों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना है। भारत में वित्त वर्ष 2025-26 के नजरिये पर, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) ने एक निवेशक प्रस्तुति में कहा, ''हालांकि, एसयूवी बाजार में मजबूत मांग है, लेकिन कॉम्पैक्ट कारों की मांग सुस्त बनी हुई है, और थोक बिक्री के लिए समग्र बाजार में (लगभग) 1-2 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।'' कंपनी 'बीईवी ई विटारा' सहित दो नई एसयूवी पेश करने के साथ वृद्धि को आगे बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके अलावा इस साल फरवरी में शुरू हआ नया खरखौदा संयंत्र उत्पादन और बिक्री बढ़ाने में योगदान देगा।

# ग्लूकॉन-डी का 'एनर्जी का गोला' अभियान

**मुंबई।** जब मुंबई तेज़ उमस,भारी बारिश और गर्म हवाओं के बीच झूल रहा है, ऐसे में भारत के सबसे भरोसेमंद ग्लूकोज़-बेस्ड एनर्जी ड्रिंक ग्लूकॉन-डी ने 'एनर्जी का गोला' अभियान शुरू किया है। इस पहल का मकसद है लखनऊ, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई के 10,000 से अधिक बच्चों को थकान से राहत देना और उनकी इम्युनिटी को सहारा देना। मेहनत करने वाले उनके रुटिन और तेजी से बदल रहे मौसम में उनकी इम्युनिटी को भी इससे ताकत मिलेगी। यह पहल भारत के पारंपरिक 'गोले' को एक नए उपयोग के साथ पेश करता है। ग्लूकॉन-डी के पॉपुलर फ्लेवर्स – ऑरेंज, मैंगो और नींबू पानी से भरे 700 किलो से अधिक ठंडे गोले 100 से ज्यादा मैदानों और स्टेडियमों में बांटे जा रहे हैं, ताकि बाहर खेलते बच्चों की एनर्जी की भरपाई की जा सके।

# हेस्टर बायोसाइंस लिमिटेड ने प्रोफिट दर्ज किया

**अहमदाबाद।** भारत की अग्रणी पशु स्वास्थ्य, वैक्सीन निर्माता और स्वास्थ्य उत्पाद कंपनी हेस्टर बायोसाइंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 में Rs. 28.83 करोड़ रुपये का कोन्सोलिडेटेड नेट प्रोफिट दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज Rs. 21.17 करोड़ रुपये के नेट प्रोफिट से 36 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए कंपनी की कामगीरी से आय Rs. 311.10 करोड़ रुपए दर्ज की थी। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के




लिए 10 रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 7 रुपये (70%) का लाभांश देने की सिफारिश की है। Standalone Performance: वित्त वर्ष 2025 में डिवीजनल उत्पाद की बिक्री में 12% की वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में भी 5% की वृद्धि हुई।


# द बॉडी शॉप का 'मोर लव फॉर लेस' कैम्पेन

**मुंबई।** ग्राहकों की पसंद और पहुंच को ध्यान में रखते हुए द बॉडी शॉप ने समावेशी मूल्य नीति और दिल छू लेने वाली इंफ्लूएंसर-नेतृत्व वाली ब्रांड फिल्में पेश की है। यह नई ब्रांड फिल्में द बॉडी शॉप के 'मोर लव फॉर लेस' कैम्पेन का विस्तार हैं, जो समावेशी कीमतों को एक भावनात्मक और प्रभावशाली अंदाज में, इंफ्लूएंसर-नेतृत्व वाले लॉन्च के ज़रिए प्रस्तुत करती हैं। द बॉडी शॉप इंडिया ने अपने सबसे लोकप्रिय 12 प्रोडक्ट फॉर्मेट्स में भारत के लिए एक नई डिसरप्टिव प्राइसिंग रणनीति की घोषणा की है। नई कीमतें अब पहले से कहीं ज़्यादा आकर्षक और सुलभ होंगी, ताकि और भी ज़्यादा ग्राहक द बॉडी शॉप की दुनिया से जुड़ सकें। यह रणनीति भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद को समझते हुए उन्हें बेहतर अनुभव देने और सुंदरता की दुनिया में आगे बने रहने की ब्रैंड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी के अफसरों की कार्यकुशलता के आधार पर होगी ग्रेडिंग : मुख्यमंत्री योगी

## परफॉर्मेंस रिपोर्ट हर माह हो अपडेट



**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिलों की ग्रेडिंग के बाद अब एक और बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेश के अफसरों की कार्यकुशलता के आधार पर ग्रेडिंग होगी। शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किस अफसर ने कितना काम किया है, अब उसका मूल्यांकन भी उतनी ही सख्ती से होगा. इसके लिए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से ग्रेडिंग की व्यवस्था लागू की जा रही है।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े अपर मुख्य सचिव ने इस संबंध में कार्यकारी आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस कप्तान, मंडलायुक्त से लेकर विभागीय प्रमुखों तक सभी अधिकारियों को उनके कामकाज के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा जाएगा।

### ऐसे होगी ग्रेडिंग की श्रेणियां



**A श्रेणी**: जिन्हें 9 से अधिक अंक मिलेंगे.
**B श्रेणी**: जिनके अंक 6 से 8 के बीच होंगे.
**C श्रेणी**: जिन्हें 3 से 6 अंक मिलेंगे.
**D श्रेणी**: जिनके अंक 3 से कम होंगे.

यह स्कोरिंग सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी, नतीजे, जनसमस्याओं के निस्तारण और शासन की प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन पर आधारित होगी। अधिकारियों की रैंकिंग तय करने का आधार फील्ड विजिट, जनशिकायतों की निपटान दर, योजनाओं के क्रियान्वयन की गति, वित्तीय व्यय और जनता से संवाद जैसे मानकों को बनाया गया है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के जरिए सभी जिलों और विभागों की निगरानी पहले से की जा रही है। अब उसी प्रणाली से व्यक्तिगत स्तर पर अधिकारियों की कार्यशैली की समीक्षा की जाएगी। शासन स्तर पर अलग से ग्रेडिंग अंकों की व्यवस्था भी तैयार की जा रही है, जिससे अफसरों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट हर माह या तिमाही आधार पर अपडेट होती रहेगी।

### पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में कदम

योगी सरकार की यह पहल प्रशासनिक प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दिशा में एक और मजबूत कदम माना जा रहा है। इससे उन अधिकारियों को बढ़ावा मिलेगा जो वास्तव में मेहनत कर रहे हैं, जबकि लापरवाही बरतने वाले अफसरों को चिन्हित किया जा सकेगा. यह फैसला प्रदेश में सुशासन और नतीजों पर आधारित प्रशासनिक प्रणाली की ओर सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह ग्रेडिंग व्यवस्था अधिकारियों के तबादलों, पदोन्नति और दंडात्मक कार्रवाइयों में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# यूपी : प्रदेश से कश्मीर जाने वाले पर्यटकों में 57 फीसदी की गिरावट

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के चलते लखनऊ से जम्मू जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 57 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। गत वर्ष जहां जनवरी से अप्रैल के बीच 2.80 लाख यात्रियों ने ट्रेनों व अन्य साधनों से जम्मू की यात्रा की, वहीं इस वर्ष अब तक 1.60 लाख पर्यटक ही जम्मू गए। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पाकिस्तान से भारत की तनातनी बढ़ गई। सरहद पार से ड्रोन व मिसाइलों से हमले किए गए। इस बढ़ती तनातनी के चलते ही लखनऊ से जम्मू जाने वाले यात्री सफर से बचते नजर आए। जम्मू-कश्मीर जाकर पहाडों की सैर करने वाले अब उत्तराखंड व पूर्वोत्तर भारत का रुख कर रहे हैं। पिछले तीन साल के आंकड़े यह बताने के लिए काफी हैं कि ट्रेन से जम्मू जाने वाले यात्रियों की संख्या में गिरावट दर्ज हुई है। लखनऊ से जम्मू के लिए बेगमपुरा, कोलकाता जम्मूतवी, अर्चना, हिमगिरी, श्रीमाता वैष्णो देवी एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस आदि ट्रेनें हैं। आम दिनों में इन ट्रेनों से लखनऊ से 1800 से दो हजार यात्री सफर करते थे, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह संख्या घटकर तीन से चार सौ तक पहुंच गई है। फिलहाल यात्री जम्मू कश्मीर जाने से पूरी तरह बच रहे हैं।

लखनऊ से जम्मू जाने वाली ट्रेनों में वर्ष 2023 में जनवरी से अप्रैल, चार महीनों में 2,75,000 यात्रियों ने सफर किया। वहीं वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर 2,80,000 पहुंच गई, जबकि इस वर्ष दस मई तक जम्मू जाने वाले यात्रियों की संख्या 1,60,000 ही रही। पिछले साल की तुलना में जम्मू जाने वालों की संख्या 57 प्रतिशत तक कम हो गई।

## डिलीवरी बॉय से लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**प्रयागराज**। हंडिया पुलिस ने एक ऐसे लुटेरे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों के डिलीवरीबॉय को रास्ते में रोककर लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए मोबाइल, टैबलेट के साथ 10,700 नकद बरामद किए गए हैं। एडीसीपी गंगानगर पुष्कर वर्मा ने बताया कि 8, 9 और 10 मई को हंडिया थाना क्षेत्र में मोबाइल, टैबलेट लूट की चार घटनाएं सामने आईं। घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो बदमाशों की मोटरसाइकिल के नंबर मिले। फुटेज से यह भी क्लू मिला कि चारों घटनाओं में एक ही गिरोह का हाथ हो सकता है।

# परमाणु ठिकाने के पास ब्रह्मोस मिसाइल गिरते ही पाकिस्तान बोला त्राहिमाम : मौर्य

**आतंकियों को मुहतोड़ जवाब दिया गया**

**महानगर संवाददाता**

**प्रयागराज**

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर तपोवन पार्क ऑकलैंड में तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर मुख्य अतिथि यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज का दिन भारत की धर्म व अध्यात्म की परंपरा में इस तिथि का ख़ास महत्व इसलिए है, क्योंकि इस तिथि को प्रकृति की गोद में भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति व उनका निर्वाण हुआ था।

भगवान गौतम बुद्ध के उपदेश- करुणा, सह-अस्तित्व, और सत्य के मार्ग- हम सभी के जीवन को आलोकित करें। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छाती ठोक कर दुनिया के सामने कहा है कि हमने संसार को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं दिया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम कायर और कमजोर हैं। हम शांति के पक्षधर हैं और हर परिस्थितियों से लड़ना जानते हैं। दुनिया ने देखा जब हमारे देश के सैनिकों ने 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों को भारत से खदेड़ा और जब पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा उरी और पुलवामा घटना का अंजाम दिया गया तो हमारे देश के रणबांकुरों ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक के द्वारा आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब दिया। कहा कि 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगाम कायरता पूर्ण निर्दोष पर्यटकों की हत्या की और पूरा देश गुस्से में था।



### तुच्छ राजनीति न करे कांग्रेस

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा है कि कांग्रेस बचकाना बातें करना बंद करे। भारत का रुख साफ है कि पीओके के मुद्दे पर किसी भी तीसरे देश का हस्तक्षेप भारत को कतई स्वीकार नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर घटिया राजनीति करने का भी आरोप लगाया और कहा कि भारत की सेना ने जो विजय की पताका फहराई है उसका अभिनंदन करना चाहिए।

# गाजीपुर में शिक्षक ने छात्र को दी तालीबानी सजा, घायल

**गाजीपुर**। जिले में प्रोनाउन के बारे में न बताने पर कक्षा चार के एक छात्र को निजी स्कूल के शिक्षक ने तालीबानी सजा दी है। डंडे से पीटकर प्राइवेट पार्ट को घायल कर दिया है। स्थिति यह है कि जगह- जगह खून जमने से नीले रंग के चकत्ते पड़े गए हैं। आरोप है कि दर्द से कराह रहे छात्र को देख जब परिजन शिकायत लेकर प्रधानाध्यापक के पास पहुंचे तो उन्हें भगा दिया और धमकी भी दी। पीड़ित छात्र के पिता ने शिक्षक और प्रधानाध्यापक के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कराया गया। फिलहाल पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।



दुर्खुशी गांव निवासी अशोक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र अंश सिंह डंडापुर स्थित निजी स्कूल में कक्षा चार का छात्र है। वह बीते 10 मई की सुबह करीब 9.45 बजे कक्षा में पढ़ रहा था। प्रताप घुघवा रुपनगर कानपुर निवासी शिक्षक जितेंद्र सिंह प्रोनाउन और उसके तहत आने वाले शब्दों के बारे में पूछने लगा। छात्र अंश सिंह नहीं बता पाया। ऐसे में शिक्षक जितेंद्र सिंह गाली देते हुए छात्र को डंडे और लात-घुसों से पटक कर पीटने लगा। शिक्षक ने बेहरमी की सारी हदें पार कर दी और छात्र के प्राइवेट पार्ट पर डंडे से वारकर घायल कर दिया। छुट्टी के बाद जब छात्र घर पहुंचा तो आपबीती परिजनों को बताई।

## नीम के पेड़ पर लटका सुई से भेदा गुड्डा

### नीचे पड़ी दो लाशें, देख कांप उठे लोग

**फिरोजाबाद**। जिले में तंत्र-मंत्र से धनवान बनने के लालच में आपस में दूर के रिश्तेदार दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस मृतकों के मोबाइल की काल डिटेल खंगाल रही है। ताकि यह पता चल सके कि घर के निकलने के बाद वे कहां-कहां गए और किससे बात की थी। पुलिस मामले में तीन संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की लेकिन अभी तक कुछ खास जानकारी नहीं मिली है। इसके अलावा पुलिस लड्डू, गिलास की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा भेजा है।

मक्खनपुर के नगला मवासी में शुक्रवार सुबह आठ बजे एका के गांव गोकुल का नगला निवासी रामनाथ (55) और थाना उत्तर में रहना इंदिरानगर निवासी पूरन सिंह



(45) का शव मिला था। शव के पास नींबू, पानी से भरा गिलास और बूंदी का लड्डू मिला था। ऊपर नीम के पेड़ पर सुई से भेदा हुआ गुड्डा लटका हुआ था। पूरन भगत (तंत्र-मंत्र) का काम करता था। दोनों की उम्र में दस वर्ष का अंतर होने के बाद भी उनमें बहुत पटती थी। रामनाथ गांव के लोगों से कहता था कि 20 लाख का बीमा है। बीमा मैच्योर होने वाला है। जल्दी ही उसके पास बहुत पैसा आने वाला है। इस चक्कर में उसने पूरन को काफी पैसा भी उधार दिया था।

## हिंदू बच्चियों को ही शिकार बनाता है अलाउद्दीन

**श्रावस्ती**। जिले में मासूम से दुष्कर्म के मामले में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी अलाउद्दीन की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वह एक बच्ची को अपनी हवश का शिकार बना चुका है। उस मामले में उसे फांसी की सजा भी हुई थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में उसे बरी कर दिया था। इससे पहले उसने एक और मासूम से दुष्कर्म का प्रयास किया। लेकिन, इसमें सफल नहीं हो सका। अब यह तीसरी बार उसने मासूम को अपनी हवश का शिकार बनाया है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि आरोपी अलाउद्दीन हमेशा हिंदू बच्चियों को ही अपना शिकार बनाता है। अब पुलिस ने उसे इकौना थाना क्षेत्र के अंधरपुरवा घाट पुल के निकट मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।

## दिनदहाड़े मनबढ़ों ने की थी फायरिंग, तीन गिरफ्तार



**गोरखपुर**। खजनी थाना क्षेत्र में भरोहियां गांव में जमीन के विवाद में शनिवार को मारपीट-फायरिंग मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से अवैध पिस्टल भी बरामद हुई है। पूछताछ करने के बाद रविवार को तीनों को जेल भिजवा दिया। पुलिस अन्य नामजद के साथ नकाबपोश आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। भरोहियां गांव निवासी राजेश शर्मा और रामवृक्ष शर्मा के बीच जमीन का विवाद वर्षों चला आ रहा है। रामवृक्ष शर्मा वायुसेना के सेवानिवृत कर्मी हैं। मामले में खजनी पुलिस पांच बार 107/116 के तहत शांतिभंग और दो बार धारा 151 की कार्रवाई कर चुकी है। दो बार राजस्व और पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर विवाद को सुलझाने का भी प्रयास कर चुकी है। लेकिन न्यायालय में विचाराधीन पुराने खपरैल के रिहायशी मकान की जमीन में हिस्सेदारी का बंटवारा करना बड़ी चुनौती बनी रही। इसी बीच भरोहियां गांव में पटीदारों के बीच मारपीट और गोलियां चल गईं। इसमें रामवृक्ष की तरफ से बीच-बचाव करने पहुंचीं पड़ोसी मुस्कान (20) और सलोनी (17) घायल हो गई थीं। तहरीर पर पुलिस ने 10 नामजद तथा 10 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया।

# काशी के गंगा घाटों पर जगाई स्वच्छता की अलख

**महानगर संवाददाता**

**वाराणसी**



वैशाख पूर्णिमा के स्नान पर्व पर नमामि गंगे ने सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। भगवान बुद्ध द्वारा दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ध्वनि विस्तारक यंत्र से जन-जन तक पहुंचाकर गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन ही भगवान विष्णु ने बुद्ध अवतार लिया था।

स्वच्छता जागरूकता के दौरान विदेशी पर्यटकों ने भी लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला ने किया। इस दौरान गंगा घाट पर पहुंची नमामि गंगे की टीम द्वारा गंगा की तलहटी और किनारे पड़ी गंदगी को उठाकर कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। पॉलिथीन कचरा तथा गंगा में श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित की गई पूजा सामग्री के अवशेषों को गंगा के पानी से बाहर निकाला गया। नमामि गंगे की टीम को देख वहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी टीम का साथ दिया। उन्होंने मां गंगा की आरती उतारकर स्वच्छता का संकल्प लिया। संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि तथागत भगवान बुद्ध ने पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया है। वह कहते थे कि, मनुष्य को अपने किसी भी कृत्य से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा कि, भारतीय जनजीवन में नदियों का महत्व इसी से जाना जा सकता है कि धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि, शैक्षिक, औषधि, पर्यावरण और न जाने कितने क्षेत्र हैं जो हमारी नदियों से सीधे-सीधे जुड़े हुए हैं। उनके साथ इस आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व अन्य मौजूद रहे।

# यूपी में 350 से अधिक अवैध मस्जिदों और मदरसों पर कार्रवाई



**महाराजगंज**। नेपाल सीमा से सटे जिलों में सरकारी व निजी जमीनों पर अवैध तरीके से बनाई गई 350 से अधिक मस्जिदों व मदरसों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इन स्थानों पर बुलडोजर चलाया गया। शनिवार व रविवार को भी 100 से अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। यह अभियान अभी चलता रहेगा। कुछ स्थानों पर विरोध भी हुआ लेकिन पुलिस व प्रशासन की सख्ती के आगे किसी की नहीं चली।

श्रावस्ती में दो दिनों में 104 मदरसे, एक मस्जिद, पांच मजार और दो ईदगाह को चिह्नित किया गया। इन सभी को नोटिस देने के साथ ही इन्हें सील कर दिया गया है। बहराइच में 13 मदरसे, आठ मस्जिद, दो मजार और एक ईदगाह को सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण के रूप में चिह्नित किया गया। इन सभी को नोटिस दी गई। पांच निर्माण को सील कर दिया गया। इसके अलावा इंडो-नेपाल सीमा से 10 किमी. के दायरे में सरकारी जमीन पर 171 अवैध अतिक्रमण को हटाया जा चुका है। सिद्धार्थनगर में भी शनिवार को चार मस्जिद, 18 मदरसे और रविवार को एक मदरसे पर कार्रवाई की गई। महाराजगंज के तहसील नौतनवा में बिना मान्यता के चल रहे मदरसे को बंद करा दिया गया।

# सौरभ हत्याकांड में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

**महानगर संवाददाता**

**मेरठ**

जिले में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड में पुलिस ने लगभग एक हजार पन्नों का आरोप पत्र सोमवार को अदालत में दाखिल किया। दरअसल, ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरानगर की रहने वाली मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की तीन मार्च को कथित रूप से हत्या कर दी थी। दोनों ने शव के चार टुकड़े कर उन्हें एक ड्रम में डालकर सीमेंट भर दिया था। वारदात के बाद दोनों हिमाचल प्रदेश चले गए थे। इस घटना ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था।



पुलिस अधिकारियों ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि सौरभ राजपूत की हत्या तंत्र-मंत्र के कारण नहीं, बल्कि प्रेम संबंध में बाधा बनने के कारण की गई थी। ब्रह्मपुरी क्षेत्राधिकारी अंतरिक्ष जैन ने बताया कि आरोप पत्र में हत्या की साजिश का विवरण, साक्ष्य और लगभग 34 गवाहों के बयान हैं। मामले की जांच ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी रमाकांत पचौरी ने की है। इस घटना में मुस्कान रस्तोगी को उसके प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों को सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराया गया है। इस बीच, जेल प्रशासन ने बताया कि मुस्कान गर्भवती है और उसे महिला बैरक में रखा गया है। उसके परिवार ने उससे दूरी बना ली है, जबकि साहिल से उसकी नानी और बड़ा भाई मिलने पहुंचे हैं। सौरभ और मुस्कान का प्रेम विवाह साल 2016 में हुआ था, जिसका परिवार ने विरोध किया था। वहीं, साल 2019 में दोनों को एक बेटी हुई। पुलिस के अनुसार, आर्थिक स्थिति बिगड़ने के कारण सौरभ का अपने परिजनों से विवाद हुआ और वह इंदिरानगर में रहने लगा। इसी दौरान मुस्कान और साहिल के बीच संबंध बने। सौरभ ने 2021 में तलाक की अर्जी दायर की थी, लेकिन बच्ची के कारण मामला वापस ले लिया गया। पति-पत्नी के बीच तनाव लगातार बना रहा और तीन मार्च को सौरभ की हत्या कर दी गयी।

### जूता चुराई की रस्म के दौरान बिगड़ी बात

# दूल्हे के पिता ने पकड़ लिया साली का हाथ

**एटा**। जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शादी समारोह में जूता चुराई की रस्म की रस्म के दौरान छोटी सी बात इतनी बिगड़ गई कि बारात बिन दुल्हन के ही वापस लौट गई। मौलवी ने निकाह पढ़कर शादी संपन्न कराया था। लेकिन विवाद के बाद दोनों पक्षों में पंचायत हुई। आधी रात ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचना दी। उधर, क्षेत्र में ये मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

ये घटना रजा का रामपुर क्षेत्र के लुहारी गवी का है। शनिवार को दोपहर कासगंज जिले के विटोना से बारात पहुंची। शादी की सभी रस्में पूरी हो गई। फिर जूता चुराने के बाद दुल्हन की बहन ने दूल्हा पक्ष के लोगों से एक हजार रुपये मांगे, लेकिन बदले में युवती को 200 रुपये दिए गए। आरोप है कि दुल्हे के पिता शाकिब खान ने लड़की का हाथ पकड़ कर कहा कि जूता इसके पैरों में पहना। तब रुपए मिलेंगे। इसी पर कहासुनी हो गई। बस यहीं पर धीरे-धीरे बहस बढ़ना शुरू हो गई। दोनों पक्षों से हुई बहस के बाद लड़की को विदा नहीं किया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सीओ अलीगंज सुधांशू शेखर ने बताया कि इस मामले में अगर कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। उधर, उरई के कोंच में शनिवार को दूसरी शादी रचा रहे युवक की पहली पहुंच गई, जिसे देख पति के होश उड़ गए।

## मॉडल सोलर विलेज बनाने में अदाणी फाउंडेशन की अहम भूमिका

**महानगर संवाददाता**

**अमेठी**




देश अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त या सस्ती बिजली मिल सकेगी। यह पहल न सिर्फ घरेलू खर्चों को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा देगी। इस योजना से देश में 30 गीगावॉट रूफटॉप सोलर क्षमता का लक्ष्य 2026-27 तक पूरा करने की तैयारी है। सौर पैनलों की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। 'मॉडल सोलर विलेज' जैसे प्रयोग गांवों को पूरी तरह सौर ऊर्जा पर आधारित बनाकर पूरे देश के लिए मिसाल बन रहे हैं। सूरज की रोशनी अब सिर्फ उजाला नहीं, बल्कि सशक्तिकरण, बचत और विकास का प्रतीक बन रही है। पीएम सूर्य घर योजना एक हरित, आत्मनिर्भर और उज्ज्वल भारत की दिशा में निर्णायक पहल है। 21वीं सदी में ऊर्जा सिर्फ जरूरत नहीं, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक बन चुकी है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ती जनसंख्या और सीमित पारंपरिक संसाधनों के बीच अब पूरी दुनिया ऊर्जा संक्रमण की राह पर है। जीवाश्म ईंधन से अक्षय ऊर्जा का ओर बढ़ना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन गया है। भारत, जिसने पिछले दशक में सौर ऊर्जा में ऐतिहासिक छलांग लगाई है, अब सौर क्रांति के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है, जहां उत्पादन केंद्रों से निकलकर बिजली हर घर की छत से निकल रही है।

## महिला का पर्स छीनकर चलती ट्रेन से भागे दो बदमाश, एक गिरफ्तार

**जफराबाद**। क्षेत्र के नाथुपुर गांव के पास रविवार की भोर में चलती ट्रेन से महिला का पर्स छीन कर भाग रहे एक बदमाश को आरपीएफ के जवान व रेलवे के एक पॉइंट मैन ने दबोच लिया। दो बदमाश भाग निकले। पुलिस के अनुसार कर्नाटक के नवलकुंद थाना क्षेत्र के तिरलापुर गांव निवासी वेंकटेश रेड्डी अपनी पत्नी रत्ना रेड्डी के साथ अयोध्या से भगवान श्रीराम का दर्शन पूजन करने आये थे। दर्शन करने के बाद रविवार की रात को दंपती लखनऊ छपरा एक्सप्रेस से वाराणसी जा रहे थे। ट्रेन जैसे ही जफराबाद स्टेशन के नजदीक नाथुपुर गांव के पास पहुंची। इस दौरान ट्रेन की रफ्तार



कम हो गई। उसी समय वेंकटेश रेड्डी अपनी पत्नी के साथ बाथरूम आये थे। उनकी पत्नी बाथरूम के बाहर खड़ी थीं। तीन बदमाशों में से एक महिला का पर्स छीनकर चलती ट्रेन से कूद गया। इस दौरान किसी ने चेन पुलिंग कर दी। मौके पर मौजूद आरपीएफ के जवान उमाशंकर तत्काल बदमाश के पीछे लग गए।

# डॉ के विक्रम राव के निधन से पत्रकारिता जगत का ढहा एक मज़बूत स्तम्भ

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, समाज सुधारक प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया के पूर्व सदस्य कामरेड डॉ के विक्रम राव का आज तडके लखनऊ के एक निजी अस्पताल में 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया । उनके निधन के समाचार सुनते ही देश भर के मीडिया जगत में शोक की लहर छा गई । डॉ के विक्रम राव ने जीवन के अंतिम सांस तक पत्रकारिता धर्म निभाते हुए पत्रकारों के हित में संघर्ष किया । वे अपने



राष्ट्रीय स्तरीय संगठन के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों एवं जिलों में पत्रकारों की इकाइयों को गठन कर निरंतर पत्रकार जगत के हित की गतिविधियों का संचालन कराया करते थे ।

टाइम्स ऑफ़ इंडिया समेत कई अख़बारों में संवाददाता के रूप में कार्य करने के बाद उन्होंने स्वतंत्र पत्रकारिता के माध्यम से अपने लेखनी को निरंतर प्रवाह मान रखा । अपने संगठन के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय अधिवेशनों में बड़े-बड़े दिग्गज राजनेताओं को बुलाकर के पत्रकारों के हित में उन्होंने तमाम घोषणाएं करवाई और योजनाओं को लागू कराया। इंदिरा गांधी के द्वारा देश पर आपातकाल थोपने का पुरजोर विरोध के कारण डॉ के विक्रम राव, जार्ज फर्नांडिस के साथ जेल में क़ैद किए गए थे और सरकार द्वारा फर्जी तरीके से बड़ौदा डायनामाइट केस उन्हें जॉर्ज फर्नांडीज के साथ कोर्ट के जरिए फांसी की सजा भी सुनाई गई थी।

# 'आई लव इंडिया', राफेल पर फ्रांस के बयान से हिल जाएगा पाकिस्तान

## पाकिस्तान बिहाइंड पहलगाम टेरर अटैक यानी पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाक

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पाकिस्तानी सेना से लेकर मंत्री और प्रधानमंत्री तक जिस तरह एक के बाद एक झूठ बोल रहे हैं, उसमें उनकी बौखलाहट साफ नजर आ रही है। पाकिस्तान ने ऐसा ही एक बयान राफेल को लेकर दिया था कि उसने भारत के कई राफेल उड़ा दिए। हालांकि, ये झूठ फैलाने वालों को फ्रांस ने जवाब दिया है।
फ्रांस ने बताया कि उसके पास इसकी कोई जानकारी नहीं है कि कोई राफेल गिराया गया है। फ्रांस ने कहा कि भारत का ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ है और यह समर्थन के लायक है। भारत के साथ 3-4 दिन चली इस तनातनी में पाकिस्तान से सारे देशों ने पल्ला झाड़ लिया, यहां तक की उसका जिगरी दोस्त चीन भी साथ खड़ा नजर नहीं आया। जहां इजरायल, रूस, ब्रिटेन और नीदरलैंड जैसे बड़े-बड़े मुल्कों ने भारत का साथ दिया तो वहीं अमेरिका और चीन ने भले खुलकर कुछ न कहा हो, लेकिन उनका कोई भी बयान न तो पाकिस्तान के हक में था और न ही भारत के विरोध में। डच सांसद गीर्ट विलडर्स ने न सिर्फ भारत के पक्ष में बात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'आई लव इंडिया, 100 परसेंट कश्मीर भारत का है।' इसके साथ उन्होंने हैशटैग लिखा- पाकिस्तान बिहाइंड पहलगाम टेरर अटैक यानी पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान है। इतिहास गवाह है कि रूस हमेशा भारत के साथ एक सच्चे दोस्त की तरह खड़ा नजर आया है और उसने इस बार भी उसने दोस्ती साबित की। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर का रूस ने भी सपोर्ट किया। ऑपरेशन सिंदूर से एक दिन पहले ही 5 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात हुई थी। पुतिन ने पहलगाम आतंकी हमले पर बेहद दुख जताया था और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को फुल सपोर्ट की बात कही थी।



### आतंकवादियों के पास छिपने की कोई जगह नहीं

इजरायल ने भी भारत को सिर्फ हथियार नहीं दिए, बल्कि खुलकर भारत के लिए डिप्लोमैटिक स्टैंड भी लिया। हारूप और बराक 8 जैसे इजरायली हथियारों को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल किया, जिससे उसका दम निकल गया। भारत में इजरायली राजदूत रुवेन अजर ने 7 मई को ट्वीट में लिखा, 'इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ जघन्य अपराधों के बाद उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है।'

PAK सरकार ने कुबूला भारतीय हमले से हुआ नुकसान

# एयरक्राफ्ट पार्क करने वाली जगह हुआ 10 फुट चौड़ा गड्ढा

**महानगर नेटवर्क**
**इस्लामाबाद**






पाकिस्तानी अधिकारियों ने सोमवार को दावा किया कि शनिवार को भारतीय ड्रोन हमलों और फायरिंग में पंजाब प्रांत के गुजरात शहर में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सरकारी अधिकारी के अनुसार, शनिवार को ड्रोन से जिन इलाकों को निशाना बनाया गया उनमें लाहौर, चिनोट, पाकपटन, खड़ियान, शेखुपुरा और जलापुर जट्टां शामिल हैं। इन सभी इलाकों की भारत से सीमा लगती है। अधिकारी ने बताया कि गुजरात जिले के गांवों में भारतीय ड्रोन हमलों और फायरिंग से 7 लोगों की जान गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। एक और अहम जानकारी में बताया गया कि रहीम यार खान जिले के शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी भारतीय मिसाइल ने नुकसान पहुंचाया। यह एयरपोर्ट लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर है। रहीम यार खान के डिप्टी कमिश्नर खुर्रम जावेद के अनुसार, भारत ने एयरपोर्ट पर ड्रोन और मिसाइल दोनों से हमला किया। इससे रॉयल लाउंज पूरी तरह तबाह हो गया और एयरपोर्ट के एप्रन इलाके में 10 फुट गहरा गड्ढा बन गया।
अधिकारियों ने बताया कि यह रॉयल लाउंज यूएई के राष्ट्रपति और उनके परिवार द्वारा इस्तेमाल किया जाता था।
ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का घिनौना सच पूरी दुनिया ने देखा है। आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना दिखाई दी। हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान में हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार, जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा।

# भूकंप से फिर कांपी पाकिस्तान की धरती, रिएक्टर स्केल पर 4.6 थी तीव्रता

**महानगर नेटवर्क**
**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में सोमवार, 12 मई को दोपहर 1:26 बजे फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में 29.12 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 67.26 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, और इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी।
एनसीएस द्वारा साझा किए गए नक्शे के अनुसार, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में था, जो अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। नक्शे में दिखाए गए प्रभाव क्षेत्र में क्वेटा और आसपास के शहर जैसे चमन और सिबी शामिल हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी तरह के नुकसान या हताहतों की तत्काल रिपोर्ट नहीं मिली है। पाकिस्तान में हाल के दिनों में यह दूसरा बड़ा भूकंप है। इससे पहले 9 मई को भी 4.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था, जिसका केंद्र भी बलूचिस्तान में ही था। विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है क्योंकि यह भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन पर मौजूद है। इस वजह से इस क्षेत्र में भूकंप की घटनाएं आम हैं। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान जैसे क्षेत्र यूरेशियन प्लेट के दक्षिणी किनारे पर स्थित हैं, जबकि पंजाब और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारतीय प्लेट के उत्तर-पश्चिमी किनारे पर हैं। 10 किलोमीटर की गहराई पर होने वाला यह भूकंप 'शैलो अर्थक्वेक' की श्रेणी में आता है।



# किसानों के उपज खरीद के भुगतान में न हो देरी : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश के कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में सोमवार को कृषि भवन में समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री शिवराज सिंह ने किसानों से चना, मसूर, उड़द एवं अरहर की खरीद के संबंध में निर्देश देने के साथ ही अधिकारियों से कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाना चाहिए, जिससे कि किसानों को उनकी उपज खरीद का भुगतान होने में देरी नहीं हो, वहीं यह भी बताया गया कि देश में चावल और गेहूं का वास्तविक स्टॉक बफर मानक के मुकाबले काफी ज्यादा है। मंत्रालय की समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इस बात पर संतोष के साथ ही प्रसन्नता व्यक्त की कि चावल-गेहूं का वास्तविक स्टॉक, बफर मानक के मुकाबले ज़्यादा है। चावल का वास्तविक स्टॉक 135.80 एल.एम.टी. के बफर मानक के मुकाबले 389.05 एल.एम.टी है। गेहूं का वास्तविक स्टॉक 74.60 एल.एम.टी. के बफर मानक के मुकाबले 177.08 एल.एम.टी. है।

# मैं बागी हो सकता हूं लेकिन गद्दार नहीं : सत्यपाल मलिक

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले को लेकर दिए अपने बयानों के बाद पाकिस्तान में चर्चा पाने और भारत में आलोचना के शिकार हुए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने जवाब दिया है। उन्होंने खुद को किसान कौम का बेटा बताते हुए कहा कि वह बागी हो सकते हैं, लेकिन गद्दार नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने पहलगाम हमले को लेकर पीएम मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए थे और उन्हें डरपोक तक कह डाला था।
6 मई को एक इंटरव्यू में सत्यपाल मलिक ने पहलगाम हमले को लेकर सरकार पर सवाल उठाए और सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि इस असफलता के लिए पीएम मोदी को माफी मांगनी चाहिए। सत्यपाल मलिक का यह



बयान पाकिस्तान में बहुत चर्चित हुआ। पाकिस्तान के कई नेताओं और सेना ने उनके बयान का सहारा लेकर अपना बचाव किया और भारत सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश की। इसकी वजह से कई लोग सोशल मीडिया पर सत्यपाल मलिक को ट्रोल कर रहे थे।
मलिक ने अब एक्स पर जवाब देते हुए कहा, 'बहुत से लोग मुझे सोशल मीडिया पर टारगेट कर रहे हैं, अनाप शनाप मेरे खिलाफ लिख रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उस किसान कौम का बेटा हूं। मैं बागी हो सकता हूं, लेकिन गद्दार होना मेरी फितरत में नहीं है।' मलिक ने कहा कि वह झुकना नहीं जानते हैं और सरकार से उनके सवाल कायम रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मैंने मेरे जीवन में झुकना नहीं सीखा सत्ता पक्ष से मेरे आज भी वही सवाल है।' सेना की ओर से पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए प्रहार से ठीक एक दिन पहले मलिक ने कहा था कि पीएम मोदी ने युद्ध का माहौल बना दिया, लेकिन वह कुछ नहीं कर पाएंगे। एक दिन बाद ही जब ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया तो उन्होंने सेना की तारीफ करते हुए सरकार के साथ एकजुटता भी जाहिर की थी। सत्यपाल मलिक ने कहा था, 'भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंक पर कड़ा प्रहार किया है। मैं इस कार्यवाही का स्वागत करता हूं।

# UK में रहना है तो इंग्लिश बोलनी होगी

## इमीग्रेशन पर सख्त ब्रिटिश PM कीर स्टार्मर

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को प्रवासन को लेकर एक सख्त नीति की घोषणा की, जिसके तहत नागरिकता पाने के लिए प्रवासियों की प्रतीक्षा अवधि को 5 साल से बढ़ाकर 10 साल कर दिया गया है। उनका कहना है कि आने वाले पांच वर्षों में प्रवासन की संख्या में ठोस गिरावट लाने का यह कदम बेहद जरूरी है।
डाउनिंग स्ट्रीट से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए स्टार्मर ने पिछली कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार पर निशाना साधा और उसे 'खुले बॉर्डर का असफल प्रयोग' बताते हुए मौजूदा हालात को 'गड़बड़ी' करार दिया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, 'अगर आप यूके में रहना चाहते हैं, तो आपको अंग्रेजी बोलनी आनी चाहिए। यह कॉमन सेंस की बात है। इसलिए हम हर प्रमुख प्रवासन मार्ग पर अंग्रेजी भाषा की योग्यता को और कड़ा कर रहे हैं।' उन्होंने यह भी वादा किया कि लेबर पार्टी की यह नई नीति एक



'नियंत्रित, चयनात्मक और न्यायपूर्ण" प्रवासन प्रणाली को आकार देगी। स्टार्मर ने साफ शब्दों में कहा, 'इस योजना का मतलब है कि प्रवासन घटेगा। यह एक वादा है।' प्रवासन से जुड़े वर्क वीजा, पारिवारिक और शिक्षा संबंधी सभी क्षेत्रों को कड़ा किया जाएगा ताकि सरकार के पास अधिक नियंत्रण हो। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष नियम सभी को मानने होंगे। लेबर सरकार जल्द ही संसद में इस पर विस्तृत 'इमिग्रेशन व्हाइट पेपर' पेश करने वाली है।

# यूट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका

**महानगर नेटवर्क**
**प्रयागराज**

यूट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एल्विश यादव की याचिका को खारिज कर दिया है। एल्विश ने नोएडा में रेव पार्टी में ड्रग्स और सांप के जहर से जुड़े मामले में याचिका दाखिल की थी। एल्विश ने याचिका में अपने खिलाफ दाखिल चार्जशीट और समन को रद्द करने की कोर्ट से मांग की थी।
3 नवंबर 2023 को नोएडा के सेक्टर 49 में यूट्यूबर एल्विश यादव समेत कई लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई थी। पीएफए आर्गनाईजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। आईपीसी की धारा 289, 284, 120-B, Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act की धारा 8, 30, 22, 32, 29 और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 51, 9, 39, 50, 49, 48ए में एफआईआर दर्ज हुई थी। सभी पर रेव पार्टी में ड्रग्स, स्नेक वेनम के प्रयोग व जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाने का आरोप लगा था। एल्विश ने विवेचना के बाद कोर्ट में दायर चार्जशीट को रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की सिंगल बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया था।



### एल्विश यादव कौन हैं?

एल्विश यादव का असली नाम सिद्धार्थ यादव है। वह एक यूट्यूबर हैं। वह कॉमेडी, रोस्टिंग कंटेंट और व्लॉग्स के लिए यूट्यूबर पर प्रसिद्ध हैं। उनका जन्म 14 सितंबर 1997 को गुरुग्राम, हरियाणा में एक हिंदू अहीर परिवार में हुआ था। वह बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 (2023) के विजेता के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए। वह अक्सर विवादों में भी रहते हैं।

# ट्रक और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर में 13 लोगों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार से आ रही ट्रक और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हुई। ये टक्कर इतना भीषण था कि मौके पर ही 13 लोगों की मौत हो गई। जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। हादसा रायपुर के खरोरा-बलौदा बाजार रोड पर उस समय हुआ जब माजदा वाहन से लोग बच्चों के जन्मोत्सव कार्यक्रम से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि उसी दौरान खरोरा में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर-ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हुई। दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर इतना भीषण था कि मौके पर ही 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 9 महिलाएं, 2 बच्चियां, एक बच्चा और 6 महीने का एक शिशु भी शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ये हादसा सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की लापरवाही को लेकर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।



# युद्ध नहीं, देश को आतंकियों का सिर चाहिए : नेहा सिंह राठौर

खुद पर दर्ज हुए देशद्रोह के केस का गाने में जिक्र करते हुए सत्ता पर साधा निशाना

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारत ने 7 मई, 2025 की तड़के ही पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत निशाना बनाया। इसके बाद बॉर्डर से सटे इलाकों में दोनों देशों की सेना के बीच तनाव और भी बढ़ गया। पाक सेना की ओर से भारत पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया गया। भारतीय डिफेंस ने अपने शौर्य को दिखाते हुए पाक की हर साजिश को नाकाम कर दिया। ऐसे में बाद में अमेरिका की मध्यस्थता में



भारत-पाक के बीच सीजफायर का ऐलान किया गया। इस ऐलान के बाद समाज दो वर्गों में बंटा दिख रहा है। एक वर्ग युद्ध चाहता है तो एक वर्ग पीएम मोदी के फैसले से सहमत है। इसी बीच भोजपुरी लोकगायिका नेहा सिंह राठौर ने पीएम मोदी और उनकी सरकार को फिर से घेरा। सीजफायर के फैसले को लेकर उन्होंने बिना पीएम का नाम लिए कह दिया कि 'चौकीदार कायर' है। पाकिस्तान संग भारत के सीजफायर के ऐलान करने के बाद नेहा राठौर लगातार निशाना साध रही हैं। उन्होंने अपनी भोजपुरी गीत का लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इस गीत में उन्होंने कहा, 'चौकीदार कायर बा।' गाने में नेहा ने भारत-पाकिस्तान सीजफायर से लेकर खुद पर दर्ज हुए देशद्रोह की एफआईआर तक पर मोदी सरकार पर तंज कसा है। पूरे घर में आग नहीं लगाई जाती है जो काम सूई से हो सकता है, उसमें तलवार लेना नासमझी है। मेरा स्टैंड SAY NO TO WAR का है और देश को अभी भी आतंकवादियों के सिर चाहिए।

# अफगानिस्तान में बैन हुआ चेस का खेल



**पेशावर।** तालिबान का शासन हो और अजीबो-गरीब फरमान न आएं, ऐसे कैसे हो सकता है। लेटेस्ट खबर यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने शतरंज यानी चेस के खेल पर अगली सूचना तक बैन लगा दिया है। तालिबान को डर है कि यह खेल जुए खेलने का जरिया बन गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने कहा कि चेस के खेल को तब तक अनिश्चित काल के लिए बैन कर दिया गया है। पहले इस बात की जांच की जाएगी कि इस्लामी कानून के साथ इसे खेलना सही है या नहीं, उसी के आधार पर इसे हमेशा के लिए बैन लगाया जाएगा या फिर बैन हटा लिया जाएगा। अफगानिस्तान में यह पहला ऐसा खेल नहीं है जिस पर तालिबान ने बैन लगाया है। सबसे खराब हालत तो वहां कि महिलाओं के हैं, उन्हें किसी भी तरह के खेल में भाग लेने की इजाजत नहीं है, उनके लिए तो हर गेम बैन है। तालिबान सरकार ने 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से लगातार ऐसे कानून और नियम लागू किए हैं जो इस्लामी कानून के प्रति उसके चरमपंथी सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, "चेस के खेल के संबंध में धार्मिक विचार हैं.. जब तक इन विचारों पर ध्यान नहीं दिया जाता, अफगानिस्तान में चेस के खेल पर बैन है.. अफगानिस्तान के राष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने लगभग दो वर्षों से कोई आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया है।"

# बड़े प्राइवेट अस्पताल के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

शहर के ग्रेटर कैलाश में एक बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें इलाके में किसी भी तरह की कमर्शियल गतिविधि की जरूरत नहीं है और अस्पताल यहां नहीं बनना चाहिए। ग्रेटर कैलाश के लोगों का यह भी कहना है कि आसपास कई अच्छे अस्पताल मौजूद हैं। अगर नया 400 बेड का यह प्राइवेट हॉस्पिटल बनेगा तो इलाके में जाम और दूसरी समस्याएं पैदा हो जाएंगी। इसलिए वह इसका विरोध कर रहे हैं। अभी इस प्राइवेट हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शुरुआती चरण में है। इस प्राइवेट अस्पताल का निर्माण दो बड़े ग्रुप मिलकर कर रहे हैं। इसका विरोध करने वाले लोगों ने कहा कि अस्पताल खुलने से आसपास के इलाकों में कई मेडिकल स्टोर भी खुलेंगे और अन्य तरह की दुकानें भी खुलेंगी। इससे पूरे इलाके में हमेशा वाहनों और लोगों की भीड़ रहेगी। इस वजह से यहां रहने वाले लोगों का जीवन मुश्किल हो जाएगा। यहां प्रदर्शन करने वाले लोग हाथ में पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिनमें अस्पताल बनने से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया था। लोगों ने पोस्टर के जरिए बताया कि अस्पताल बनने से फुटपाथ पर लोगों की भीड़ जमा रहेगी। लोग यहां दिन-रात बैठे रहेंगे। इससे ग्रेटर कैलाश दूसरा यूसुफ सराय बन जाएगा। दिल्ली के यूसुफ सराय मार्केट में अतिक्रमण बड़ी समस्या है।




# स्पा सेंटर में महिलाओं-पुरुषों के बीच मारपीट, दो गिरफ्तार



**झांसी।** शहर के नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित द कूल स्पा सेंटर में उस समय हंगामा हो गया जब कुछ लोग वहां पहुंचकर महिलाओं से भिड़ गए। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिलाएं और पुरुष एक-दूसरे के साथ हाथापाई कर रहे हैं। एक युवक अर्धनग्न हालत में भी नजर आ रहा है। यह स्पा सेंटर हुमेरा नाम की महिला चलाती हैं। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले युवक और युवती पहले स्पा में काम करते थे लेकिन पांच महीने पहले उन्हें निकाल दिया गया था। अब वे जबरन वापस नौकरी पर रखने का दबाव बना रहे हैं। हुमेरा और स्पा कर्मचारी हैदर ने बताया कि आरोपी उन्हें धमकी देते हैं कि अगर नौकरी नहीं दी गई तो झूठे केस में फंसा देंगे। मना करने पर गालियां देते हैं और मारपीट करते हैं। घटना के दौरान उनके पेट में लात मारी गई, जिसके बाद वे अस्पताल गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# मैं तुर्किए में पुतिन से मिलने को इच्छुक : जेलेंस्की

**महानगर नेटवर्क**
**कीव**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन से रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रस्तावित वार्ता पर तुरंत सहमत होने के तुरंत बाद आया। यह चर्चा 15 मई को तुर्की में हो सकती है। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'यहां यूक्रेन में, हमें बातचीत में शामिल होने में कोई समस्या नहीं है, हम तैयार हैं। मैं इस गुरुवार 15 मई को तुर्किये में रहूंगा और मुझे उम्मीद है कि पुतिन भी तुर्किये आएंगे। मुझे उम्मीद है कि इस बार पुतिन बहाने नहीं ढूंढेंगे कि वह क्यों नहीं आ सकते। हम बातचीत करने, इस युद्ध को समाप्त करने के लिए तैयार हैं।' इससे पहले रविवार को क्रेमलिन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कीव अधिकारियों को बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया, जिसे यूक्रेन ने 2022 में बाधित कर दिया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि कीव अधिकारियों के साथ सीधी



बातचीत करने का राष्ट्रपति पुतिन का प्रस्ताव यूक्रेनी समस्या का शांतिपूर्ण समाधान खोजना है। यह उनकी मंशा की पुष्टि करता है। रूसी टीवी चैनल पर पुतिन की पहल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, 'यह एक बहुत ही गंभीर प्रस्ताव है, जो शांतिपूर्ण समाधान खोजने की वास्तविक मंशा की पुष्टि करता है।' प्रवक्ता ने कहा, 'स्थायी शांति केवल गंभीर वार्ता के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है, और इन वार्ताओं के लिए तत्परता अब (रूसी) राष्ट्रपति द्वारा दिखाई और प्रदर्शित की गई है।'
रूसी सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की ने युद्ध विराम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और अपनी शर्तों पर लड़ाई में लंबे समय तक विराम की मांग की और मास्को में विजय दिवस समारोह के खिलाफ धमकी दी। पुतिन ने रविवार को कहा कि रूस कीव सरकार की प्रतिक्रिया के आधार पर युद्ध विराम अवधि को आगे बढ़ा सकता है। मई में तीन दिवसीय विजय दिवस को देखते हुए रूस ने सीज फायर की घोषणा की थी। क्रेमलिन में पत्रकारों से बात करते हुए रूसी नेता ने कहा, 'हमारे लिए ये पवित्र दिन है, हमने तीसरी बार युद्ध विराम की घोषणा की है। हमने पश्चिम में अपने सहयोगियों से कहा है कि हम इसे आगे बढ़ाने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं, लेकिन निश्चित रूप से, यह इन तीन दिनों में जो कुछ हुआ उसका विश्लेषण करने के बाद किया जाएगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कीव शासन इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।'

**नाम परिवर्तन**

मैं, आरती शंकर कोरवी (विवाह से पूर्व का नामः आरती विष्णु माने), पूर्व का पताः १८२, नियर ओल्ड दत्त मंदिर, कुबलवाडा, वेंगुर्ला, सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र - ४१६५१६, वर्तमान पताः १३९९/बी, गिम्हवणे, पंजाब नेशनल बैंक के पास, दापोली-हर्णे रोड, दापोली, पोस्टः दापोली, जिलाः रत्नागिरी, महाराष्ट्र - ४१५७१२, इसके द्वारा घोषणा करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट (पासपोर्ट नंबरः K7556029) में मेरे पति का नाम गलती से "शंकर रामचंद्र माने" दर्ज किया गया है। मेरे पति का सही नाम "शंकर रामचंद्र कोरवी" है। मेरा विवाह श्री. शंकर रामचंद्र कोरवी के साथ दिनांक ११/१२/१९९८ को हुआ था। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का उपनाम "माने" के बजाय "कोरवी" सुधार किया जाए। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए हैं। सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इसकी सूचना लें।
**दिनांकः** १०/०५/२०२५
**हस्ताक्षरः**
**आरती शंकर कोरवी**

# नारद जयंती पर शिव वास योग का संयोग

## मिलेगा विष्णु कृपा का आशीर्वाद

सनातन धर्म में हर साल ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को नारद जयंती मनाई जाती है। इस दिन महर्षि नारद जी की पूजा अर्चना की जाती है। सभी वेद पुराणों में इनका जिक्र पाया जाता है। उनकी पूजा अर्चना करने से जातक को भौतिक सुख और शांति मिलती है। इस दिन व्रत रखकर विधि-विधान से उनकी अराधना करना बेहद शुभ माना गया है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 13 मई को नारद जयंती मनाई जाएगी। इस दिन शुभ योग का भी निर्माण हो रहा है। नारद जी को भगवान विष्णु का परम भक्त माना जाता है।



**शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 12 मई को देर रात 10:25 पर होगी। जिसका समापन 14 मई को देर रात 12:35 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, 13 मई को नारद जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करके साफ वस्त्र धारण करें। मंदिर की साफ-सफाई कर नारद जी की पूजा करें। इसके अलावा, फल, मिठाई चढ़ाकर भोग अर्पित करें।

### बन रहा ये योग

इस खास मौके पर शिव वास योग का निर्माण हो रहा है। जिसका समापन 14 मई को देर रात 12:35 पर होगा। इस समय पर भगवान विष्णु और नारद जी की उपासना करने पर जातक के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।



# दाल-बाटी बनाते समय रखें इन बातों का ध्यान

जब भी राजस्थान का नाम जहन में आता है तो वहां के कल्चर, रहन-सहन, खान पान और रेगिस्तान की तस्वीरें नजरों के सामने घूमने लगती हैं। राजस्थान अपने खान-पान की वजह से काफी चर्चा में रहता है। अगर वहां कि खास डिश की बात करें तो दाल बाटी चूरमा को हर कोई पसंद करता है। वैसे तो राजस्थान के हर घर में दाल बाटी चूरमा बनाया जाता है, पर अब इसका क्रेज देश भर के साथ-साथ विदेशों में देखा जाता है। अक्सर जब हम बाटी बनाते हैं तो या तो ये कच्ची रह जाती है या फिर इतनी टाइट हो जाती है, जिसे खाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी इसी परेशानी का सामना करती हैं, तो इसका आज हम आपको इसका हल बताएंगे। दरअसल, आज हम आपको बाटी बनाने के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप बिल्कुल राजस्थान के जैसी बाटी बना पाएंगी।



### आटे का रखें ध्यान

बाटी बनाते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि इसका आटा नर्म ना हो। बाटी का आटा जितना टाइट होगा, आपकी बाटी उतनी ही अच्छी बनेगी। ऐसा करने से बाटी काफी कुरकुरी बनती है। आटा गूंथते समय ना करें घी की कमी अक्सर लोगों को ऐसा कहते सुना जाता है कि वो ज्यादा घी नहीं इस्तेमाल करते। पर, अगर आप बाटी के लिए आटा गूंथ रहीं हैं तो उसमें घी की मात्रा का अच्छे से ध्यान रखें। घी की वजह से ही ये अंदर से सॉफ्ट बनेगी।

### कुछ देर आटे को ऐसे ही रखें

बाटी बनाने के लिए जब आप आटा गूंथ लें तो इसको कम से कम तीस मिनट ऐसे ही रख दें। तब तक आप दाल की तैयारी कर सकती हैं।

### घी में जरूर करें डिप

बाटी का स्वाद घी की वजह से ही काफी बढ़ जाता है। जब ये बन जाए तो इसे घी में जरूर डिप करें। गर्मागर्म बाटी को घी में डुबो देंगे तो इससे उसका स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।

# अदरक को लंबे समय तक स्टोर करने के तरीके

**खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ चाय में भी लोग अदरक का इस्तेमाल करते हैं। अक्सर घर में हम अदरक को स्टोर करके रखते है, लेकिन कुछ समय बाद ये खराब होने लगते हैं। अगर आप भी अदरक के बढ़ते दामों के कारण इसे घर पर स्टोर करने की सोच रहे हैं, तो हम आपके लिए कुछ टिप्स लेकर आए हैं। जिन्हें आप अपनाकर अदरक को लंबे समय तक फ्रेश रख सकते हैं।**

जब भी आप अदरक खरीदते हैं तो हमेशा ताजा खरीदें। इस बात का ध्यान रहें कि अदरक मुर्झाया हुआ न हों। साथ ही यह भी देखें कि अदरक गीला न हो। ताजा अदरक खरीदेंगे तो ये काफी समय तक खराब नहीं होगा।

अदरक को लंबे समय तक स्टोर करना चाहते हैं, तो उसे बिना छीले किसी एयर टाइट कंटेनर या जिप लॉक बैग में रखें। इससे अदरक ज्यादा दिनों तक चलेगा।

ताजा अदरक को फ्रिज में रखा जा सकता है, जिससे ये काफी समय तक खराब नहीं होता। तो उसे बिना छीले किसी एयर टाइट कंटेनर या जिप लॉक बैग में रखें। ध्यान रहे कि आप जिप लॉक बैग से हवा पूरी तरह से निकाल कर ही फ्रिज में रखें। इसके अलावा आप अदरक को सुखा करके भी स्टोर कर सकते हैं। अदरक को सुखाने के लिए आप ओवन या एयर फ्रायर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं और इसका पाउडर बना कर मसाले की तरह इस्तेमाल किया जाता है। वहीं अदरक को आप छीलकर और काटकर बेकिंग शीट पर रखें और टुकड़ों के सख्त होने पर फ्रीज में रख दें। इस अदरक को आप एक एयरटाइट कंटेनर में भी रख सकते हैं। अगर आप अदरक को कुछ दिनों के लिए सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो अदरक को बिना छीले पेपर बैग या पेपर टॉवेल में लपेटकर रख दें। अदरक को अच्छी तरह से धो लें और इसे छीलकर कांच के जार में डालें। अब इसमें नींबू का रस मिलाकर फ्रिज में रख दें, इससे अदरक जल्दी खराब नहीं होगा।



# ज्यादा खाने से पेट हो रहा है भारी

अगर किसी पार्टी या फंक्शन में अपनी फेवरेट डिश को देखते ही आपका खुद पर कंट्रोल नहीं रहता है और आप उस डिश का लुत्फ उठाने के लिए उसे पेट भरने तक खाते रहते हैं, या यूं कहें कि भूख से भी ज्यादा खा लेते हैं। जिसका अहसास आपको अगली सुबह एसिडिटी और गैस की परेशानी के साथ होता है तो ये खबर खास आपके लिए ही है। अगर आपके साथ भी यह समस्या अक्सर होती रहती है तो पेट के भारीपन और गैस की समस्या को दूर करने के लिए इन हर्बल डिटॉक्स ड्रिंक की मदद लें। आइए जानते हैं कैसे।



### तुलसी टी

तुलसी टी मेटाबॉलिज्म अच्छा बनाए रखने में मदद करती है। यह एक आयुर्वेदिक प्राकृतिक इम्यूनिटी बूस्टर होने के साथ नेचुरल डिटॉक्सिफायर के रूप में भी काम करती हैं। तुलसी जैसी स्ट्रॉग हर्ब शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद कर सकती है। जिससे शरीर का भारीपन दूर होता है और बॉडी हल्का महसूस करती है। इस चाय को बनाने के लिए सूखे और ताजे तुलसी के पत्ते दोनों का ही उपयोग किया जा सकता है।

### अजवाइन टी

किचन में मौजूद अजवायन को अंग्रेजी में कैरम सीड्स के नाम से भी जाना जाता है। यह एक शक्तिशाली डिटॉक्सिफायर के रूप में काम करता है। अजवाइन के बीज तनाव को कम करके गैस और अपच से तुरंत राहत दिला सकते है।

### हनी लेमन-जिंजर टी

शहद और नींबू का सेवन खाली पेट करने से लिपिड प्रोफाइल को ठीक करने में मदद मिल सकती है। जबकि अदरक का अर्क खाली पेट लेने से गैस की समस्या से राहत मिल सकती है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि नींबू अदरक की चाय खाली पेट पीने से गैस और अपच से राहत दिला सकती है।

# शीशे के जैसे चमचमाते रहेंगे रसोई के नल

किचन की सफाई के साथ-साथ नलों की सफाई करनी भी जरूरी है। यदि रोजाना नल साफ न किए जाएं तो इन पर गंदे दाग जमने लगते हैं। यह दाग ऐसे होते हैं जो साफ करने पर भी नहीं जाते हैं। साबुन से रगड़-रगड़कर साफ करने पर यह कुछ देर की लिए गायब जरूर हो जाते हैं लेकिन साफ नहीं होते। ऐसे में आप नल के ऊपर जमे जिद्दी दागों की सफाई करने के लिए कुछ आसान से हैक्स की मदद ले सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में....



### पहले साफ करें नल

नल पर कोई भी तरीका इस्तेमाल करने से पहले इसे किसी सूखे कपड़े से अच्छी तरह साफ कर लें। इस तरह इस पर लगी कोई भी चीज आसानी से साफ हो जाएगी।

### बेकिंग सोडा और नींबू

साफ करने के बाद नल के ऊपर आप बेकिंग सोडा में नींबू मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। पेस्ट के साथ नल रगड़ें। 5-10 मिनट बाद नल पानी से धो लें। इस पर जमे जिद्दी दाग आसानी से निकल जाएंगे।

### विनेगर

दाग हटाने के लिए आप विनेगर या फिर नींबू का रस इस्तेमाल कर सकते हैं। नल पर नींबू के रस और विनेगर का स्प्रे करें। 15-20 मिनट के लिए मिश्रण को ऐसे ही रहने दें। तय समय के बाद एक ब्रश की मदद से नल को साफ कर लें। दाग साफ हो जाएंगे।

### टोमेटो सॉस

टोमेटा सॉस का इस्तेमाल करके भी नल के जिद्दी दाग छुड़वा सकते हैं। नल के ऊपर टोमेटो सॉस लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद टूथ ब्रश की मदद से इसे साफ कर लें। धोने के बाद सूखे कपड़े इन्हें साफ कर दें।

### तेल लगाएं

जैसे ही नल से सारे दाग साफ हो जाएं तो आप उस पर तेल लगा दें। तेल लगाने के बाद अगर नल पर पानी पड़ता भी हो तो भी यह गंदा नहीं हो पाएगा।

# तनाव और स्ट्रेस से राहत दिलाएगा भ्रामरी प्राणायाम

प्राणायाम सांसों की प्रैक्टिस होती है। जिसकी मदद से काफी सारी बीमारियों में राहत मिल सकती है। कपालभाति और अनुलोम-विलोम की तरह भ्रामरी प्राणायम होता है। जो कि सांस लेने के प्रैक्टिस है। भ्रामरी प्राणायाम को रोजाना करने से बॉडी को काफी सारे फायदे मिलते हैं। भ्रामरी प्राणायाम का नाम खास तरह ही मधुमक्खी के साउंड के नाम पर रखा गया है। सबसे खास बात कि भ्रामरी प्राणायाम की प्रैक्टिस कहीं पर भी की जा सकती है। फिर चाहे आप ऑफिस में बैठे हो या फिर घर में काम कर रहे हैं। तो चलिए जानें क्या है भ्रामरी प्राणायाम को करने के फायदे और भ्रामरी प्राणायाम को करने के स्टेप। भ्रामरी प्राणायाम ब्रीदिंग प्रैक्टिस है। जिसे करने से फ्रस्टेशन, एंजायटी, गुस्सा को दूर करने में मदद करता है। भ्रामरी प्राणायाम मधुमक्खी के साउंड के नाम पर रखा गया है। मधुमक्खी का ये साउंड में दिमाग को शांत करने वाले इफेक्ट होते हैं। इसीलिए इस प्राणायाम में मधुमक्खी के साउंड को निकाला जाता है। जिससे दिमाग और फोरहेड के बीच की नर्व्स को शांत होने में मदद मिलती है।



### भ्रामरी प्राणायाम को करने के फायदे

- भ्रामरी प्राणायाम को करने से चिंता, गुस्सा और एंजायटी से फौरन राहत मिलती है।
- जो लोग हाइपरटेंशन से परेशान रहते हैं। ये प्राणायाम उनके दिमाग को शांत करने में मदद करती है।
- माइग्रेन जैसी समस्या को भी कम करने में मदद मिलती है।
- अगर चिंता की वजह से सिर में दर्द हो रहा है तो फौरन इस प्राणायाम को करें। ये सिर दर्द से राहत देगी।
- भ्रामरी प्राणायाम याददाश्त बढ़ाने और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करती है।
- हाई ब्लड प्रेशर को भ्रामरी प्राणायाम की मदद से कम किया जा सकता है।
- मेडिटेशन करने में दिक्कत होती है तो सबसे पहले भ्रामरी प्राणायाम करें।

भ्रामरी प्राणायाम करने का तरीका

- किसी शांत, खुले, हवादार वातावरण में बैठ जाएं।
- अब आंखें बंद कर लें।
- दोनों हाथों की पहली उंगली को कानों और गाल के बीच मौजूद कार्टिलेज यानी उभरी हुई हड्डियों पर रखें।
- उंगलियों से हल्का सा दबाते हुए मुंह से आवाज निकालें।
- उंगलियों को बार-बार दबाएं और हटाएं। साथ ही मुंह से मधुमक्खी जैसा साउंड निकालते रहें।
- ये साउंड बंद मुंह से निकलेगा।
- दस-बीस सेंकड करने के बाद शांत हो जाएं और सामान्य अवस्था में लौट आएं।



# बच्चे को हेल्दी और टेस्टी खाना खिलाएं

### बचपन से ही खिलाएं

6 महीने के बाद से बच्चे को अनाज खाने की इजाजत मिल जाती है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स बच्चे को हर चीज का टेस्ट कराएं। वैराइटी फलों के साथ ही वैराइटी सब्जियां और खाने को ट्राई करवाएं। छोटे बच्चे नई चीजों को देखकर मुंह में डालते हैं और टेस्ट लेते हैं। ऐसे में बचपन से ही उन्हें टेस्ट का ज्ञान हो जाएगा।

### बच्चे करते हैं नकल

अगर पैरेंट्स ही हेल्दीऔर न्यूट्रिशयस फूड्स खाने से बचेंगे तो बच्चे को कैसे खिलाएंगे। इसलिए जरूरी है कि अपने बच्चे के लिए रोल मॉडल बनें। जो भी खाना आप खाएंगे बच्चे उसे खाने की जिद करेंगे। इसलिए बच्चों के साथ बैठकर ग्रेन, फ्रूट्स, वेजिटेबल्स खाएं। जिससे बच्चे आपकी नकल उतारें।

### बच्चों को कराएं ग्रासरी शॉपिंग

बच्चों के साथ लेकर ग्रासरी शॉपिंग के लिए जरूर जाएं। जिससे बच्चे रंग-बिरंगी सब्जी और फ्रूट्स को देखकर अट्रैक्ट। अपने मन से उन्हें फ्रूट्स या सब्जी उठाने को बोलें जो उन्हें पसंद हो। इससे वो फूड्स की तरफ कनेक्ट होंगे।

### घर में ना खिलाएं जंकफूड

बच्चों को हाइजीन के चक्कर में अक्सर मांए घर में ही जंकफूड बनाकर खिलाने लगती है। ये सबसे खराब तरीका है बच्चों की ईटिंग हैबिट बिगाड़ने का। इससे बच्चों को पता चल जाता है कि जंकफूड्स वगैरस घर में भी आसानी से मिल सकते हैं और वो हेल्दी चीजों को बिल्कुल नहीं खाते। उन्हें घर में जंकफूड बिल्कुल ना दें और केवल हेल्दी फूड्स के ही ऑप्शन दें। जिससे वो भूख लगने पर कुछ ना कुछ जरूर खाएगा।

### खाने का टाइम फिक्स करें

बच्चे के नाश्ते, लंच, डिनर, स्नैक्स का टाइम फिक्स करके रखें। जिससे उन्हे पर्याप्त मात्रा में और सही तरीके का भोजन खिलाया जा सके।

### धैर्य रखें

बच्चों को खाना खिलाते वक्त धैर्य रखें। धीरे-धीरे ही सही पर वो हेल्दी चीजों को खाना शुरू कर देंगे। बस थोड़ा धैर्य रखें क्योंकि बच्चे एक बार में ही सारी चीजों को नहीं खाने लगेंगे।

# क्रीमी मशरूम की सब्जी



**सामग्री :**

200 ग्राम मशरूम, तेल, बारीक कटा लहसुन 8-10 कली, काली मिर्च कुटी हुई, फ्रेश क्रीम एक कप बटर, प्याज बारीक कटा हुआ, जायफल का पाउड एक चुटकी, बारीक कटी धनिया, गरम मसाला

**बनाने की विधि**

-सबसे पहले मशरूम को धोकर काट लें।
-अब किसी पैन में तेल डालकर गर्म करें।
-जब तेल गर्म हो जाए तो उसमे बटर डाल दें।
-8-10 कली लहसुन की कलियों को बारीक काट लें।
-बटर और तेल का मिक्सचर जब गर्म हो जाए तो लहसुन डालकर सुनहरा कर लें।
-अब तीन से चार प्याज को बारीक काट लें। और गर्म तेल में डालें।
-जब प्याज अच्छी तरह से सुनहरा हो जाए तो इसमे मशरूम डालकर फ्राई कर लीजिए।
-साथ में कुटी काली मिर्च, गरम मसाला डालकर मिक्स करें।
-नमक स्वादानुसार डालें और साथ में फ्रेश क्रीम डाल दें।
-जायफल घिस कर एक चुटकी डालें। बस अच्छी तरह से मिक्स करें और ऊपर से बारीक कटी धनिया से सजाएं।

# अचार में फंगस से बचाने के तरीके

**ज्यादातर लोग खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए अचार डालते है, लेकिन कभी-कभी अचार डालने के कुछ समय बाद इसमें फंगस लग जाती है। जिससे उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान है तो चिंता न करें। क्योंकि आज हम आपको कुछ उपायों के बारे में बताएंगे जिन्हें अपनाकर आप अचार को फंगस लगने से बचा सकते हैं। तो चलिए जानते है उनके बारे में।**



### इन बातों का रखें ध्यान

अगर आप अचार डाल रहे है तो इस बात का ध्यान रखें कि अचार में तेल ज्यादा मात्रा में डालें। क्योंकि अचार में तेल पर्याप्त मात्रा में न होने के कारण यह जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं अचार बनाते समय इस्तेमाल किए जाने वाले बर्तन अगर साफ न हो तो इसमें फफूंद लगने की संभावना बनी रहती है। अचार में इस्तेमाल होने वाले फलों और सब्जियों के दागदार होने पर भी फंगस लग सकता है।

### अचार भरने में बरतें सावधानी

अचार को लंबे समय तक चलाने के लिए इसे चीनी मिट्टी या कांच के बर्तन में डालें। स्टील के बर्तन और प्लास्टिक के डिब्बों में अचार स्टोरेज करने से बचें। वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक के जार में अचार रखना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता।

### सामग्री की मात्रा का रखें ध्यान

अचार में डाले जाने वाले मसालों की मात्रा सही होनी चाहिए। अचार के मसालों में नमी रह जाने से भी अचार जल्दी खराब हो सकता है। इसीलिए अचार बनाने से मसालों को पहले थोड़ा भून लें या धूप में रखकर नमी निकाल दें। इसी तरह मीठे अचार के लिए चाश्नी सही बनानी चाहिए। नमक की मात्रा सही ना होने पर भी अचार जल्दी खराब होने का खतरा रहता है।

### ये है अचार रखने का सही तरीका

जब अचार बन जाए तो 3 दिन के लिए उसे एक साफ मलमल के कपड़े से ढककर धूप में रखें।

# प्लॉट खरीदते समय वास्तु के नियमों का रखें खास ध्यान

**वास्तु के अनुसार, घर बनवाने के लिए प्लॉट करते समय वास्तु के नियमों का जरूर पालन करना चाहिए। इन नियमों को नजरअंदाज करने पर घर की नेगेटिविटी बढ़ती है और परिजनों को जीवन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्लॉट खरीदते समय वास्तु दोषों से बचने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इससे घर में खुशहाली आएगी और सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी होगी। चलिए जानते हैं प्लॉट खरीदते समय वास्तु के किन नियमों का पालन करना चाहिए?**

जमीन का आकारः वास्तु के अनुसार, वर्गाकार या आयताकार जमीन पर मकान बनवाना बेहद शुभ होता है। यह घर के सदस्यों के सुख-सौभाग्य में वृद्धि करता है। वृत्ताकार आकार की भूमि पर घर बनाना शुभ नहीं होता है। व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए वृत्ताकार भूमि का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसी तरह से त्रिभुजाकार जमीन पर घर बनाने से धन हानि होता है और व्यक्तियों का जीवन बाधाओं से घिर जाता है।

दिशा को ना करें अनदेखाः वास्तु शास्त्र के अनुसार, जमीन खरीदते समय इस बात पर ध्यान दें कि मकान का मुख्यद्वार उत्तर या पूर्व दिशा में हो। इसके अलावा ईशान कोण यानी उत्तर पूर्व दिशा की ओर बना मकान भी बेहद शुभ माना जाता है। साथ मकान का मुख्यद्वार दक्षिण दिशा में ना हो।

ऐसी जगह ना लें जमीनः मकान बनाने के लिए भूमि खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि वहां कभी भी श्मशान ना रहा हो। साथ ही अस्पताल और पुलिस थाने के पास जमीन लेने से बचना चाहिए। ऐसा करने से घर में सुख-शांति बाधित रहती है।

प्लॉट की मिट्टीः वास्तु के अनुसार, लाल, भूरी और पीली मिट्टी पर मकान बनवाना शुभ होता है। इस मिट्टी में घर पर पेड़-पौधे आसानी से लग जाते हैं। वहीं रेतीली मिट्टी



# विराट ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**हैदराबाद।** 20 जून से शुरू होने वाली इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। कोहली ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू जर्सी पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए जिन्हें मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है।

## कोहली का टेस्ट कैरियर

विराट कोहली ने वर्ष 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने 123 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 46 .85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनके नाम 30 शतक और 31 अर्धशतक है। इसके अलावा उन्होंने 2014 से 2022 तक भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान थे और सफलता दर के मामले में वे भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। बतौर कप्तान कोहली के 68 मैचों में भारत ने 40 मैच जीते और 11 मैच ड्रॉ रहे।

## यह फैसला आसान नहीं...

विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, "सफेद जर्सी में खेलने का एक अलग ही अपनापन होता है। वो चुपचाप की जाने वाली मेहनत, वो लंबे-लंबे दिन, और वो छोटे-छोटे लम्हे जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन ये आपके दिल में हमेशा के लिए बस जाते हैं।" "हालांकि इस फ़ॉर्मेट से अलग होने का यह फ़ैसला आसान नहीं था, पर मुझे सही लगा। मैंने इस खेल को अपना सब कुछ दिया है और बदले में इसने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया, जितना मैंने कभी सोचा था। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनकर मैदान में उतरे हुए 14 साल हो गए। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे गढ़ा, मुझे निखारा, और बहुत कुछ सिखाया जो ज़िंदगी भर मेरे साथ रहेंगे।" इन शब्दों के साथ मौजूदा समय के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। विराट कोहली टी20 इंटरनेशनल से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। हालांकि वो वनडे क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

## कोहली के वो दस विराट रिकॉर्ड

1. कोहली के नाम बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्याद टेस्ट मैच जीतने के रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2014 से 2022 तक 68 टेस्ट में कप्तानी की और 40 जीते। 17 मैच ड्रॉ पर छूटे।
2. कोहली भारतीय कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक ठोकने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने 20 बार यह कारनामा अंजाम दिया।
3. विराट बतौर भारतीय कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने का कमाल किया। उन्होंने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में नाबाद 259 रन बनाए थे।
4. कोहली पुरुषों की आईसीसी टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रह चुके हैं।
5. विराट ने भारतीय कप्तान के रूप में सबसे अधिक रन जुटाए हैं। उन्होंने 68 टेस्ट में 54 .80 की औसत से 5864 रन बनाए।
6. कोहली टेस्ट में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी ठोकने वाले भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने अपने करियर में 7 दोहरे शतक जमाए।
7. विराट के नाम बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 6 बार यह कारनामा किया।
8. कोहली ने कप्तान के तौर पर लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट सीरीज जीती हैं। उन्होंने कुल 9 बार ऐसा किया।
9. विराट ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं।
10. कोहली ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाले पहले एशियाई कप्तान हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में चार मैचों की सीरीज 2-1 से जीतकर इतिहास रचा था।

## कोहली-रोहित अब सिर्फ वनडे में आएंगे नजर



भारतीय टीम के ये महान बल्लेबाज अब सिर्फ 50 ओवर के फॉर्मेट में नजर आएंगे, क्योंकि दोनों क्रिकेटरों ने सबसे पहले क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कहा। दोनों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद ही अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। उसके बाद अब इन दोनों खिलाड़ियों ने टेस्ट से भी दूरी बना ली है। रोहित ने 7 मई को अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया जबकि कोहली ने 10 मई को इसकी घोषणा की। वनडे की बात करें तो कोहली ने 302 मौच में 58 की औसत से 14,181 रन बनाए हैं, जिसमें 51 शतक और 74 अर्धशतक शामिल हैं। कोहली की सबसे बड़ी पारी 183 रनों की है। वहीं रोहित शर्मा ने 273 मैच में 49 का औसत से कुल 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक और 58 अर्धशतक शामिल है। रोहित की वनडे में सबसे बड़ी पारी 264 रनों की है।

## मिला 'चेज मास्टर' का उपनाम

विराट कोहली को टेस्ट में असल कामयाबी 2014 के ऑस्ट्रेलियाई दौरे से मिली। दरअसल, वर्ष 2014 के इंग्लैंड के असफल दौरे से जब विराट भारत लौटे तो उन्होंने अपनी बल्लेबाज़ी की तकनीक को सुधारने की ठान ली। एक तरफ उनकी आलोचना हो रही थी तो दूसरी ओर वो कड़ा अभ्यास कर रहे थे। विराट ने ख़ुद पर यकीन करना और कड़ी मेहनत को अपना मंत्र बनाया। इंग्लैंड के असफल दौरे से अगस्त में लौटे कोहली अगले चार महीने नेट्स में जम कर पसीने बहाते रहे और इसका नतीजा आया उसी साल 9 दिसंबर से शुरू हुए ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर। एडिलेड के पहले टेस्ट की दोनों पारियों में कोहली के बल्ले से शतक निकले फिर मेलबर्न में सेंचुरी जमाई। यहां से कोहली क्रिकेट के सभी तीन फ़ॉर्मेट में न केवल फिट हुए बल्कि ताबड़तोड़ रन भी बनाए और उन्हें 'चेज़ मास्टर' का उपनाम मिला।

## FIH प्रो लीग 2024-25

# 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने FIH प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम का अनावरण किया है, जो 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में होने वाला है। भारत चार प्रतिभागी टीमों-ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन में से प्रत्येक के खिलाफ दो बार खेलेगा- 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इस टीम की कप्तान मिडफील्ड डायनेमो सलीमा टेटे होंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। चुने गए डिफेंडर सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री हैं। मिडफील्ड में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान और नेहा हैं, जबकि हमलावर मिडफील्डर सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे हैं। फॉरवर्ड लाइन में दीपिका, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा हैं। स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं। लीग के भुवनेश्वर चरण में भारत का प्रदर्शन लचीलापन और सीखने के क्षणों दोनों से चिह्नित था। टीम ने दो जीत और दो ड्रॉ दर्ज किए, नौ अंक अर्जित किए और स्टैंडिंग में छठे स्थान पर रही।

उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 से जीत और एक ड्रॉ के साथ जोरदार शुरुआत की, लेकिन फिर लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा - दो स्पेन से और एक जर्मनी से। जर्मनी के खिलाफ 1-0 की वापसी जीत ने टीम को फिर से लय हासिल करने में मदद की। विश्व नंबर 1 नीदरलैंड के खिलाफ उनके अंतिम मैचों में धैर्य और विकास का प्रदर्शन हुआ। पहले गेम में 2-4 से हारने के बावजूद, भारत ने 13 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और डच को काफी दबाव में डाल दिया। अंतिम मैच में, उन्होंने नीदरलैंड को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया और शूटआउट जीत के साथ बोनस अंक हासिल किया, जिससे उनके घरेलू अभियान का शानदार अंत हुआ।

# प्रज्ञानन्दा ने अबुसत्तोरोव को मात देकर बनाई बढ़त



**बुखारेस्ट।** भारत के ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा नें ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट क्लासिक शतरंज के तीसरे राउंड में उज्बेकिस्तान के ग्रांड मास्टर अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक पर एक शानदार जीत दर्ज करते हुए यूएसए के फबियानों करूआना के साथ 2 अंक बनाते हुए सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली है। सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए प्रज्ञानन्दा नें गुन्फ़ील्ड ओपनिंग में अपने हाथी और काले रंग के ऊंट से अब्दुसत्तारोव के राजा को ऐसा फसाया की वह अंत तक इससे बाहर नहीं आ सके और 61 चालों में उन्होने हार स्वीकार कर ली। प्रज्ञानन्दा नें पहले राउंड में हमवतन डी गुकेश और दूसरे राउंड में यूएसए के फबियानों करूआना से ड्रॉ खेला था। वहीं करूआना नें फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को पराजित करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश कल एक बार फिर जीत के करीब जाकर भी आधा अंक ही हासिल कर सके, गुकेश ने सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के डेक बोगदान डेनियल के खिलाफ एक अच्छी स्थिति हासिल कर ली थी पर कुछ गलत आकलन के चलते वह अपनी बढ़त खो बैठे , एक समय तो डेक भी जीत के करीब पहुँच गए थे पर अंत में गुकेश लगातार राजा को शह देते हुए खेल ड्रॉ करने में सफल रहे।

# ऐसांगफा ने भारोत्तोलन में रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** असम की ऐसांगफा गोगोई ने रविवार को खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में लड़कियों के 55 किग्रा वर्ग की भारोत्तोलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान कुल वजन का राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया जबकि महाराष्ट्र, कर्नाटक और राजस्थान तालिका पर शीर्ष पर रहे। उन्होंने पिछले साल फिजी में मीना सांता द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड को 183 किग्रा तक पहुंचाया। असम के लिए छठा स्वर्ण पदक जीतकर ऐसांगफा ने राज्य को दो रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष 10 में जगह दिलाने में मदद की। महाराष्ट्र को योगासन खेल में अपनी ताकत दिखाने में ज्यादा समय नहीं लगा। इसके एथलीटों ने लड़कों और लड़कियों की लयबद्ध जोड़ी स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों जीते। यश खंडागले के 61 किग्रा भारोत्तोलन स्वर्ण पदक के योगदान ने अब तक स्वर्ण पदकों की सख्या 30 तक पहुंचाई। राज्य के नाम 24 रजत और 25 कांस्य पदक हैं। कर्नाटक का दल राजस्थान से आगे दूसरे स्थान पर रहा।



# ऑस्ट्रिया में वैशाली की जीत से शानदार आगाज



**ऑस्ट्रिया।** 2024/2025 फाIDE महिला ग्रां प्री के अंतिम चरण की शुरुआत भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू के शानदार प्रदर्शन से हुई। पहले राउंड में वैशाली ने बुल्गारिया की नुर्ग्यूल सालिमोवा को हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। कुल दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में वैशाली भारत की एकमात्र प्रतिनिधि हैं और यह उनका ग्रां प्री श्रृंखला का तीसरा और अंतिम टूर्नामेंट है। पहले राउंड में वैशाली ने काले मोहरों से खेल रहीं सालिमोवा के खिलाफ संतुलित शुरुआत के बाद धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनाते हुए अपने क्वीनसाइड के प्यादों से दबाव बनाना शुरू किया। समय प्रबंधन और काले खानो के नियंत्रण में उनकी बढ़त निर्णायक साबित हुई और उन्होंने मात्र 35 चालों में जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में मेज़बान ऑस्ट्रिया की ओल्गा बडेल्का ने पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को चौंकाते हुए शानदार जीत हासिल की। वहीं चीन की पूर्व विश्व विजेता तान झोंगयी ने एक लंबे और संघर्षपूर्ण मुकाबले में झू जिनर को मात दी। पहले राउंड के बाद वैशाली, तान झोंगयी और ओल्गा बडेल्का 1-1 अंक के साथ बढ़त पर हैं।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय-ए टीम का एलान जल्द



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भले ही फिलहाल आईपीएल 2025 को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहा हो, लेकिन पर्दे के पीछे कुछ और ही चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक तरफ जहां बोर्ड आईपीएल को फिर से शुरू करने की तैयारी में व्यस्त है, वहीं चयनकर्ता भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे को लेकर तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि भारत से पहले भारतीय-ए टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी और उसके लिए 13 मई को टीम का एलान हो सकता है। इस दौरान भारत ए की टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ लाल गेंद से मैच खेलेगी। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि हो सकता है कि भारतीय-ए टीम का चयन हो भी चुका हो, लेकिन कुछ खिलाड़ियों की पुष्टि का इंतजार कर रहे हों। इसकी भी पूरी संभावना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चुने जाने वाले कुछ खिलाड़ियों को भारतीय ए टीम के साथ इंग्लैंड भेजा जाएगा। फिर उन्हें सीनियर टीम में ड्राफ्ट किया जाएगा। कुछ खिलाड़ियों के लिए प्रदर्शन टीम में शामिल होने का आधार बनेगी, तो कुछ को अभ्यास के लिए भेजा जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने से पहले छह मई को मुंबई के क्रिकेट सेंटर में चयनकर्ताओं की एक बैठक हुई थी और चयनकर्ताओं ने उसी दिन भारत ए टीम का चयन करने का फैसला कर लिया होगा। इसकी घोषणा 13 मई को होने की उम्मीद है, जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन कप्तानी के लिए मुख्य दावेदार होंगे। भारत ए को तीन मैच खेलने हैं जिसमें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 30 मई से दो जून और छह से नौ जून तक मैच और एक मैच सीनियर भारतीय टीम (13 से 16 जून) के खिलाफ शामिल है। नए कप्तान के साथ भारत की सीनियर टीम का चयन अगले हफ्ते तक होने की उम्मीद है। जाहिर है कि चयनकर्ताओं के लिए भारत ए टीम चुनना आसान काम नहीं रहा होगा, क्योंकि आईपीएल स्थगित होने से समस्याएं और बढ़ गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने चयनकर्ताओं को उन खिलाड़ियों को चुनने की सलाह दी है जो आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं या फिर उनकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हो या फिर होने वाली हो। रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआती टीम में चयन की दौड़ में ईश्वरन के अलावा तनुष कोटियान, बाबा इंद्रजीत, आकाश दीप, करुण नायर भी शामिल हैं। ध्रुव जुरेल और नीतीश रेड्डी शुरू में ए टीम का हिस्सा होंगे और बाद में उन्हें सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है। ईशान किशन के नाम पर विचार किया जाएगा या नहीं, इस बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं है। जुरेल और ऋषभ पंत के सीनियर टीम में होने से किसी भी टीम में उनके चयन की संभावना की गारंटी नहीं है। 2023-24 रणजी ट्रॉफी सीजन के शीर्ष स्कोरर आंध्र के रिकी भुई के चुने जाने की संभावना नहीं है।

# बरेली ताइक्वांडो स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन





**बरेली।** जिले में एक दिवसीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी हॉल में रविवार को किया गया। इसमें बरेली ताइक्वांडो स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। एएसआर अकादमी और स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी क्रमवार दूसरे व तीसरे पायदान पर रहीं। सब जूनियर (10 से 12 साल), जूनियर, कैडेट (12 से 14 वर्ष) और (14 से 17 वर्ष) वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न अकादमी और स्कूलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने अमर उजाला की पहल की सराहना की। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रखने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि इस पहल के लिए मैं बधाई देता हूं। इससे प्रतिभागियों को न सिर्फ आत्मबल मिलेगा, बल्कि वह अपनी सुरक्षा करने में भी सक्षम होंगे। खास तौर से लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए यह विधा बहुत जरूरी है। उन्होंने विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत दिया। रेफरी और कोच को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अंडर 27 भार वर्ग में सैक्रेड हार्ट्स स्कूल के वसीम रजा खान ने स्वर्ण, सोबतीस पब्लिक स्कूल के अदविक श्रीवास्तव ने रजत व सैक्रेड हार्ट्स स्कूल के रतन सिंह ने रजत पदक जीते। अंडर 23 में बरेली ताइक्वांडो स्कूल के इंद्रजीत को स्वर्ण, सैक्रेड हार्ट्स स्कूल के सौरभ राघव को रजत, राठौर अकादमी के अंकित सिंह व स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी के अधिराज सिंह को कास्यं पदक मिले। अंडर 25 में बरेली ताइक्वांडो स्कूल के रुद्र प्रताप को स्वर्ण, जिंगल बेल्स स्कूल के आरुद्ध गंगवार को रजत, ताइक्वांडो अकादमी के प्रियांश कुमार चंदन व इनफिनिटी ताइक्वांडो अकादमी के युवांश कुमार को कांस्य पदक मिले।

# विश्वनाथन आनंद का मुकाबला फॉस्टिनो ओरो से



**इटली।** पाँच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद आगामी जून में इटली में आयोजित होने जा रहे प्रतिष्ठित शतरंज समारोह "चेस रोड्स" के मुख्य आकर्षण होंगे। यह आयोजन 2 से 15 जून तक ला वर्सिलियाना, पिएत्रासांता में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एशिया और यूरोप के 40 दुर्लभ और ऐतिहासिक शतरंज सेट प्रदर्शित किए जाएंगे। इस आयोजन का सबसे बहुप्रतीक्षित क्षण 1 जून को होगा, जब आनंद का मुकाबला 11 वर्षीय अर्जेंटीनी चमत्कार बालक फॉस्टिनो ओरो से होगा। यह मुकाबला "पीढ़ियों की टक्कर" के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है और इसका सीधा प्रसारण भारत में किया जाएगा, जिससे दुनिया भर के लाखों दर्शक इसे देख सकेंगे। इस मुकाबले का ऐतिहासिक महत्व भी है। फॉस्टिनो ओरो का जन्म अक्टूबर 2013 में हुआ था, और उस समय तक विश्वनाथन आनंद पहले ही पाँच बार विश्व चैम्पियन बन चुके थे—वर्ष 2000, 2007, 2008, 2010 और 2012 में। उस दौर में आनंद विश्व चैंपियनशिप में मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा की तैयारी कर रहे थे। आनंद का करियर आधुनिक शतरंज के इतिहास में एक मील का पत्थर है। तेज़ गति और गहरी समझ के लिए जाने जाने वाले आनंद तीनों प्रारूपों—नॉकआउट, टूर्नामेंट और मैच—में विश्व खिताब जीतने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं। वे भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों के प्रेरणास्त्रोत हैं। दूसरी ओर, फॉस्टिनो ओरो को अर्जेंटीना में शतरंज का मेस्सी कहा जाता है। उन्होंने 2024 में मात्र 10 वर्ष की उम्र में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब हासिल कर इतिहास रच दिया।



# कारगिल युद्ध में पाकिस्तानियों ने की थी माधुरी की डिमांड

## कहा 'हम कश्मीर छोड़ देंगे...'

भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर और आतंकवाद को लेकर कई युद्ध हुए हैं। आज हम आपको कारगिल युद्ध के समय हुई एक घटना के बारे में बता रहें हैं। भारत-पाक के बीच साल 1999 में कारगिल का युद्ध हुआ था। इस युद्ध में पाकिस्तानियों ने कश्मीर के बदले भारत की टॉप एक्ट्रेस की डिमांड रखी थी।

माधुरी दीक्षित का जन्म जन्म 15 मई 1967 को मुंबई में हुआ था। माधुरी एक मराठी ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। इनके परिवार में इनके अलावा दो बड़ी बहनें और एक भाई भी हैं। माधुरी ने फिल्म 'अबोध' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म तो फ्लॉप हुई लेकिन एक्ट्रेस की एक्टिंग की बहुत तारीफ की गई। एक्ट्रेस ने अपनी शानदार एक्टिंग से लोगों और मेकर्स का दिल जीत लिया। माधुरी दीक्षित देखने में बेहद खूबसूरत हैं। अपने करियर के शुरुआत में वो और भी जवान और हसीन लगती थीं। एक्ट्रेस के हुस्न के कई दीवाने थे। एक्ट्रेस की चुलबुली अदा और नजाकत सबको आकर्षित करती थीं। एक्ट्रेस की हल्की प्यारी सी मुस्कान दिलों पर बिजलियां गिराने का काम करती थी। एक्ट्रेस का जलवा न सिर्फ भारत बल्कि पाकिस्तान में भी खूब था। इनकी फिल्मों को वहां के लोग भी पसंद करते थे। पाकिस्तान के लड़के एक्ट्रेस के दीवाने थे। माधुरी की पोस्टर भी वो अपने यहां घरों में रखते थे। भारत से लेकर पाकिस्तान तक के लोग एक्ट्रेस को देखने के लिए तरसते थे।

भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल के युद्ध में पाकिस्तानियों ने कहा कि 'हम कश्मीर छोड़ देंगे अगर तुम हमें माधुरी दीक्षित दे दो'। एक्ट्रेस की चाहत बॉर्डर पार के लोगों में भी बहुत थी। पाकिस्तान के लोग माधुरी के बदले कश्मीर देने को भी तैयार थे।

# विराट-अनुष्का की कब हुई पहली मुलाकात?

बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने इंडियन क्रिकेटर्स से शादी की, इस लिस्ट में अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की शादी को एक लंबा वक्त हो चुका है। हम आपको यहां बता रहे हैं कि इनकी लव स्टोरी, मैरीड लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में।

## क्रिकेटर की कौन सी बात ने जीता एक्ट्रेस का दिल



बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और क्रिकेटर्स को अक्सर ही एड फिल्मों में देखा जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक शैंपू का एड विराट और अनुष्का ने किया था। यही इनकी पहली मुलाकात थी, इसके बाद ही डेटिंग शुरू हुई। कुछ साल डेट करने के बाद साल 2017 के दिसंबर माह में अनुष्का और विराट शादी के बंधन में बंध गए। 11 जनवरी 2021 को अनुष्का ने बेटी वामिका को जन्म दिया, वहीं 15 फरवरी 2024 में बेटे अकाय को जन्म दिया। इन दिनों अनुष्का फिल्मों से दूर अपने बच्चों की परवरिश में पूरा समय दे रही हैं, विराट भी परिवार के साथ ही अधिक समय गुजारते हैं।

### डेटिंग के वक्त विराट की कौन सी बात आई पसंद

विराट को जब अनुष्का शर्मा डेट कर रही थी तो उस दौरान एक खास बात उन्हें क्रिकेटर की पसंद आई। अनुष्का ने साल 2023 में इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स से जुड़े एक इवेंट में कहा था, 'डेटिंग करने से पहले मुझे विराट की एक बात अच्छी लगी, वो थी इसकी याददाश्त। मुझे लगा ये बात मेरे लिए काफी मददगार होगी।' विराट कोहली की अच्छी याददाश्त के कारण ही अनुष्का उनके करीब आईं।

### विराट की जिंदगी में क्या बदलाव आए

सिर्फ अनुष्का शर्मा की ही जिंदगी विराट के कारण नहीं बदली। विराट की जिंदगी में भी कई बदलाव अनुष्का शर्मा के कारण आए। साल 2020 में दिए गए एक इंटरव्यू में विराट ने कहा, 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तब आपको अपने ईगो को छोड़ना होता है। मुश्किल वक्त में डटे रहना पड़ता है, लगातार स्ट्रगल करते रहना पड़ता है, आखिर में आपको कोई रास्ता मिल ही जाता है। मैंने अनुष्का को ऐसा करते देखा और उससे यही बात सीखी भी है।'

# 'कटरीना कैफ बना दूंगा लेकिन इसके बदले में मुझे...'

## स्ट्रगल के दिनों को याद कर छलका था नोरा फतेही का दर्द

बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्म में अपने डांस का जलवा दिखा चुकीं नोरा फतेही आज के समय किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह अब ना सिर्फ डांसिंग से बल्कि अपनी एक्टिंग से भी लोगों का ध्यान खींच रही हैं। 33 साल की नोरा फतेही के लिए इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं रहा है। इसके लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने एक बार अपने करियर के शुरुआती दिनों को लेकर बात की थी और उनकी कहानी सुनकर उनके तमाम चाहने वाले फैंस इमोशनल हो गए थे। आइए जानते हैं कि नोरा ने स्ट्रगल के दिनों में क्या सहा है।

नोरा फतेही कनाडा की रहने वाली हैं और उन्होंने भारत आकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम किया। वह आज के समय में काफी पॉपुलर हैं। लेकिन नोरा फतेही के यहां तक का सफर काफी कठिन रहा है।

33 साल की नोरा फतेही ने एक बार अपने करियर के शुरुआत दिनों को याद करते हुए बताया था कि लोग उन्हें कटरीना कैफ बनाने की बात करते थे। इसके बदले में उनसे फेवर मांगते थे। नोरा फतेही ने काफी स्ट्रगल किया है।

नोरा फतेही ने इंटरव्यू के दौरान के अपने स्ट्रगल के दिनों पर बात करते हुए कहा था, 'जब मैं कनाडा से मुंबई आई तो सिर्फ 22 साल की थी। अगर आज कोई मेरे लिए कुछ काम लेकर आता तो मैं उससे पूछती हूं कि तुम मुझे काम क्यों दे रहे हो। तुम्हें मुझसे क्या चाहिए। इस दौरा में कोई भी किसी के लिए फ्री में कुछ नहीं करता है, लेकिन तब ऐसा नहीं था।'

नोरा फतेही ने आगे बताया, 'करियर के शुरुआती दिनों में मेरे पास कोई आता था तो मैं सोचती थी कि इसे भगवान ने मेरे लिए भेजा है। मैंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में कई बेवकूफ लोगों को फॉलो किया और उनमें से कोई लोगों ने मुझसे सीधे फेवर मांगा।'

नोरा फतेही ने बताया, 'कई लोगों ने यहां तक कहा कि मैं तुम्हें बॉलीवुड की अगली कटरीना कैफ बना दूंगा लेकिन इसके बदले में मुझे क्या मिलेगा।' इस तरह से नोरा फतेही को अपने करियर के शुरुआती दिनों में काफी सीख मिली।

नोरा फतेही ने साल 2014 में इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कदम रखा था। इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा है। नोरा फतेही ने 'बाहुबली', 'किक 2', 'सत्यमेव जयते', 'स्त्री', 'भारत', 'बाटला हाउस' जैसी फिल्मों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है।



# शाह रुख खान की किंग में हुई इस वर्सेटाइल एक्टर की एंट्री!

निर्देशक सिद्धांत आनंद की मोस्ट अवेटेड मूवी किंग शाह रुख खान की अगली फिल्म होने वाली है। इस एक्शन थ्रिलर में शाह रुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी पर्दे पर दिखाई देंगी। समय-समय पर किंग की स्टार कास्ट को लेकर तरह-तरह की रिपोर्ट्स सामने आई हैं। अब खबर आ रही है कि किंग फिल्म में हिंदी सिनेमा के एक दिग्गज अभिनेता की एंट्री हो गई है, जो 30 साल बाद शाह रुख खान के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेगा। आइए जानते है कि वो बॉलीवुड एक्टर आखिर कौन है। शाह रुख खान की किंग को लेकर लंबे समय से चर्चाओं को बाजार गर्म बना हुआ है। कभी इसकी शूटिंग शेड्यूल तो कभी स्टार कास्ट का मुद्दा सुर्खियां बटोरता है। अब टेली चक्कर की एक रिपोर्ट में किंग के नए कलाकार की सूचना सामने आई है। खबर के मुताबिक किंग में बॉलीवुड के वर्सेटाइटल एक्टर अनिल कपूर अहम किरदार निभाते हुए नजर आ सकते हैं। इस खबर के सामने के बाद शाह रुख खान की किंग की स्टार कास्ट की तरफ पर एक नजर डाली जाए तो उसमें अब अरशद वारसी, सुहाना खान और अनिल कपूर का नाम शामिल होता दिख रहा है।



# नयनतारा की पहली फिल्म का टीजर रिलीज

साउथ अभिनेत्री नयनतारा बतौर निर्माता अपनी फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' लेकर आ रही हैं। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन और लेखन नयनतारा के पति विग्नेश शिवन ने किया है। जानिए कब रिलीज होगी यह एक्शन कॉमेडी फिल्म...



### नयनतारा का इंस्टाग्राम पोस्ट

नयनतारा ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के साथ नयनतारा ने फिल्म LIK की एक झलक दिखाई और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'आओ प्यार में पड़ें, इस त्यौहार के मौसम में... प्यार के त्यौहार का जश्न मनाने के लिए 18 सितंबर को आप सभी से मिलते हैं।'

### फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' की स्टार कास्ट

'लव इंश्योरेंस कंपनी' (LIK) एक साइंस फिक्शन रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे राउडी पिक्चर्स और सेवन स्क्रीन स्टूडियो ने मिलकर बनाया है। फिल्म में प्रदीप रंगनाथन, एसजे सूर्या और कृति शेट्टी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। इन सभी के अलावा फिल्म में योगी बाबू, गौरी जी किशन, मिस्किन, सीमन, आनंदराज, सुनील रेड्डी और शाह रा सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### फिल्म की कहानी

फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' की कहानी काफी इंट्रेस्टिंग हैं, यह फिल्म एक आदमी के प्यार की तलाश की है। वह अपने प्यार की तलाश में एक मोबाइल गैजेट के सहारे साल 2035 के सफर पर चला जाता है। यानी अपने प्यार को पाने के लिए वह आदमी टाइम ट्रेवल करता है। यह फिल्म 18 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मौनी को लुक पर झेलनी पड़ी ट्रोलिंग

## नेटिजेंस बोले- प्लास्टिक क्यों पहना-क्या उर्फी ने किया डिजाइन



मौनी रॉय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द भूतनी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच मौनी ने अपना लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसे लेकर उन्हें अब ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। नेटिजेंस लगातार मौनी से सवाल कर रहे हैं और पूछ रहे हैं। एक नेटिजेन ने कहा- ओवर एक्टिंग की दुकान, तो किसी ने कहा उर्फी ने डिजाइन किया है क्या?, तो किसी ने कहा यह प्लास्टिक बैग क्यों पहना है।

### मौनी रॉय का इंस्टाग्राम पोस्ट

मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर ग्रीन रंग की शाइनिंग सिंगल ड्रेस में अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया है, जिसमें वह पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मौनी का लुक उनके फैंस को पसंद आ रहा है, लेकिन यह लुक नेटिजेंस को कुछ खास लुभा नहीं रहा है। इस लुक के साथ मौनी ने कैप्शन में लिखा, 'हरे रंग की इस छाया के साथ एक चेतावनी लेबल आना चाहिए।'

### फैंस की प्रतिक्रिया


मौनी के इस लुक को उनके फैंस जहां बढ़-चढ़कर पसंद कर रहे हैं। कुछ फैंस उनके इस लुक को सुंदर बता रहे हैं तो वहीं कुछ उन्हें इस लुक के लिए ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सर्जरी क्वीन', एक और यूजर ने लिखा, 'प्लास्टिक के कपड़े', एक और यूजर ने लिखा, 'उर्फी ने डिजाइन किया है क्या', एक और यूजर ने 'बहुत अजीब लग रहा है....ऐसा लग रहा है, कार जा सीट कवर फाड़ के पहन लिया', एक और यूजर ने लिखा, 'ये छतरी वाले रेशेदार कपड़े पहनने के लिए नहीं मिलते हैं', एक और यूजर ने लिखा, 'तुमने इतना बड़ा प्लास्टिक बैग क्यों पहना हुआ है'।

# मिस्टर एंड मिस सीनियर पेजेंट इंडिया-2025 एक जश्न



मिस्टर एंड मिस सीनियर पेजेंट इंडिया 2025 का ग्रैंड फिनाले बीती शाम बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। पीच इवेंट्स द्वारा प्रस्तुत और रेखा देसाई द्वारा क्यूरेट किया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन 55 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों को समर्पित था, जो उम्र और सुंदरता से जुड़ी रूढ़ियों को तोड़ता है। चार दिन के इंटेंसिव ग्रूमिंग सेशन के बाद, जो इंडस्ट्री एक्सपर्ट शाकिर शेख द्वारा आयोजित किया गया था, फाइनलिस्ट्स ने मंच पर टैलेंट राउंड और प्रश्नोत्तर सत्र सहित कई राउंड में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और जीवन के अनुभवों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला कैटेगरी की विजेता मिस पूनम प्रतिभा शर्मा फर्स्ट रनर-अपः मिस रेखा शाह, सेकंड रनर-अपः मिस किरण खुराना रहीं, वहीं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जूरी पैनल ने, जिसमें शामिल थे अल्पना बुच (अनुपमा फेम), सुझाता मेहता, संजय चेल, दीपक तिजोरी और चिराग बंबोट। साथ ही मनोज जोशी, अधिवक्ता अमित मेहता, अभिनेत्री मनमीत कौर, कास्टिंग डायरेक्टर मनप्रीत रायट, अभिनेत्री मनप्रीत कौर, हरनीत कौर, सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट निशांक सैनानी और परफेक्ट वुमन मैगज़ीन की एडिटर डॉ. खुशी ठक्कर जैसे विशिष्ट अतिथियों ने भी अपनी उपस्थिति से इस शाम को खास बना दिया। इस आयोजन में ब्राइट आउटडोर मीडिया ने आउटडोर मीडिया पार्टनर के रूप में, नुसारा ने फूड पार्टनर के रूप में, बालाजी ने डिजिटल पार्टनर के रूप में, बायएयर ने ट्रैवल पार्टनर के रूप में, हेम अगरबत्ती और किलर ने गिफ्टिंग पार्टनर के रूप में, और डर्मा डिज़ाइन बाय नौशीन ज़ेरी ने स्किन पार्टनर के रूप में सहयोग किया। कार्यक्रम का प्रोडक्शन मुनजल थीम्स द्वारा बखूबी संभाला गया। यह अविस्मरणीय शाम इस बात का प्रमाण थी कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। आइए, ऐसे और आयोजनों की कामना करें जो आत्मविश्वास, गरिमा और जीवन के उत्सव को मंच प्रदान करें!

# प्रियंका ने सैफ अली खान के लाडले को दी क्या सलाह?



फिल्म 'नादानियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले एक्टर इब्राहिम अली खान फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। अपनी पहली फिल्म के बाद इब्राहिम को मिले-जुले रिएक्शन्स मिले। इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकारों ने इब्राहिम को सलाह दी। ऐसा ही एक संदेश ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा की तरफ से भी सैफ के लाडले को मिला। इब्राहिम ने अब एक इंटरव्यू में इसका जिक्र किया है।



इंटरव्यू में अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए इब्राहिम ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म देखने के बाद उन्हें एक मैसेज भेजा। इब्राहिम ने कहा, 'प्रियंका ने मैसेज भेजा कि उन्हें मेरी फिल्म पसंद आई है और मेरा भविष्य काफी ब्राइट है।' आगे बात करते हुए इब्राहिम ने कहा, 'उन्होंने मुझे कहा कि बस ऐसे ही मेहनत करते रहो और हमेशा ऐसे ही आगे बढ़ते रहना। प्रियंका जैसी सुपरस्टार से ये बात सुनना मेरे लिए काफी प्रेरणादायक था। इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला।'

### एक्टिंग को करियर क्यों चुना?

इब्राहिम ने बताया कि उन्हें बहुत कम उम्र से ही फिल्मों की दुनिया को करीब से देखा है। वो अक्सर अपने पिता के साथ सेट पर जाया करते थे और वहीं से उनके दिल में अभिनय का बीज पड़ा। हालांकि, एक्टिंग को करियर के रूप में लेने का फैसला उन्होंने खुद की इच्छा से लिया और इस पर कोई बाहरी दबाव नहीं था।